आश्विन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 04:56 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 17 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 68, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चांद की सतह में दबे हैं बर्फ के विशाल भंडार 16
रकुल ने दिखाया समर्पण, खराब तबीयत में किया काम 15

## केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई फैसले, रबी की छह फसलों में 130 से 300 रुपये तक की वृद्धि

# गेहूं का एमएसपी 2425 रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

- गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 150 रुपये बढ़ाया

सरकार ने बुधवार को 2025-26 के विपणन सत्र के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को 150 रुपये बढ़ाकर 2,425 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। यह कदम प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले उठाया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाले विपणन सत्र 2025-26 के लिए छह रबी फसलों के एमएसपी में 130 रुपये से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक की वृद्धि की मंजूरी दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा खरीफ फसलों की तरह, रबी फसलों के लिए एमएसपी में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि गेहूं का नया एमएसपी उत्पादन लागत से 105 प्रतिशत अधिक है, जो एक बड़ी बात है।

सरकार ने रैपसीड और सरसों बीज के लिए एमएसपी भी 300 रुपये बढ़ाकर 5,950 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया, जिसका उद्देश्य घरेलू तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देना और खाद्य तेल आयात को कम करना है। कुसुम का समर्थन मूल्य 2025-26 के लिए 140 रुपये बढ़ाकर 5,940 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया, जो पिछले सत्र में 5,800 रुपये प्रति क्विंटल था। दलहन के मामले में, मसूर का समर्थन मूल्य 275 रुपये बढ़ाकर 6,700 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया, जबकि चने का एमएसपी 210 रुपये बढ़ाकर 2025-26 के लिए 5,650 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया। जौ का समर्थन मूल्य वर्ष 2025-26 के लिए 130 रुपये बढ़ाकर 1,980 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया, जो पिछले सत्र में 1,850 रुपये प्रति क्विंटल था। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली जैसे राज्य चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, वैष्णव ने एमएसपी बढ़ोतरी और आगामी चुनावों के बीच किसी भी तरह के संबंध की बात को खारिज करते हुए कहा कि इस तरह की घोषणाएं आमतौर पर इसी समय होती हैं। मंत्री ने कहा कि किसानों में सरकार के प्रति अच्छी भावना है। उन्होंने किसानों के जीवन में आए परिवर्तनकारी बदलावों का हवाला दिया। एमएसपी में की गई बढ़ोतरी वर्ष 2018-19 के केंद्रीय बजट की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसमें अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत का कम से कम 1.5 गुना समर्थन मूल्य निर्धारित करने की बात कही गई थी। सरकार को उम्मीद है कि इस बढ़ोतरी से किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा और फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा।



मंत्रीमंडल मंडल के फैसलों की जानकारी देते केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव।

### केंद्रीय कर्मचारियों, पेंशनधारकों का महंगाई भत्ता 3 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते (डीए) में तीन प्रतिशत की वृद्धि की बुधवार को घोषणा की। यह एक जुलाई, 2024 से प्रभावी होगी। इससे दिवाली त्योहार से पहले एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों तथा पेंशनभोगियों को लाभ होगा। मंत्रिमंडल ने दिवाली से पहले केंद्र सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) में उनके मूल वेतन/पेंशन पर तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की मंजूरी दी है। इससे पहले मार्च में सरकार ने एक जनवरी, 2024 से डीए/डीआर को चार प्रतिशत अंक बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था। मंत्री ने कहा कि डीए बढ़ोतरी अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-औद्योगिक श्रमिकों के 12 महीने के औसत पर आधारित है। डीए/डीआर में वृद्धि से सरकारी खजाने पर 9,448 करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। यह वृद्धि स्वीकृत सूत्र के तहत है जो सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। इससे करीब 49.18 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों और 64.89 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

### किसानों का जीवन और आसान होगा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सीसीईए की ओर से विपणन सत्र 2025-26 के लिए सभी अधिदेशित रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दिए जाने से किसानों का जीवन और आसान होगा। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा अपने किसान भाई-बहनों के कल्याण के लिए हम निरंतर बड़े फैसले लेने में जुटे हैं।



### एमएसपी में वृद्धि का निर्णय सराहनीय

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पर लिखा कि अन्नदाता किसानों के कल्याण के लिए सतत समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दृढ़ नेतृत्व में कृषि क्षेत्र को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर किया है। इस क्रम में आज केंद्रीय कैबिनेट द्वारा रबी विपणन सीजन 2025-26 के लिए रबी फसलों गेहूं, जौ, चना, मसूर, रेपसीड और सरसों, कुसुम के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि का निर्णय अत्यंत अभिनंदनीय है।



### पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के लिए 35 हजार करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली।** सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के इरादे से बुधवार को पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) के लिए 35,000 करोड़ रुपये मंजूर किए। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। इसका उद्देश्य किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करना और उपभोक्ताओं के लिए बाजार मूल्य को स्थिर करना है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को फसलों की कटाई के समय जल्दबाजी में आकर अपनी फसल बेचने से रोकना है। इससे दलहन, तिलहन और अन्य जरूरी कृषि एवं बागवानी वस्तुओं के उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, किसानों की आय बढ़ेगी और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी।

# वीआईपी सुरक्षा अब सीआरपीएफ के हवाले

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने एनएसजी कमांडो को हटाने का आदेश दिया



केंद्र सरकार ने वीआईपी सुरक्षा से आतंकवाद निरोधी कमांडो बल एनएसजी को पूरी तरह हटाने और अत्यंत जोखिम वाले नौ अति महत्वपूर्ण लोगों (वीआईपी) की सुरक्षा अगले महीने तक सीआरपीएफ को सौंपने का आदेश दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

गृह मंत्रालय ने विशेष रूप से प्रशिक्षित जवानों की एक नई बटालियन को सीआरपीएफ के वीआईपी सुरक्षा प्रकोष्ठ के साथ जोड़ने की स्वीकृति भी दी है। इस बटालियन को हाल में संसद सुरक्षा से हटाया गया था। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के ब्लैक कैट कमांडो द्वारा संरक्षित जेड प्लस श्रेणी के नौ वीआईपी लोगों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा अध्यक्ष मायावती, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, भाजपा नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद, एनसी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू हैं, जिन्हें अब सीआरपीएफ का सुरक्षा घेरा प्रदान किया जाएगा।

### राजनाथ और योगी आदित्यनाथ को उन्नत सुरक्षा संपर्क प्रोटोकॉल

सूत्रों के अनुसार, इन नौ वीआईपी में से दो को सीआरपीएफ द्वारा दिया जाने वाला उन्नत सुरक्षा संपर्क (एएसएल) प्रोटोकॉल भी प्रदान किया जाएगा। इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ हैं। एएसएल में वीआईपी के आगामी दौरे वाले स्थान की पहले से जांच की जाती है। सीआरपीएफ देश में पांच वीआईपी के लिए इस तरह का प्रोटोकॉल अपनाता है, जिनमें गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और गांधी परिवार के तीन कांग्रेस नेता शामिल हैं।

## एक नजर

### निर्वाचन याचिका वापस लेने की अर्जी पर आज होगी सुनवाई

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और भाजपा नेता गोरखनाथ की ओर से दाखिल निर्वाचन याचिका को वापस लिए जाने के लिए अर्जी दाखिल की गयी है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने उक्त अर्जी को गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 के प्रदेश के विधान सभा चुनावों में मिल्कीपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ सपा के अवधेश प्रसाद से चुनाव हार गए थे। हालांकि नामांकन के दौरान अवधेश प्रसाद द्वारा दाखिल नोटरी को डिफेक्टिव बताते हुए, उनके चुनाव को गोरखनाथ ने चुनौती दी थी। वहीं 26 अप्रैल 2022 को उक्त याचिका पर सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने याची के अंतरिम राहत संबंधी प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया था। न्यायालय ने टिप्पणी भी की थी कि याचिका में ऐसा कोई ठोस आधार नहीं है कि चुनाव परिणाम में हस्तक्षेप किया जाय।

### सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा स्थगित

**लखनऊ :** इस माह 27 अक्टूबर को होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा-2024 को स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक हर्षदेव पाण्डेय ने विज्ञप्ति जारी की है। उन्होंने परीक्षा दिसंबर में होने की संभावना व्यक्त की है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि जनपदों में मानक के अनुसार परीक्षा केंद्र मिलने पर परीक्षा तिथि और कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

# नेपाल भागने की फिराक में बहराइच कांड का मुख्य आरोपी

संवाददाता, बहराइच

- राम गोपाल की हत्या में नामजद आरोपी का सहयोगी भी गिरफ्तार

**अमृत विचार :** महराजगंज में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई हिंसा और बवाल के मुख्य आरोपी अब्दुल हामिद पूरे परिवार के साथ नेपाल भागने की फिराक में है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अब्दुल बेटों के साथ बेहड़ा में छिपे होने की सूचना मिली है। वहीं रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल (22) की हत्या में नामजद आरोपी के सहयोगी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

हरदी थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि राम गोपाल मिश्रा हत्याकांड में चौथे नंबर पर नामजद मोहम्मद दानिश उर्फ राजा उर्फ साहिर पुत्र अली निवासी महराजगंज बाजार को बुधवार शाम चार बजे राजी चौराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वह भी नेपाल भागने की फिराक में था। गोली कांड का मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मुख्य आरोपी अब्दुल नेपाल जाने के लिए अपने सहयोगियों से संपर्क कर रहा है। उसे पकड़ने के लिए सीमा पर पुलिस बल तैनात है। उधर इस मामले में बुधवार को दस और उपद्रवियों पर कार्रवाई हुई। अब तक 61 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। बता दें कि रविवार को एक धार्मिक यात्रा के दौरान गोली लगने से राम गोपाल मिश्रा (22) की मौत के बाद बहराइच जिले की महसी तहसील में सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई थी। मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए बवाल के बाद अब इलाके में बीते 48 घंटे में कोई भी घटना नहीं हुई है।

## नायब सिंह सैनी आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

**चंडीगढ़।** भाजपा नेता नायब सिंह सैनी ने बुधवार को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से राजभवन में मुलाकात की और राज्य में अगली सरकार बनाने का दावा पेश किया। सैनी गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। इससे कुछ घंटे पहले ही पंचकूला में हुई बैठक में सैनी को सर्वसम्मति से हरियाणा में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए। नवनिर्वाचित विधायकों कृष्ण कुमार बेदी और अनिल विज ने सैनी के नाम का प्रस्ताव दिया था।



- प्रधानमंत्री मोदी केंद्रीय गृह मंत्री शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी होंगे शामिल

# जम्मू-कश्मीर में अब उमर सरकार

श्रीनगर, एजेंसी

- सरकार में शामिल नहीं हुआ कांग्रेस का कोई विधायक

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अब्दुल्ला और पांच मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इनमें जम्मू से सुरिंदर चौधरी भी शामिल हैं, जिन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। दूसरी बार मुख्यमंत्री बने उमर अपने दादा शेख अब्दुल्ला और पिता फारूक अब्दुल्ला के बाद इस पद पर आसीन होने वाले अब्दुल्ला परिवार की तीसरी पीढ़ी के नेता हैं। वह इससे पहले 2009 से 2014 के बीच जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री थे, जब यह पूर्ण राज्य हुआ करता था।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उमर अब्दुल्ला को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए उनके और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेगी। अब्दुल्ला के साथ पांच मंत्रियों - सकीना मसूद (इटू), जावेद डार, जावेद राणा, सुरिंदर चौधरी और सतीश शर्मा ने भी पद की शपथ ली।

### इंडिया गठबंधन के कई नेता शपथ समारोह में पहुंचे

शपथ ग्रहण समारोह 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के लिए अपनी एकता प्रदर्शित करने का भी अवसर था। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा और मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव, वामपंथी नेता प्रकाश करात और डी. राजा, द्रमुक की कनिमोझी और राकांपा की सुप्रिया सुले तथा पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती भी मौजूद थीं।

# हाईवे पर खड़े ट्राला में घुसी कार, 3 की मौत

## प्रयागराज जाते समय फतेहपुर में हुआ हादसा, तीनों कन्नौज के रहने वाले थे

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार:** कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर बुधवार सुबह हाईवे पर खड़े ट्राला ट्रक के पीछे तेज रफ्तार कार जा घुसी, जिसमें कार सवार तीन लोगों में दो की मौके पर मौत हो गई और एक व्यक्ति की जिला अस्पताल में मौत हो गई। कार सवार लोग कन्नौज से प्रयागराज जा रहे थे। तीनों मृतक कन्नौज जिले के रहने वाले थे।

फतेहपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के हाईवे पर सुबह तेज रफ्तार बलेनो कार हाईवे पर खड़े ट्राला में पीछे से जा घुसी। इससे कार के परखचे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। कार में सवार मनोज शुक्ला (65) पुत्र जीवन शुक्ला व अविनाश चन्द्र (64) पुत्र ओमकार नाथ की मौके पर मौत हो गई। कार चला रहे कौशल कुमार त्रिपाठी उर्फ श्यामू ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। मनोज शुक्ला के पिता डॉ. जीवन शुक्ला कन्नौज के पीएसएम डिग्री कॉलेज में अंग्रेजी के प्रोफेसर रहे हैं। वह वरिष्ठ साहित्यकार हैं और शहर के प्रतिष्ठित लोगों में उनकी गिनती होती है। अविनाश चन्द्र कन्नौज के गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रबंधक थे। साथ ही ऐतिहासिक सिंहवाहिनी देवी मंदिर व कालेश्वरनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष भी थे। थाना प्रभारी रमा शंकर सरोज ने बताया कि परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है।



हादसे के बाद मौजूद पुलिस व लोगों की भीड़।



मनोज



अविनाश

## इंडिगो और आकासा की उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली/अहमदाबाद।** मुंबई से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान में बम होने की सूचना के बाद विमान का मार्ग परिवर्तित कर उसे अहमदाबाद भेजा गया। बेंगलुरु जा रहा आकासा एयर का विमान बम की धमकी मिलने के बाद बुधवार दोपहर राष्ट्रीय राजधानी लौट आया। इंडिगो एयरलाइंस के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जांच के दौरान विमान में कुछ नहीं मिला और बम होने की सूचना गलत निकली। उन्होंने बताया कि विमान को अलग थलग रखा गया था और सभी यात्रियों को विमान से उतारकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। विमान में कुछ भी संदेहास्पद नहीं मिला और विमान ने बुधवार सुबह दिल्ली के लिए उड़ान भरी।

# ज्ञानवापी: मस्जिद के केंद्रीय गुंबद के नीचे खुदाई कराकर हो सर्वेक्षण

वाराणसी, एजेंसी

- ज्ञानवापी: हिंदू पक्ष ने एएसआई की विशेषज्ञता का हवाला दिया

वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष ने बुधवार को स्थानीय अदालत के समक्ष कहा कि पुरातात्विक चीजों की खोज में एएसआई को महारत हासिल है, लिहाजा मस्जिद के केंद्रीय गुंबद के नीचे खुदाई कराके ज्योतिर्लिंग के स्थान का सर्वेक्षण कराना चाहिए।

हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) जुगल शंभू ने दलीलें सुनने के बाद मामले की सुनवाई की अगली तारीख 19 अक्टूबर तय की है। अधिवक्ता यादव ने कहा हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने न्यायाधीश शंभू के समक्ष अपनी दलील में कहा कि पांच महिला वादियों के मामले में एएसआई सर्वेक्षण की कार्रवाई पहले भी की जा चुकी है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को खोदाई कार्य में विशेषज्ञता हासिल है। उन्होंने दलील देते हुए कहा कि वाराणसी में सारनाथ और राजघाट की खोदाई एएसआई ने ही की है तथा यहां तक कि मोहनजोदड़ो और हड़प्पा की खुदाई भी एएसआई ने ही की थी। यादव ने कहा इसी आधार पर ज्ञानवापी की भी 4x4 फुट खोदाई की जानी चाहिए और ज्ञानवापी के केंद्रीय गुंबद के नीचे ज्योतिर्लिंग के स्थान का सर्वेक्षण किया जाना चाहिए।

# अधिवक्ता संघ अध्यक्ष, उनकी पत्नी समेत 4 नामजद, 40 अज्ञात पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- विधायक थप्पड़ कांड में खूब फजीहत कराने वाली पुलिस ने सातवें दिन दर्ज की एफआईआर
- अर्बन कोआपरेटिव बैंक डेलीगेट्स के चुनाव में विधायक से की गई थी मारपीट

> सदर विधायक की तहरीर पर चार आरोपियों को नामजद करते हुए 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना अपराध निरीक्षक हरि प्रकाश यादव को सौंपी गई है। **-रमेश कुमार तिवारी**, सीओ सिटी

**अमृत विचार:** विधायक थप्पड़ कांड में खूब फजीहत कराने वाली सदर कोतवाली पुलिस ने आखिरकार जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह, उनकी पत्नी पुष्पा सिंह समेत चार नामजद व 40 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अर्बन कोआपरेटिव बैंक के संचालक पद के लिए नामांकन के दौरान विवाद के बीच बैंक की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा सिंह के पति जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह ने भाजपा सदर विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ मारा था। उनके समर्थकों ने भी मारपीट की थी। व्यापारी नेता राजू अग्रवाल को भी पीटा गया था।

विधायक और व्यापारी नेता ने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस जांच के नाम पर छह दिन तक टरकाती रही। नाराज विधायक ने उनकी सुरक्षा में बढ़ाए गए दो पुलिसकर्मियों को वापस कर दिया था। विधायक योगेश सोमवार को लखनऊ में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। तमाम फजीहत के बाद मंगलवार की आधी रात को पुलिस ने विधायक की तहरीर पर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह, उनकी पत्नी पुष्पा सिंह, संग्राम सिंह व नीरज सिंह को नामजद कर 40 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# क्षेत्रीय सहयोग में आतंकवाद और उग्रवाद बन रहे बाधा : जयशंकर

## एससीओ सम्मेलन में विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को उसी की धरती से दिया परोक्ष संदेश

इस्लामाबाद, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को उसी की धरती से परोक्ष संदेश देते हुए बुधवार को कहा कि यदि सीमा पार की गतिविधियां आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की तीन बुराइयों पर आधारित होंगी तो व्यापार, ऊर्जा और संपर्क सुविधा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की संभावना नहीं है।

जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापार और संपर्क पहलों में क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दी जानी चाहिए और भरोसे की कमी पर ईमानदारी से बातचीत करना आवश्यक है। विदेश मंत्री ने इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ देशों के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) के 23वें शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने की। जयशंकर मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। वह करीब एक दशक में पाकिस्तान की यात्रा करने वाले पहले भारतीय विदेश मंत्री हैं। शरीफ ने एससीओ के सम्मेलन को सबसे पहले संबोधित किया जिसके तुरंत बाद जयशंकर ने सम्मेलन में अपनी बात रखी। इस सम्मेलन में चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग भी शामिल हुए। जयशंकर ने ये टिप्पणियां पूर्वी लद्दाख में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच जारी सैन्य गतिरोध और हिंद महासागर एवं अन्य रणनीतिक जलक्षेत्रों में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत को लेकर चिंताओं के बीच की।



एससीओ सम्मेलन को संबोधित करते जयशंकर।

### आपसी भरोसे से ही एससीओ सदस्य देशों को होगा लाभ

जयशंकर ने कहा कि सहयोग आपसी सम्मान और संप्रभुता की समानता पर आधारित होना चाहिए। यदि समूह आपसी भरोसे के आधार पर मिलकर आगे बढ़ता है तो एससीओ सदस्य देशों को काफी लाभ हो सकता है। विदेश मंत्री ने एससीओ के प्रत्येक सदस्य राष्ट्र द्वारा समूह के चार्टर का सख्ती से पालन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा आपसी विश्वास, मित्रता और अच्छे पड़ोसी के भाव को मजबूत करने के इसके सार पर प्रकाश डाला।

### एससीओ चार्टर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ होनी चाहिए

जयशंकर ने कहा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे प्रयास तभी आगे बढ़ेंगे जब एससीओ चार्टर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ रहेगी। यह स्वत: सिद्ध है कि विकास एवं वृद्धि के लिए शांति एवं स्थिरता अनिवार्य है। जैसा कि चार्टर में स्पष्ट किया गया है, इसका अर्थ है- तीन बुराइयों का मुकाबला करने में दृढ़ रहना और समझौता नहीं करना। हमें आत्मावलोकन करने की आवश्यकता है कि कहीं अच्छे पड़ोसी की भावना गायब तो नहीं है और भरोसे की कमी तो नहीं है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार : महाराजगंज थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन बिल्हरघाट के दर्शन नगर आउटर पर बुधवार दोपहर फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर एक अधेड़ मौत हो गई। जिसकी पहचान महाराजगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नारा निवासी महेंद्र प्रताप सिंह के रूप में हुई है। जीआरपी और आरपीएफ पुलिस की मौजूदगी में महाराजगंज पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### तारुन में जल्द स्थापित होगा मौसम विज्ञान केंद्र

अयोध्या, अमृत विचार : तारुन ब्लॉक परिसर में जल्द मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित होगा। जिससे क्षेत्र के लोगो को सही समय पर पल-पल मौसम के बारे में सटीक जानकारियां मिलती रहेगी। आईएसवी सुरेश कुमार के अनुसार मौसम विज्ञान केंद्र की स्थापना किये जाने के लिए विभागीय उच्चाधिकारियों का दिशा निर्देश भी मिल गया है।

### अमृत लाल चुने गए डायरेक्टर

अयोध्या, अमृत विचार : गनौली गन्ना समिति के एक मात्र अख्तियारपुर सीट पर बुधवार को हुए चुनाव में अमृत लाल डायरेक्टर चुने गए। सीट से तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इनमें डॉ. मुस्लिम के साथ उनके भाई असलम थे ।समिति के सचिव अनिल कुमार के मुताबिक चुनाव में अमृत लाल चुनाव जीत गए हैं।

### रेतिया में शिविर लगाकर की हेपेटाइटिस की जांच

अयोध्या, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस कार्यक्रम के अंतर्गत रेतिया में बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 78 मरीजों की ओपीडी हुई। हेपेटाइटिस बीएंडसी की जांच हुई। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया कि हेपेटाइटिस बी दुनिया में सबसे आम गंभीर लिवर संक्रमण है। कार्यक्रम का सपोर्टिव सुपरविजन डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर पार्षद अमर से उद्घाटन करवा गया।

# 8वां दीपोत्सव : राम की पैड़ी से मार्किंग प्रक्रिया शुरू

## 28 लाख दीयों को बिछाने का लक्ष्य, रामपथ व धर्मपथ समेत विभिन्न मार्गों को आकर्षक रूप से सजाया जाएगा

अयोध्या कार्यालय


राम की पैड़ी पर मार्किंग का कार्य करते विश्वविद्यालय के कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में अयोध्या में शुरू हुआ दीपोत्सव अब आठवीं बार कीर्तिमान बनाने को तैयार है। 30 अक्टूबर को होने वाले मुख्य आयोजन के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की तरफ 24 से अधिक कर्मियों के साथ राम की पैड़ी के घाटों पर बुधवार से दीयों को बिछाने के लिए मार्किंग का काम शुरू कर दिया है।

कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव मोहम्मद सहील ने दूसरी बार मार्किंग की कमान सम्भाली। उन्होंने बताया कि माइक्रोबायोलाजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रंजन सिंह व कर्मियों के साथ मार्किंग का काम शुरू कया गया है। दीपोत्सव के दिन 25 लाख दीपक प्रज्ज्वलित कर रिकॉर्ड बनाने के लिए 28 लाख दीपक बिछाए जाएंगे। कहा कि एक सप्ताह में घाटों पर मार्किंग का काम पूर्ण कर लिया जायेगा। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि पूरी तैयारी की निगरानी खुद कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल कर रहीं हैं।

**रामपथ और धर्मपथ भी होगा जगमग :** दीपोत्सव में अयोध्या के धर्मपथ और रामपथ को भी जगमग किया जाएगा। इसके लिए लखनऊ के ताज रेडियो एंड इलेक्ट्रिक कंपनी को लाइटिंग की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। राम कथा पार्क के पास इलेक्ट्रीशियन कैम्प लगा कर लाइटों को तैयार करने का कार्य कर रहे हैं। रामपथ और धर्मपथ के साथ लगभग 2 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में भव्य लाइटिंग की व्यवस्था के लिए तैयारी की जा रही है। डेकोरेटिव वॉल, इलेक्ट्रिक गेट और आर्टिफिशियल इलेक्ट्रिक लाइटों से पिलर को तैयार किया जा रहा है। 25 अक्टूबर तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

### दीपोत्सव पर निकलेंगी 18 झांकियां

पर्यटन अधिकारी राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि दीपोत्सव में विभिन्न प्रकार की झांकियां का भी आयोजन किया जाएगा। सूचना और पर्यटन विभाग के द्वारा झांकियों को तैयार करने के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। 30 अक्टूबर को साकेत महाविद्यालय में रामायण कालीन प्रसंग मंचन करने के लिए 18 झांकियां बनाई जा रही हैं, जिसमें 11 झांकियां सूचना विभाग और सात झांकियां पर्यटन विभाग की ओर से तैयार की जाएंगी।

### 30 हजार स्वयंसेवकों को दिया जाएगा क्यूआर कोड का आईकार्ड

दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि एक सप्ताह में राम की पैड़ी के 55 घाटों पर मार्किंग कार्य पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि राम की पैड़ी पर 25 लाख दीपों को प्रज्ज्वलित करने व 28 लाख दीए बिछाने के लिए 30 हजार स्वयंसेवकों को क्यूआर कोड वाला आईकार्ड दिया जायेगा। इसका वितरण 20 अक्टूबर की शाम से शुरू हो जायेगा। इस आई कार्ड को फुलप्रूफ बनाने के लिए कई फीचर्स भी शामिल किए गए हैं। इससे स्वयंसेवकों के आईकार्ड में डुप्लीकेसी नहीं हो सकेगी।

# रात 10 बजे के बाद नहीं जलाए जाएंगे पटाखे

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** दीपावली की रात 10 बजे के बाद पटाखे नहीं जलाए जाएंगे। ये निर्देश जिला जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने दीपावली सहित अन्य त्योहारों व कार्यक्रमों के मद्देनजर बुधवार को जारी किया है। कहा कि एन्टीमनी, लीथियम, मरकरी आरसेनिक, लेड के कम्पाउण्ड या स्ट्रासियम कोमेट या बेरियम साल्ट युक्त पटाखे व जुड़े हुए पटाखे, श्रृंखलाबद्ध पटाखे/लड़ी की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

उन्होंने अधिकारियों को इसके मद्देनजर तैयारी का निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र का पहले से भ्रमण कर लें। बताया कि नगर मजिस्टेट कार्यालय में पर्व के अवसर पर एक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। इसका दूरभाष नंबर- 05278-223753 है।

# कंप्यूटर पहुंचे, पांच हजार फाइलें अपलोड

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नगर निगम में ई-ऑफिस की सुविधा शुरू होने के बाद व्यवस्थाओं को तेजी से धरातल पर उतारने का काम शुरू हो गया है। कुछ कंप्यूटर नगर निगम पहुंच गए हैं। अब तक पांच हजार के करीब फाइलों को कंप्यूटर में अपलोड किया जा चुका है।

अलीगढ़, लखनऊ और बरेली के बाद अयोध्या नगर निगम में भी ई-ऑफिस की व्यवस्था शुरू की गई है। करीब एक माह पहले शुरू हुई इस योजना के तहत अब कार्य शुरू हो गया है। अपर नगर

**नगर निगम में ई-ऑफिस के कार्य में आई तेजी**

आयुक्त सुमित कुमार ने बताया कि ई-ऑफिस की सुविधा शुरू होने के बाद सभी नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कोई यह बहाना नहीं बना सकेगा कि अधिकारी नहीं आए हैं। पटल से गुजरकर फाइल संबंधित अधिकारी के पास और उसके बाद नगर आयुक्त के पास जाएगी। अंतिम निर्णय नगर आयुक्त ही लेंगे। उन्हीं के द्वारा ही आपत्तियां भी लगाई जा सकती है। इसकी मॉनिटरिंग शासन स्तर से भी होगी।

# चार आरोपी गिरफ्तार सात बाइक बरामद

**अयोध्या, अमृत विचार :** पुलिस ने बुधवार को बालूरघाट बराहट क्षेत्र से चार बाइक चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर सात बाइक बरामद की हैं। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि ये सभी आरोपी सभी गोंडा के नवाबगंज में किराए का मकान लेकर रहते थे। यहां भीड़भाड़ वाली जगहों पर चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते थे। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान ग्राम गडरियाबाग थाना किच्छा, ऊधम सिंह नगर उत्तराखंड निवासी लाल सिंह व दीपक, वजीरगंज थाना कोतवाली नगर अयोध्या निवासी गुफरान और फतेहगंज दालमंडी थाना कोतवाली नगर अयोध्या निवासी मुन्ना चौहान के रूप में हुई है।

# अभिभावकों के साथ स्कूल आएंगे-जाएंगे 600 बच्चे

## जंगली जानवर की दहशत : प्रधानाचार्यों ने अभिभावकों के साथ की बैठक

हैदरगंज, अयोध्या


हैदरगंज क्षेत्र में अभिभावकों से बात करते प्राथमिक विद्यालय पचगवां के प्रधानाचार्य।


मिल्कीपुर में बाइक सवार पर हमले के बाद जुटे ग्रामीण। अमृत विचार


बसवार कला में जंगली जानवर के फिर दिखने पर लाठी लेकर जुटे ग्रामीण।

**अमृत विचार :** इलाके के चार गांवों में जंगली जानवर की दहशत के बीच स्कूलों में घटी बच्चों की उपस्थिति को लेकर बुधवार को प्रधानाचार्यों ने अभिभावकों के साथ आपात बैठक की। इसमें तय हुआ कि क्षेत्र के पांच स्कूलों के करीब 600 बच्चे जंगली जानवर के पकड़े जाने तक अभिभावकों के संग स्कूल आएंगे-जाएंगे। इतना ही नहीं स्कूल अवधि के दौरान बच्चे बाहर न जाए इसके लिए शिक्षक निगरानी की जिम्मेदारी निभायेंगें। वहीं तीन दिन से पिजरा लगाए जाने के बाद भी जंगली जानवर वन विभाग के हाथ नहीं लगा है। उसे लालच देने के लिए दाने के रूप में पिजरे में मुर्गा रखा गया है।

हिंसक जानवर के अभी तक न पकड़े जाने को लेकर ग्रामीणों में दहशत है। वह रात जागकर बिताने को मजबूर है। बीकापुर तहसील के अंतर्गत थाना हैदरगंज क्षेत्र की चार ग्राम पंचायतों पचगंवा, पूरे मनोहर, रामपुर प्रताप, बेलारामबाग के कई पुरवों के निवासी महिला व पुरुषों को रविवार देर रात हिंसक जानवर ने हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया था। तब से वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी क्षेत्र में हिंसक जानवर को पकड़ने के लिए जुटे हुए हैं। वन विभाग के दरोगा रजनीश तिवारी के नेतृत्व में गांवों में कांबिंग की जा रही है।

**तीन दिन से कांबिंग में जुटी टीम अभी भी खाली हाथ**

गांव का चौकीदार भी लाठी लेकर गांव में घूम-घूम कर ग्रामीणों को सावधान रहने की सलाह दे रहे हैं। वहीं बुधवार को प्राथमिक विद्यालय पचगंवा के प्रधानाचार्य पवन कुमार, सहायक अध्यापक उमेश चंद्र ने अभिभावकों को बुलाकर बैठक करके बच्चों को सुरक्षित घर से विद्यालय लाने व ले जाने की सलाह दी। प्रधानाचार्य ने बताया कि जब तक जंगली जानवर का आतंक है तब तक सतर्कता जरुरी है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पांच स्कूल आते हैं। सभी इस सुझाव पर अमल करने के लिए तैयार हो गए हैं। वहीं वन दरोगा रजनीश कुमार तिवारी ने बताया कि टीम द्वारा कांबिंग की जा रही है परंतु अभी तक हिंसक जानवर का पता नहीं चल सका है।

### बसवार कलां में बाइक सवार पर किया हमला

मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र में बुधवार को बसवार कलां में हिंसक जानवर ने बाइक सवार पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शी किसान बैजनाथ ने बताया कि बाइक सवार ने पावदान से पैर ऊपर उठा लिया, इसलिए बच गया। बाइक की जाली में फंसकर हिंसक जानवर जरूर जख्मी हो गया है। हालांकि खेत में काम कर रहे लोगों को अपनी तरफ आता देख तेज रफ्तार से भाग निकला। ग्रामीणों द्वारा मौके जंगली जानवर के घायल होने के बाद उसके खून के धब्बे वन कर्मियों को दिखाये। वन विभाग की टीम ने जंगल में जानवर की खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चला। इलाके में दो सप्ताह से जंगली जानवर की दहशत बनी हुई है। यहां भी वन विभाग कांबिंग कर रहा है।

# अधिकारियों की कुर्सी खाली, तीन कार्यालयों में सन्नाटा

सोहावल, अयोध्या


सोहावल में खाली पड़ी अधिशासी अधिकारी की कुर्सी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकास की बागडोर संभालने वाले तीन विभागों से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों की कुर्सी महीने भर से खाली है। इनका चार्ज लेने वाले अधिकारी भी या तो अवकाश पर हैं या अपने मूल कार्य क्षेत्र में लगे हैं। इससे प्रतिदिन फरियादी निराश हो वापस लौटने को मजबूर हैं। सरकारी विकास का कार्य लगभग ठप है।

नगर पंचायत खिरौनी के ईओ सचिन पटेल का तबादला कन्नौज हो गया है। यहां का इंचार्ज ईओ बीकापुर अंजू यादव को सौंपा गया है।

**कार्यवाहक भी नहीं बैठते, रोज निराश होकर लौट रहे फरियादी**

कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी होने और दो जगहों का कार्यभार संभालने की वजह से पूरा समय खिरौनी को नहीं दे पा रही हैं। अपरिहार्य कारणों से कई दिनों से कार्यालय पर नहीं आ रही हैं। वहीं सोहावल विकास खंड अधिकारी का प्रभार मवई के बीडीओ अनुपम वर्मा को मिला है। वह ट्रेनिंग पर चले गए। कार्यवाहक के रूप में एडीओ आईएसबी मनोज तिवारी देख रहे है। जिनका अधिकतर समय क्षेत्र की विकास योजनाओं की जांच पड़ताल में चला जाता है। ब्लॉक मुख्यालय पर बीडीओ की कुर्सी इन दिनों खाली पड़ी है। यही नहीं आपूर्ति निरीक्षक सोहावल शशांक सिंह का स्थानांतरण रुदौली हो गया है। यहां का चार्ज कुछ दिन पहले संजय चौधरी को मिला। संजय चौधरी के पास सदर और सोहावल दोनों तहसीलों का चार्ज होना बताया जा रहा है। जिसके चलते सोहावल के आपूर्ति निरीक्षक की भी कुर्सी अक्सर खाली दिखाई पड़ती है। कार्यवाहक खंड विकास अधिकारी मनोज तिवारी ने बताया कि बीडीओ अनुपम वर्मा प्रशिक्षण में गए हैं। जल्द ही वापस आ जाएंगे।

# बैठक में किसानों ने उठाईं समस्याएं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** किसान दिवस पर बुधवार को हुई बैठक में किसानों ने गन्ना सर्वे, फसल बीमा, बिजली आपूर्ति सहित कई समस्याएं उठाईं। मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह ने बिंदुवार चर्चा कर अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में आयोजित बैठक में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि गन्ना सर्वे, सट्टा के संबंध में समस्याओं का समाधान किया जाए। कृषि बीमा बिना किसानों के आवेदन के न किया जाए और बीकापुर विद्युत उपकेंद्र के तहत एसडब्लू फीडर का वोल्टेज ठीक कराया जाए।

**किसान दिवस पर आयोजित की गई बैठक**

अधिशासी अभियंता विद्युत ने कहा कि 20 सितंबर को नया फीडर बनाने के लिए स्वीकृति के लिए पत्र शासन को भेजा गया है। सीडीओ ने जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं का समाधान गुणवत्तापूर्वक किया जाए। कृषि बीमा के संबंध में टोक्यो बीमा कंपनी के अधिकारी ने बताया कि जिस किसान को बीमा न कराना हो, वह लिखकर देगा तो बीमा नहीं किया जाएगा।


जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने छुट्टा पशुओं का मामला उठाया। आरोप लगाया कि गोशालाओं के चौकीदार समय-समय जानवरों को छोड़ देता है। सीडीओ ने कहा कि अवारा पशुओं को पकड़ कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। पशुओं को छोड़ने की शिकायत मिलने पर चौकीदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। भाकियू युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास वर्मा ने कहा कि शारदा नहर की पटरी पर बनी सड़क के किनारे जंगल झाड़ी हो गई है। अधिशासी अभियंता नहर ने बताया कि बजंट की मांग की गई है, अभिलंब ठीक कर दिया जाएगा।

बैठक के बाद फसल अवशेष न जलाने, प्रदूषण पर रोक लगाने संबंध में भी चर्चा हुई। भाकियू नेताओं ने कहा यहां छोटे काश्तकार हैं। इसलिए समस्या कम है। यूनियन ने किसानों की समस्याओं का 13 सूत्री ज्ञापन सौंपा।

# भाजपा संविधान बदलने का कर रही प्रयास : अविनाश

## कांग्रेस महासचिव ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ किए रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय


हनुमान गढ़ी पर दर्शन पूजन करने पहुंचे कांग्रेस के महासचिव और प्रदेश अध्यक्ष।

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर में आयोजित संविधान बचाओ सम्मेलन के लिए अयोध्या पहुंचे कांग्रेस के महासचिव अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन व पूजन किया।

महासचिव अविनाश पांडे ने कहा कि संविधान को बदलने का प्रयास बीजेपी की डबल इंजन की सरकार कर रही है, हम संविधान को बदलने नहीं देंगे। संविधान को बचाने का संकल्प लेने के लिए प्रदेश में आज 10 सम्मेलन होंगे। उन्होंने कहा कि इस न्याय की लड़ाई के लिए राहुल गांधी पूरे देश में संघर्ष कर रहे हैं। महासचिव ने कहा कि चुनाव आयोग सरकार के हाथ की कठपुतली बन गया है। मिल्कीपुर के चुनाव की घोषणा अन्य चुनाव के साथ चाहिए थी होनी। उन्होंने कहा कि भाजपा डरी हुई है, वह हार से बचने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि नौ नहीं 10 सीट पर इंडिया गठबंधन चुनाव लड़ेगी।

### बहराइच की घटना की निंदा करते हैं : प्रदेश अध्यक्ष

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि बहराइच की घटना की हम निंदा करते हैं। कहा कि मृतक के परिवार को योगी सरकार एक करोड़ की आर्थिक सहायता दे। जिन लोगों के मकान जलाए गए हैं उन लोगों को क्षतिपूर्ति दी जाए और जो अधिकारी और राजनीतिक लोग इसमें शामिल हैं, उनके खिलाफ हो कठोर कार्रवाई की जाए।

# प्रधान ने रात्रि में कराया नाली निर्माण का कार्य

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार :** अमानीगंज ब्लॉक के मोहम्मदपुर गांव में प्रधान द्वारा विवादित जमीन पर रात में चुपके से नाली और खड़ंजा का निमार्ण कार्य करवा कर पानी के बहाव के विपरीत दिशा में ढलान कर दिया। उक्त भूमि पर तीन दशक से सिविल न्यायालय व उच्च न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। रज्जन दुबे द्वारा मुख्यमंत्री हेल्प लाइन पर शिकायत करने और उनके द्वारा तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को निर्देशित किए जाने पर पुलिस को आता देख सब लोग भाग गए। मिल्कीपुर तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आबादी की जमीन पर सिविल कोर्ट में दौरान मुकदमा कोई भी निर्माण ग्राम प्रधान करवाता है तो वह कोर्ट की अवमानना केस में फंस सकता है।

**हालात** अतिक्रमण की चपेट में बीकापुर बाजार, संकट बनी हाइवे के किनारे लगने वाली सब्जी मंडी

# रोज घंटों जाम की गिरफ्त में रहता है हाईवे

अयोध्या कार्यालय


अयोध्या-प्रयागराज हाइवे पर अव्यवस्थित यातायात। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अयोध्या-प्रयागराज मुख्य मार्ग पर स्थित बीकापुर बाजार अतिक्रमण की चपेट में है। यहां रोज सुबह पांच बजे से लेकर 11 बजे तक लगने वाली सब्जी मंडी हाईवे के लिए संकट बन गई है। इससे जबरदस्त जाम के कारण हाईवे पर यातायात प्रभावित होता है, लेकिन मंडी स्थान्तरित किए जाने की व्यवस्था अभी तक नहीं बन पाई है।

मुख्य सड़क के किनारे करीब आठ वर्षों से लग रही सब्जी मंडी लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। तमाम किसान और व्यापारी अपनी सब्जी बेचने और खरीदने के लिए आते हैं। सब्जी मंडी में आने वाले दुकानदार व्यापारी और उनके वाहन बेतरतीब ढंग से हाईवे की पटरी पर खड़े हो जाते हैं। भीड़ बढ़ने से कई बार सड़क दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। सब्जी मंडी के सामने उप डाकघर बीकापुर, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, पशु चिकित्सालय, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, ब्लॉक संसाधन केंद्र, प्राथमिक परिषदीय विद्यालय, इंटर कॉलेज, बाल विकास परियोजना कार्यालय संचालित है। पास में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर भी है।

> स्थाई सब्जी मंडी निर्माण के लिए नगर पंचायत के तेंदुआमाफी में स्थित देश दीपक महाविद्यालय के समीप भूमि प्रस्तावित है। जिसका डीपीआर भेजा गया है। बजट आने के बाद स्थाई तौर पर सब्जी मंडी का निर्माण कराया जायेगा।
> –राकेश पांडेय, अध्यक्ष नगर पंचायत, बीकापुर

लोगों की मांग पर उप जिलाधिकारी ने पिछले वर्ष नगर पंचायत को पत्र भेजकर सब्जी मंडी के लिए स्थान तलाशने और व्यवस्थित किए जाने का आदेश दिया था, जिस पर आज तक कुछ नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने हाईवे के किनारे अनाधिकृत रूप से लग रही सब्जी मंडी को दूसरी जगह व्यवस्थित किए जाने की मांग की है।

# मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर चर्चा तेज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर के पूर्व विधायक गोरखनाथ के वकील ने बुधवार को हाईकोर्ट में दाखिल याचिका वापस लेने की अर्जी दे दी। अब मिल्कीपुर उप चुनाव को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। घोषित उपचुनाव के साथ चुनाव कराए जाने की चर्चा भी लोग कर रहे हैं। हलांकि नई घोषणा के लिए कार्रवाई कई पायदानों से गुजरेगी।

निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के मंगलवार को उपचुनाव की घोषणा की थी। उसमें मिल्कीपुर का नाम नहीं था। पता चला कि मिल्कीपुर के पूर्व विधायक गोरखनाथ से हाईकोर्ट में दाखिल एक याचिका के चलते उपचुनाव की घोषणा नहीं हुई।

**याचिका वापसी अर्जी के बाद लगाए जा रहे कयास**

यह याचिका उन्होंने सपा विधायक अवधेश प्रसाद की ओर से दाखिल किए गए शपथ पत्र को लेकर दाखिल की थी। पूर्व विधायक ने याचिका वापस लिए जाने की घोषणा की। गोरखनाथ के वकील रुद्र विक्रम सिंह ने बताया कि गुरुवार को याचिका पर सुनवाई होगी।

याचिका वापसी की अर्जी डाले जाने के साथ ही एक बार उपचुनाव की घोषणा को लेकर कयास लगाए जाने का दौरा शुरू हो गया है। लोग इस उम्मीद में हैं कि याचिका वापसी के बाद आयोग मिल्कीपुर उपचुनाव की घोषणा कर सकता है। लोगों का मानना है कि कई चरण में होने वाले चुनाव में पीछे के चरणों के लिए इसकी घोषणा हो सकती है। इससे राजनीतिक दलों की तैयारी काम आ जाएगी। उपचुनाव टलने को लेकर राजनीतिक हमले भी हैं। विपक्षी इसको लेकर तरह-तरह की टिप्पणी कर रहे हैं। सरकार और संगठन में तालमेल को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। फिलहाल जानकारों का कहना है कि सुनवाई के बाद हाईकोर्ट से फैसला आएगा। इसके बाद इसकी प्रति प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास भेजी जा सकती है। फिर इसे भारत निर्वाचन आयोग के पास भेजा जाएगा। वहां मिल्कीपुर उपचुनाव की घोषणा को लेकर मंथन होगा। इसके बाद यदि उपयुक्त हुआ और समय रहा तो मिल्कीपुर उप चुनाव को लेकरआयोग घोषणा कर सकता है।


पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में मौसम शुष्क बने रहने के आसार हैं।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 33.0° | 18.5° |

## आज के कार्यक्रम



- सहकारी गन्ना विकास समितियों में सभापति व उप सभापति के लिए चुनाव सुबह 8 बजे से।
- मंडलीय स्कूली खो-खो अंडर-19 बालक व बालिका वर्ग की प्रतियोगिता मकबरा स्थित राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान में सुबह आठ बजे से।
- यूपी रोडवेज इम्पलाइज यूनियन का कार्यालय पर धरना सुबह 11 बजे से।
- प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में शाम चार बजे से।

# अक्टूबर में बरतिए एहतियात, चलती है डेंगू मच्छरों की बरात

## दोहरा शतक लगा चुका है डेंगू, नवंबर तक का समय माना जाता है पीक, चिकित्सकों का सुझाव : नहीं बरती सावधानियां तो हो सकते हैं शिकार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बारिश के बाद से संक्रामक रोगों के साथ डेंगू के मामले भी बढ़ रहे हैं। जिले में डेंगू दोहरा शतक लगा चुका है। अक्टूबर और नवंबर में लोगों को खास एहतियात बरतने की आवश्यकता है। ये दोनों माह डेंगू का पीक समय माना जाता है। इस माह के 15 दिन बीत चुके हैं। अब तक 90 के करीब केस सामने आए हैं। पिछले वर्ष अक्टूबर माह में 172 केस रिकॉर्ड किए गए थे। स्वास्थ्य विभाग लोगों से लापरवाही न बरतने की अपील कर रहा है।

जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. प्रशांत द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि उनके पास रोज ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं, जिनमें डेंगू के लक्षण मिलते हैं। वह प्रतिदिन ऐसे 150 मरीजों को जांच लिखते हैं। हालांकि अधिकतर मरीजों की रिपोर्ट निगेटिव ही रहती है, लेकिन उन्हें दवा के साथ खास एहतियात बरतने के लिए कहा जाता है। डॉ. प्रशांत ने बताया कि डेंगू की शुरुआत में तेज बुखार आता है। सिरदर्द, मितली, और उल्टी भी हो सकती है। ऐसे में तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंच जांच व उपचार कराएं।



जिला अस्पताल में मरीजों का उपचार करते डॉ. प्रशांत द्विवेदी। अमृत विचार

### नगर में 94, ग्रामीण क्षेत्र में अब तक मिले 142 केस

अब तक नगर क्षेत्र में 94 और ग्रामीण इलाकों में डेंगू के 142 केस मिले हैं। ब्लॉक वाइज आंकड़ों के मुताबिक सूची में सबसे ऊपर पूराबाजार है। जहां अब तक 28 के करीब मरीज मिल चुके हैं। मसौधा में 25, बीकापुर में 21, मया बाजार में 19, तारुन में 11, सोहावल में 10, रुदौली में 9 और बाकी विकासखंडों में पांच से कम मामले सामने आए हैं।

**3544 लोगों की हो चुकी है जांच:** जिले में जनवरी से अब तक करीब 3544 लोगों की डेंगू की एलाइजा जांच हो चुकी है। एलाइजा की जांच में ही डेंगू की पुष्टि होती है। इस जांच की सुविधा जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क है। सीएचसी से भी लिए गए डेंगू के संदिग्ध मरीजों के सैंपल इन्हीं जगहों पर पहुंचते हैं। निजी लैब में जांच तो होती है, लेकिन उनके पास एलाइजा रीडर न होने के कारण सैंपल बाहर भेजने पड़ते हैं।

### बचाव ही आपको रखेगा सुरक्षित

जिला एपीडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों को जागरूक करने का काम कर रहा है। डेंगू बुखार एडीज प्रजाति के मच्छरों के काटने से फैलता है।

### डेंगू से बचने के लिए इन बातों का रखें ख्याल

*ढीले-ढाले, लंबी आस्तीन वाले शर्ट और पैंट पहनें।
*सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।
*घर और आस-पास पानी जमा न होने दें।
*पानी की टंकी को पूरी तरह ढककर रखें।
*घर के आस-पास साफ-सफ़ाई रखें।
*बुखार होने पर पानी, नारियल पानी, शिकंजी और तरल पदार्थों का ज्यादा सेवन करें।

### कुंभ मेले के मद्देनजर स्टेशनों पर परखीं सुविधाएं

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** आगामी महाकुम्भ के सफल व सुगम संचालन के लिए बुधवार को लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा अयोध्या पहुंचे। उन्होंने कुम्भ मेले के आयोजन के संबंध में मंडलायुक्त गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार से मुलाकात की। दोनों उच्चाधिकारियों के साथ यात्री प्रबंधन व भीड़ नियंत्रण समेत अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन मंत्रणा की। इससे पूर्व डीआरएम एसएम शर्मा ने अयोध्या कैंट स्टेशन का विंडो ट्रेलिंग करते हुए निरीक्षण किया। समपार संख्या 166सी, 154सी, रौजागांव में निर्माणाधीन गुड्स शेड का कार्य और अयोध्या कैंट स्टेशन पर यात्री सुविधा और संरक्षा संबंधी स्थलों का निरीक्षण किया।

# 29 में से 15 अंत्येष्टि स्थलों का नहीं हो रहा प्रयोग

**सर्वे में खुलासा स्थलों के इर्द-गिर्द लाखों की आबादी फिर भी नहीं हो रहा उपयोग**

## खुली बैठक कर पंचायत विभाग लोगों को प्रयोग के लिए करेगा प्रेरित

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

- सर्वें में स्थलों के उपयोग न होने के सामने आए कई कारण
- 13 करोड़ की लागत से जिले में बनाए गए हैं 52 अंत्येष्टि स्थल
- जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 200 हैं पारपंरिक अंत्येष्टि स्थल

**अमृत विचार :** गांवों में शवों के अंतिम संस्कार के लिए साल 2022-23 से जिले में कुल 29 अंत्येष्टि स्थलों का निर्माण कराया गया। इनमें से 15 का अब तक उपयोग ही नहीं शुरू हो पाया, जबकि इनके ईर्द-गिर्द लाखों की आबादी है। विभाग से कराए गए सर्वे में यह बात सामने आई है। इससे हलचल है। अब पंचायत विभाग गांवों की खुली बैठक कराकर इनके उपयोग के लिए प्रेरित करेगा। सर्वें में उपयोग न होने के पीछे कारण भी कई बताए गए हैं।

अब तक जिले में अंत्येष्टि स्थलों पर कुल 12.67 करोड़ रूपये खर्च किए जा चुके हैं। कुल 52 स्थानों पर अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया गया। उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती जनसंख्या और घटते रकबे में शवों के अंतिम संस्कार की बेहतर सुविधा मिल सके। एक अंत्येष्टि स्थल पर कुल 24.36 लाख रुपये खर्च होता है। विभाग ने साल 2019-20 से 2023-24 तक निर्माण कराए गए 33 अंत्येष्टि स्थलों के उपयोग को लेकर सर्वे कराया। इनमें चार अभी निर्माणाधीन है। सर्वे में पता चला कि 29 में से 15 का उपयोग ही नहीं हो रहा है। यहां लोग शवों का अंतिम संस्कार नहीं कर रहे है। ऐसे में 24 लाख रूपये बनाए गए अंत्येष्टि स्थलों को लेकर सवाल खड़ा हो गया। उपयोग न होने की पीछे कारण कई सामने आए। कई स्थानों पर पता चला कि लोग पारंपरिक स्थानों पर ही शव का अंतिम संस्कार कर रहे हैं। दूसरे वह जो अयोध्या या नदियों के किनारे शव का अंतिम संस्कार करना चाहते हैं। इसी तरह कुछ स्थान ऐसे भी चिंहित किए गए जो अनुपयुक्त स्थानों पर अंत्येष्टि स्थल बना दिए गए। जहां लोग शव का अंतिम संस्कार नहीं करना चाहते हैं।

> कुछ अंत्येष्टि स्थलों का निर्माण के बाद उपोयग नहीं हो रहा है। ग्राम पंचायतों की खुली बैठक कराकर लोगों को प्रेरित किया जाएगा। साथ ही स्थलों को समूहों को सौंपकर व्यवस्थाएं कराई जाएगी। जिससे इसको उपयोग हो। लोगों को शवों के अंतिम संस्कार की सुविधा मिले, दूर न जाना पड़े। निर्माण में देरी को लेकर चार ग्राम सचिवों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। -अविनाश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी

### उपयोग कराने को लेकर नई रणनीति

पंचायत राज विभाग अंत्येष्टि स्थलों के उपयोग न होने से परेशान है। अब वह संबंधित ग्राम पंचायतों में खुली बैठक कराकर लोगों को प्रेरित करेगा। साथ ही यहां नागरिक सुविधाएं विकसित करवाएगा। गांव के किसी स्वयं सहायता समूह को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। लकड़ी और शव के अंतिम संस्कार आदि के पूजन या दूसरी पद्धति के लोगों के लिए व्यवस्था कराने का प्रयास करेगा। जिससे लोग इसका उपयोग कर सकें।




सोहावल ब्लाक की ग्राम पंचायत महोली में बनाया गया अंत्येष्टि स्थल।

### 200 स्थानों पर पारपंरिक अंत्येष्टि स्थल चिह्नित

सर्वे के अनुसार जिले में 200 ऐसे स्थान हैं। जहां पर पारपंरिक रूप से शव का अंतिम संस्कार स्थल है। इनमें कई पर अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जा चुका है।

### अब पारंपरिक स्थलों पर ही होगा निर्माण

विभाग ने तय किया है कि अब अंतिम संस्कार के पारंपरिक स्थलों पर ही अंत्येष्टि स्थलों का निर्माण कराएगा। विभाग के मुताबिक नए स्थलों की सूची इसी आधार पर भेजी गई है।

### 148 स्थानों पर निर्माण को भेजा गया नया प्रस्ताव

जिले के 148 स्थानों पर अंत्येष्टि स्थल के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। यह स्थल विधायकों और दूसरे श्रोतों से मिली सूची के आधार पर भेजा गया है। अगले वित्तीय साल तक इनको स्वीकृति मिल सकती है।

## खाते में पड़े लाखों रुपये नहीं करा पा रहे निर्माण

**अयोध्या, अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों के खाते में खाते में अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण के लिए लाखों रूपये पड़े हैं लेकिन निर्माण नही करा पा रहे हैं। ऐसी चार ग्राम पंचायतों ब्लॉक मसाधौ की सिड़हिर और भदोखर, तारून की राम पुर भगन और पूराबाजार के नरियावां के ग्राम सचिवों से जिला पंचायत राज अधिकारी ने स्पष्टीकरण तलब किया है। कार्रवाई की चेतावनी है।

**उपयोग वाले कुछ गांव :** ब्लॉक पूरा का मूड़ाडीहा, मवई का बिहारा, तारून का तारडीह, अमानीगंज का देवरा, मवई का उमापुर, तारून का जाना आदि।

**उपयोग न होने वाले कुछ गांव :** बीकापुर का उमरनी पिपरी, मसौदा का उसरू अमौना, पूराबाजार का रसूलाबादा, हैरिंग्टनगंज का परसपुर सथरा आदि।

- चार ग्राम पंचायत के सचिवों से स्पष्टीकरण तलब

# कंबाइन मशीन की चपेट में आने से बाइक सवार दंपति की मौत

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार :** खंडासा क्षेत्र के मठिया तिराहे पर बुधवार को कंबाइन मशीन की चपेट में आने से बाइक सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

खंडासा थाना क्षेत्र के इंछोई पूरे जोरई मिश्र गांव निवासी कैलाश नाथ मिश्रा पत्नी सुनीता मिश्रा के साथ बाइक से जा रहा था। मठिया तिराहे पर अचानक कंबाइन मशीन मुड़ गई जिसकी चपेट में आने से पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल दंपति को सीएचसी खण्डासा पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने सुनीता मिश्रा को मृत घोषित कर कैलाशनाथ मिश्रा को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर कर दिया था। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष खण्डासा विवेक कुमार सिंह का कहना है कि दुर्घटना करने वाली कंबाइन मशीन को कब्जे में ले लिया गया है तहरीर मिलने के बाद केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



दंपति का फाइल फोटो।

# ट्रक से टकराई कार चालक की मौत



अयोध्या-लखनऊ हाइवे पर दुर्घटनाग्रस्त हुई कार। अमृत विचार

मवई, अयोध्या

**अमृत विचार :** पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर जरायल कला गांव के समीप बुधवार सुबह 6 बजे एक कार ट्रक से टकरा गई। जिसमें कार चालक की मौत हो गई।

थानाध्यक्ष शशिकांत यादव ने कहा कि संभावना है चालक को झपकी आने से लखनऊ की तरफ जा रही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए दूसरी लेन पर आ रहे ट्रक से टकराकर पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। गंभीर रूप से घायल कार चालक को अपनी गाड़ी से सीएचसी रुदौली ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान विपुल पांडेय पुत्र गोकरन पांडेय निवासी मोहम्मदपुर मोहली थाना रौनाही के रूप में हुई है। वह एक ढाबा का संचालक बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष शशिकांत यादव ने कहा कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### महाविद्यालय को देना होगा परीक्षा से पूर्व कक्षाएं पूरी करने का शपथ-पत्र

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर बुधवार को आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन यूआईएन पंजीकरण की तिथि विस्तारित की गई।

कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि अभ्यर्थी 17 से 21 अक्टूबर तक सत्यापन कर सकेंगे। खास यह कि विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालय द्वारा इस आशय का शपथ-पत्र देना होगा कि संबंधित पाठ्यक्रम की कक्षा अवधि परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व तक पूर्ण कर ली जायेगी। एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय और बीपीएड पाठ्यक्रमों में भी ऑनलाइन यूआईएन पंजीकरण एवं सत्यापन किए जाने की तिथि विस्तारित की गई है। अभ्यर्थी 21 अक्टूबर तक ऑनलाइन यूआईएन पंजीकरण कर सकेंगे।

## एक नजर

### सीनियर पुरुष हॉकी का ट्रायल 18 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय झांसी में 23 अक्टूबर से आयोजित प्रदेशीय सीनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल 18 अक्टूबर को होगा। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में होने वाले जिला व मंडलीय चयन ट्रायल में प्रतिभागी खिलाड़ी को आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र व पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य है। जिला स्तरीय ट्रायल सुबह 11 बजे तथा मंडलीय ट्रायल दोपहर दो बजे होगा।

### हैंडबॉल सबजूनियर वर्ग का ट्रायल 18 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में प्रदेशीय सबजूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय व मंडलीय चयन ट्रायल डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में 18 अक्टूबर को होगा। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि बालक व बालिका वर्ग में होने वाले ट्रायल में वही खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे जिनका जन्म एक जनवरी 2010 या उसके बाद हुआ हो। मंडलीय ट्रायल से चयनित बालक टीम क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय अयोध्या में 25 अक्टूबर से होने वाली प्रदेशीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। जबकि बालिका टीम छह नवम्बर से जिला क्रीड़ा कार्यालय अमेठी में होने वाली प्रदेशीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। जिला स्तरीय ट्रायल सुबह 11 बजे तथा मंडलीय ट्रायल दोपहर एक बजे होगा।

### इजराइल के राजदूत ने राम मंदिर में किए दर्शन

**अमृत विचार, अयोध्या :** भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार बुधवार सुबह अपनी पत्नी के साथ दर्शन करने के लिए राम मंदिर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि वह मंगलवार देर शाम ही अयोध्या पहुंच गए थे और बुधवार सुबह राम मंदिर में दर्शन-पूजन करने के बाद बस्ती में एक कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए।

# कड़ी सुरक्षा के बीच पीड़िता की गवाही

अयोध्या कार्यालय

- भदरसा सामूहिक दुष्कर्म मामले में आरोपी मोईद खान के अधिवक्ता ने की जिरह

**अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के बहुचर्चित 12 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार को पीड़िता की गवाही हुई। अभियोजन पक्ष की तरफ से बयान दर्ज कराया गया। उसके बाद आरोपी मोईद खान के अधिवक्ता ने उससे जिरह की। अब राजू खान के अधिवक्ता द्वारा जिरह किया जाना बाकी है। इसके लिए कोर्ट ने पीड़िता को 17 अक्टूबर को फिर तलब किया है। यह कार्यवाही विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट निरुपमा विक्रम की अदालत में बुधवार को हुई।

विशेष लोक अभियोजक विनोद कुमार उपाध्याय, अभिषेक रघुवंशी व फौजदारी के अधिवक्ता सूर्य नारायण सिंह ने बताया कि पूराकलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 12 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। इसकी रिपोर्ट पीड़िता की मां ने 29 जुलाई 2024 को मोईद खान और राजू खान के खिलाफ वारदात के ढाई माह बाद लिखाई थी, बुधवार को पेशी थी। पीड़िता और उसकी मां को कड़ी सुरक्षा में थाना अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने महिला सिपाहियों व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ लाकर कोर्ट में पेश किया। वहां अभियोजन पक्ष की ओर से बयान दर्ज कराया गया। इसके बाद मोईद खान के अधिवक्ता कृपाल चंद्र खरे और सईद खान ने पीड़िता से जिरह की।

# आयोग से चयनित डॉ. दानपति बने साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य

अयोध्या कार्यालय

- केवल 20 दिन प्राचार्य रहे डॉ. नर्वदेश्वर पांडेय

**अमृत विचार :** कर्मचारी चयन आयोग से चयनित डॉ. दानपति तिवारी ने बुधवार को साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य का पदभार ग्रहण कर लिया है।

कार्यवाहक के भरोसे चल रहे साकेत महाविद्यालय प्राचार्य पद के लिए आयोग की ओर से महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में संस्कृत विभाग के आचार्य और विभागाध्यक्ष डॉ. दानपति तिवारी को चयनित किया गया था। वह काशी विद्यापीठ वाराणसी से अनापत्ति प्रमाण पत्र न हासिल हो पाने के चलते प्राचार्य पद का पदभार ग्रहण नहीं कर पाए थे और उनको पदभार ग्रहण के लिए मिली छह माह की अवधि सितंबर माह में खत्म हो गई थी। जिसको लेकर उन्होंने साकेत प्रबंध समिति के सापेक्ष एक माह के समयावधि विस्तार का आवेदन किया था। वरिष्ठता को लेकर चली कानूनी लड़ाई के बाद उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ के आदेश पर सैन्य विज्ञान विभाग के आचार्य डॉ. नर्वदेश्वर पांडेय को कार्यवाहक प्राचार्य बनाया गया था। तब कार्यवाहक प्राचार्य अभय सिंह को हटाया गया था। कानूनी लड़ाई लड़ कर दोबारा कार्यवाहक प्राचार्य बने डॉ. नंदेश्वर पांडे 20 दिन ही कुर्सी पर रह पाए। पूर्व कार्यवाहक प्राचार्य अभय सिंह सेवानिवृत हो गए हैं।



साकेत महाविद्यालय में नए प्राचार्य डॉ. दानपति तिवारी का स्वागत करते कर्मचारी।

# दक्षिण भारत के वैदिक आचार्यों ने राम मंदिर में किया अनुष्ठान



राम जन्मभूमि परिसर में अनुष्ठान करते वैदिक आचार्य। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शरद पूर्णिमा पर राम मंदिर के यज्ञशाला में राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य विश्वतीर्थप्रसन्नचार्य के द्वारा विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया गया।जिसमें दक्षिण भारत से आए वैदिक अचार्यों के सवा लाख आहुति डाली। पेजावर मठ के स्वामी विश्व तीर्थप्रसन्नचार्य के मुताबिक विश्व में कल्याण के लिए आज यह अनुष्ठान किया जा रहा है। इस दौरान राम मंदिर ट्रस्ट के महसचिव चम्पतराय, गोपाल जी राव समेत काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

**कार्रवाई की तलवार** पॉवर कॉर्पोरेशन इस माह के अंत में शुरू करने जा रहा जागो उपभोक्ता अभियान

# बिल न भरने वाले 30 हजार लोगों की गुल होगी बिजली

अयोध्या कार्यालय

- 10 हजार से ऊपर के बकायेदारों पर भी होगी कार्रवाई



**अमृत विचार :** लंबे समय से कनेक्शन लेकर बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रहे 30 हजार उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। विभाग उनका परमानेंट डिस्कनेक्शन करेगा। इसके लिए विभाग अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से जागो उपभोक्ता जागो अभियान शुरू करने जा रहा है। मौके पर बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की हमेशा के लिए बिजली गुल हो जाएगी। इसके लिए जिले के सभी सात जोन के जिम्मेदारों को तैयारी के निर्देश दिए गए हैं।

जिले में 4.67 लाख बिजली उपभोक्ता हैं। इसमें 30 हजार ऐसे हैं, जिन्होंने कनेक्शन लेकर अब तक एक बार भी बिल भुगतान नहीं किया है। इन उपभोक्ताओं पर करोड़ों का बकाया चल रहा है। ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए विभाग पूरी तैयारी कर ली है। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में अवर अभियंताओं के नेतृत्व में चलने वाले अभियान में टीम गांव-गांव पहुंचेगी। मौके पर बिल का भुगतान नहीं करने पर उपभोक्ता की पोल से बिजली काटने के साथ ही परमानेंट डिस्कनेक्शन की कार्रवाई करेगी।

अभियान में बिजली टीम 10 हजार से अधिक बिल बकाएदारों की चेकिंग करेगी। उपभोक्ता से तत्काल बकाया बिल जमा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बिल नहीं जमा करने पर उपभोक्ता की बिजली पोल से काट दी जाएगी। अभियान में टीम बकाया में उपभोक्ता की बिजली काटने के बाद उच्चाधिकारी को रिपोर्ट उपलब्ध कराएगी। ऑनलाइन रिपोर्ट पर दूसरी टीम उपभोक्ता के घर पहुंचेगी। पता करेगी कि उपभोक्ता ने किसी माध्यम से बिजली का प्रयोग तो नहीं कर रहा है। यह प्रक्रिया बकाया बिल भुगतान करने तक जारी रहेगी।

### परमानेंट डिस्कनेक्शन के साथ ही आरसी काटेगा विभाग

नेवर पेड उपभोक्ताओं को बिल का भुगतान नहीं करने पर विभाग उनका परमानेंट डिस्कनेक्शन की कार्रवाई करने के साथ ही बकाया बिल का आरसी काटेगा। जिला प्रशासन इन नेवर पेड उपभोक्ताओं से बकाया बिल के साथ 10 फीसदी अतिरिक्त चार्ज के साथ वसूल करेगा। अदायगी न करने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

> जागो उपभोक्ता जागो अभियान अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में शुरु किया जाएगा। सभी तैयारियां की जा रहीं हैं। ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने कभी भी बिजली के बिल का भुगतान नहीं किया है उनकी बिजली पूरी तरह से काटी जाएगी। -प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड प्रथम

## एक नजर

### 14 लाख लोगों ने देखी रुदौली की रामलीला

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार :** रुदौली के ख्वाजा हाल में इस बार 12 दिनों तक चली रुदौली रामलीला इस वर्ष सोशल मीडिया पर 14 लाख लोगों ने देखी। समिति के सोशल मीडिया प्रभारी यश बंसल ने बताया कि इस बार की रामलीला ने विभिन्न नए प्रयोगों के जरिए हुए मंचन नया रिकार्ड बनाया है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से भारत सहित 10 देशों में रुदौली की रामलीला देखी गई।

### ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए 14 स्कूलों के बच्चे

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** तारुन विकासखंड सभागार में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज 2024 की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता बुधवार को हुई। इसमें 14 न्याय पंचायतों के कम्पोजिट और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के श्रेष्ठ तीन-तीन विद्यार्थियों ने भाग लिया। बीईओ यशवंत कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान और नवाचार के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। जिसके प्रथम चरण के परिणामों के आधार पर अवरोही क्रम में 25 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इन चयनित विद्यार्थियों के द्वितीय चक्र की प्रश्नोत्तरी में सर्वश्रेष्ठ पांच बच्चों गणेश–तारापुर, सत्य प्रकाश–नैपारा, किंजल–नैपारा, ईशा गुप्ता–तकमीनगंज, मानसिका–पनभरिया को जनपद स्तर पर होने वाली राष्ट्रीय आविष्कार अभियान परीक्षा में भाग लेने हेतु चिह्नित किया गया।

# अयोध्या ने जीता खो-खो का तिहरा खिताब

## मंडलीय स्कूली खो-खो प्रतियोगिता : सब जूनियर बालिका में सुल्तानपुर विजेता

अयोध्या कार्यालय



मंडलीय खो-खो प्रतियोगिता के मुकाबले में संघर्ष करतीं खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मंडलीय स्कूली खो-खो प्रतियोगिता के अंडर-17 बालक व बालिका वर्ग सहित अंडर-14 बालक वर्ग के खिताब पर अयोध्या टीम ने कब्जा कर लिया। वहीं अंडर-14 बालिका वर्ग का खिताब सुल्तानपुर के नाम रहा। मंडलीय क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेन्द्र सिंह ने बुधवार को खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरुआत की।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी के निर्देशन में मंडलीय विद्यालयीय क्रीड़ा समिति की देखरेख व बापू बालिका गर्ल्स इंटर कॉलेज के संयोजन में मकबरा स्थित डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान में गुरुवार से दो दिवसीय मंडलीय खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-14 व अंडर-17 बालक व बालिका वर्ग की स्पर्धा हुई। अंडर-14 बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल में अंबेडकरनगर ने सुल्तानपुर को 5-2 से तथा दूसरे सेमीफाइनल में अयोध्या ने बाराबंकी को 3-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में अयोध्या टीम ने 2-1 से अंबेडकरनगर को पराजित कर खिताब पर कब्जा कर लिया। बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में सुल्तानपुर ने अंबेडकरनगर को 9-0 से तथा अयोध्या टीम बाई पाकर फाइनल में पहुंची। फाइनल में सुल्तानपुर टीम ने अयोध्या को 1-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। अंडर-17 बालिका स्पर्धा के सेमीफाइनल में सुल्तानपुर ने अमेठी को 1-0 से तथा अयोध्या ने बाई के सहारे फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में अयोध्या टीम ने सुल्तानपुर टीम पर 1-0 से खिताबी जीत दर्ज की। बालक वर्ग के सेमीफाइनल में सुल्तानपुर ने अमेठी को 4-0 से तथा अयोध्या ने अंबेडकरनगर को 8-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में अयोध्या टीम ने सुल्तानपुर को 3-2 से पराजित कर खिताब जीत लिया। प्रतियोगिता में अनुज, राजीव मैथ्यूज, अतुल सिंह, विजेन्द्र सिंह व आलोक रेफरी रहे। इस अवसर पर मंडलीय क्रीड़ा समिति के संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह, जयेन्द्र पाठक, राघवेन्द्र सिंह, केएन सिंह आदि मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय एथलेटिक्स, भारोत्तोलन व कुश्ती प्रतियोगिता 26 को

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** उप्र खेल निदेशालय के तत्वावधान व क्षेत्रीय खेल कार्यालय की देखरेख में जिला स्तरीय एथलेटिक्स, भारोत्तोलन व कुश्ती प्रतियोगिता 26 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में सुबह नौ बजे जूनियर बालक व बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता होगी। दोपहर 12 बजे जूनियर बालक वर्ग की भारोत्तोलन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जूनियर बालक वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता अयोध्या हनुमानगढ़ी में सुबह 10 बजे से होगी। प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## दो दिवसीय प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

अयोध्या कार्यालय

▸▸ तीन खेलों के लिए 59 टीमें ले रहीं प्रतियोगिता में हिस्सा

**अमृत विचार :** श्री राम सेवक इंटर कालेज बाबाबाजार में दो दिवसीय प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन बुधवार को पूर्व सासंद लल्लू सिंह ने दीप प्रज्जवलन और ध्वजारोहण कर किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में कबड्डी की 25, वॉलीबॉल की 18 और रस्साकसी की 16 टीमें भाग ले रहीं है। लोकसभा क्षेत्र के सभी ब्लॉकों में अयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता और उपविजेता का लोकसभा स्तर पर फाइनल खेला जाएगा।

पूर्व सांसद ने कहा कि प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार ने कई योजनाओं को मंजूरी दी है। जिससे ओलंपिक व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में प्रदेश के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस प्रकार छोटे आयोजनों से खिलाड़ी को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख राजीव तिवारी, राजेश सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, सुधीर सिंह, आदि मौजूद रहे।



कबड्डी प्रतियोगिता के मुकाबले में संघर्ष करते खिलाड़ी। अमृत विचार

## प्रदेशीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए मंडल टीम घोषित

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार:** प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए अयोध्या मंडलीय टीम बुधवार को यहां क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने घोषित कर दी।

उन्होंने बताया कि अयोध्या डाभासेमर स्थित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में 17 अक्टूबर से आयोजित आठ दिवसीय प्रदेशीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयनित मंडलीय टीम प्रतिभाग करेगी। चयनित टीम में कृष्नन चौरसिया, हिमांशु राय, वाजिद अली, मो. नवाजिस खान, रुपेश यादव, मो. नदीम, मो. तौसीफ, शुभम सिंह, आकाश कनौजिया, नन्दन यादव, तेजस पाठक, आयुष यादव (सभी अयोध्या) कृष्णा यादव व अर्पित सिंह (दोनों बाराबंकी) विवेकानन्द व कृष्णा कुमार (दोनों आंम्बेडकरनगर) शामिल हैं। आरक्षित में शिवम यादव, रवि कुमार, आशिष पटेल (सभी अयोध्या) को रखा गया है।

**सूचना**

मैं शोभा अग्रवाल पत्नी बसंत कुमार अग्रवाल, बसंत कुमार अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय राम कृष्ण अग्रवाल, निवासी आवास विकास कॉलोनी 2/3 शाहपुर आवासीय योजना गोरखपुर के आवास विकास प्लॉट नंबर ए–106/3 नगर निगम भवन संख्या 76 के स्वामी जरिए विक्रय विलेख संख्या 3634 दिनांक 27/06/2006 है। उक्त भवन /प्लांट की मदद डीड दिनांक 31/03/1998 जो उपनिवंधक प्रथम सदर गोरखपुर के यहां फोटो स्टेट बही संख्या 1 खंड 2790 पृष्ठ 191 से 218 पर क्रमांक 1627 पर दिनांक 24/04/1998 को रजिस्ट्रीकृत है, जो वास्तव में खो गया है।

# दंतधावन कुंड में सजी क्षीरसाईं की अलौकिक झांकी

## शरद पूर्णिमा पर भक्तों को दूध-चावल से बनी खीर का किया गया वितरण

अयोध्या कार्यालय



क्षीरसाईं की आरती करते हुए संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास। अमृत विचार

**अमृत विचार :** शरद पूर्णिमा के अवसर पर अयोध्या में भक्ति और आस्था का महारस देखने को मिला। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं में सरयू स्नान कर रामलला का दर्शन पूजन किया। देर शाम प्राचीन दंतधावन कुंड में क्षीरसाईं श्री विष्णु की झांकी देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इस मौके पर खीर प्रसाद भी वितरित किया गया। संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी सहित अयोध्या के साधु संत दर्शन के लिए पहुंचे।

साकेत भूषण समाज के महामंत्री नन्दलाल गुप्ता ने बताया कि समिति की ओर से परम्परागत 135 वर्षों से झांकी सजाई जा रही है। इस झांकी में शेषशैया पर देवी महालक्ष्मी के साथ विराजमान विष्णु शंख, गदा व चक्र के साथ शेषनाग पर विराजमान होते हैं। विष्णु की कमलनाभि के सृष्टि के रचयिता ब्रम्हदेव व नारायण नारायण करते हुये नारदमुनि की सुन्दर झांकी सजाई गई है। इसके साथ ही राम लक्ष्मण और माता सीता के सुंदर स्वरूप का भी दर्शन झांकी में प्राप्त हुआ। मान्यता है कि चन्द्रमा अमृत के देवता हैं और अश्विन शुक्ल की पूर्णिमा को चंद्रमा की किरणों से अमृत की वर्षा होती है। इसी मान्यता के चलते दूध व चावल से बनी खीर का भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया जाता है।

### रामलला को लगाया गया छप्पन भोग

राम मंदिर में भी शरद पूर्णिमा का आयोजन किया गया। सुबह विष्णु के 11वें अवतार के रूप में रामलला की भव्य आरती उतारी गई। दोपहर में 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। सुबह से ही मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। पुजारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि रामलला को सुंदर वस्त्र धारण कराए जाने के साथ दिव्य श्रृंगार कर आरती पूजन हुआ। दिन ढलने के साथ ही मंदिर परिसर में राम भक्तों की संख्या भी बढ़ गई।

## भला न कर सकें तो बुरा भी न करें : साईं रोचकलाल



साईं रोचक लाल साहिब का स्वागत करती सिंधी समाज की महिला।

**अयोध्या, अमृत विचार:** 37वें संत जन्मोत्सव में सिंध प्रांत के शहर रेहणकी से रामनगर कॉलोनी पहुंचे साईं रोचक लाल साहिब ने कहा किसी का भला न कर सकें तो बुरा भी न करें। सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश अंदानी व पवन जीवानी की अगुवाई में सभी पंचायतों के मुखियाओं ने संतों का माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर आशीर्वाद लिया।

**ठाकुर दीप नारायण सिंह स्मारक शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान कुन्दाभैरोपुर सुलतानपुर (उ०प्र०)**
**डी०एल०एड० पाठ्यक्रम हेतु निम्नलिखित पदों के लिए आवश्यकता है**

| क्रम | पदनाम | पदों की संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1- | प्राचार्य | एक पद | 55 प्रतिशत अंको के साथ विज्ञान/समाज विज्ञान/कलाओ/मानवीकरण विषयों में स्नातकोत्तर की उपाधि और 55 प्रतिशत अंक के साथ एम०एड०अथवा एम०ए०शिक्षा की उपाधि तथा किसी अध्यापक शिक्षा संस्थान में पढाने का 5 वर्ष का अनुभव। |

योग्यता,आयु एवं वेतन- राज्य सरकार/विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 15 दिवस के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दो रंगीन फोटो,शैक्षिक अभिलेखो की प्रमाणित प्रति एवं मूल प्रमाण-पत्रों के साथ संस्थान कार्यालय में उपस्थित हो एवं साक्षात्कार हेतु दिनांक 10 नवम्बर 2024 को संस्थान परिसर में प्रातः 12.00 बजे उपस्थित हों।

(अविजित प्रताप सिंह)
प्रबन्धक

## नंदीग्राम महोत्सव 22 से, फिल्मी व बिहारी कलाकारों की रहेगी धूम




नंदीग्राम महोत्सव को लेकर बैठक में मौजूद पदाधिकारी व सहयोगी। अमृत विचार

मसौधा, अयोध्या

**अमृत विचार।** नंदीग्राम महोत्सव में पहली बार फिल्मी सितारों के साथ बिहारी कलाकारों की धूम रहेगी। राम भरत मिलाप मंदिर के महंत परमात्मा दास ने बताया कि महोत्सव में अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए भोजपुरी कलाकार भी आ रहे हैं। सनातन धर्म पर आयोजित होने वाले विविध अनुष्ठानों के लिए अयोध्या सहित देश के कोने-कोने से धर्माचार्य बुलाएं जा रहे हैं। कहा कि 22 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले नंदीग्राम महोत्सव के शुभारंभ के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से भी अनुरोध किया गया है। महोत्सव के महिला संगठन की अध्यक्ष मंजू निषाद और लक्ष्मी सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन शिक्षकों का सम्मान

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** समावेशी शिक्षा के उन्नयन हेतु मंडलीय स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भवदीय पब्लिक स्कूल में बुधवार को सहायक बेसिक शिक्षा निदेशक कौस्तुभ कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अपर आयुक्त प्रशासन ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन शिक्षकों अंजू वर्मा मसौधा, शिश कुमार वर्मा तारुन, व अवधेश कुमार मया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दृष्टिबाधित बालक शिवनाथ ने सरस्वती वंदना व समर ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रथम सत्र में अपर परियोजना निदेशक रोहित त्रिपाठी ने 21 प्रकार की दिव्यांगताओं, दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन व उनको दी जाने वाली सभी सुविधाओं आदि की जानकारी दी।



राज्याभिषेक के दौरान मौजूद समितियों के पदाधिकारी। अमृत विचार

## श्रीराम के राज्याभिषेक का किया मंचन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामराज्य बैठे त्रैलोका। हर्षित भए, गए सब शोका। श्री रामचरितमानस की इस पंक्ति को चरितार्थ करते हुए श्री बाल रामलीला कमेटी कोठापार्चा, श्री बाल रामलीला समिति अशोकपुरम जप्ती एवं श्री रामलीला कमेटी साहबगंज द्वारा अपने-अपने लीला स्थलों पर प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक का मनमोहक मंचन किया गया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उपस्थित रामभक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा की हम सबको प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का प्रयत्न करना चाहिए। वहीं श्री रामलीला समिति साहबगंज द्वारा भव्य राजगद्दी के कार्यक्रम में गायक वंदन मिश्र द्वारा दर्शकों के समक्ष भाव विभोर कर देने वाली प्रस्तुति दी गई। अशोकपुरम जप्ती की रामलीला में राज्याभिषेक का कार्यक्रम एक भजन संध्या के स्वरूप में प्रारंभ हुई और देर रात तक श्रद्धाल भजनों व कलाकारों के आकर्षक प्रस्तुति पर मंत्रमुग्ध होते रहे। समिति के अध्यक्ष पीयूष मौर्या लकी के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ।

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैने अपना नाम JORIL SHATAB W/o ZURIEL SHATAB नि0–A-3 AFROZ APARTMENT, KHURRAM NAGAR, LUCKNOW, UTTAR PRADESH से बदल कर ZURIEL SHATAB s/o MOHAMMAD SHATAB कर लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **धर्मराज सुत स्व0 रामदत्त, निवासी–मोहल्ला खैराबाद, मकान नम्बर–2104 राहुल टाकीज के पीछे परगना मीरानपुर तहसील सदर** मेरे दो लडके गुड्डू उर्फ दुर्गा प्रसाद व भोले कुमार है। मेरा पहला लडका गुड्डू उर्फ दुर्गा प्रसाद विगत 10–12 साल से मेरे साथ नहीं रहता है और एक मुसलमान की लडकी से शादी करके अपना धर्म परिवर्तन करते हुए बाहर रह रहा है। अपने लडके के उपरोक्त कृत्य से अजिज आकर अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से अपने लडके गुड्डू उर्फ दुर्गा प्रसाद को बेदखल करता है कि आज के बाद से गुड्डू उर्फ दुर्गा प्रसाद का मेरे व उसके परिवार तथा उसकी सम्पत्ति से कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने मझले पुत्र पिन्टू को गलत चाल –चलन के कारण अपनी चल –अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए कृत्यों से मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **होली पुत्र रामनरेश ग्राम गुलरिहा पुरैना जनपद–बलरामपुर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम उदयाचल था जिसे बदलकर मैंने अपना नाम उदयाचल दिवेदी (UDAYACHAL DIWEDI) रख लिया है। भविष्य में मुझे उदयाचल दिवेदी (UDAYACHAL DIWEDI) के नाम से जाना पहचाना जाए। **– उदयाचल दिवेदी** (UDAYACHAL DIWEDI) , **पुत्र बजरंगबली, पता – 165, ग्राम भिटारी, पोस्ट कल्याणपुर केवटानी, तहसील – मिल्कीपुर, जिला अयोध्या।**

**सूचना**

मैं, रोहित कुमार मिश्रा No- 7789208H Rank L/NK (MP) के शैक्षणिक प्रपत्र व सर्विस सेवा प्रपत्र में मेरे पिता का नाम श्रीचन्द मिश्रा (SRICHAND MISHRA) व माता का नाम सुशीला देवी (SUSHILA DEVI ) लिख गया है जबकि मेरे पिता का सही नाम श्रीचन्द्र मिश्रा (Shri chandra Mishra) व माता का नाम सुशीला मिश्रा (Susheela Mishra) है। अतः मेरे प्रपत्र व भविष्य के सभी कार्यो में सही–सही नाम Shri chandra Mishra व माता का नाम Susheela Mishra लिखा व पढ़ा जाय।

**सूचना**

मेरी एल आईसी पॉलिसी 214514063 में मेरा नाम संतोष कुमार वर्मा लिखा है जो कि घरेलू नाम है। आधार अभिलेख के अनुसार मेरा सही नाम अशोक कुमार है। मैं दोनों नाम से जाना पहचाना जाता हूं। **–अशोक कुमार पुत्र शिव दर्शन निवासी पूरे सोमवंशी,रौसी पोस्ट भीरा गोविंदपुर रायबरेली।**

दौरा — मध्य प्रदेश के मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त से जाने अयोध्या के विकास कार्य

# अयोध्या में चल रहीं समग्र विकास की परियोजनाएं

अयोध्या कार्यालय



विकास प्राधिकरण के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते मंडलायुक्त गौरव दयाल, साथ में पीआईबी के संयुक्त निदेशक दिलीप शुक्ला।

**अमृत विचार :** मध्य प्रदेश से आए 13 सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल से मुलाकात की। अयोध्या के विकास कार्यो के विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मंडलायुक्त ने अयोध्या में चल रही समग्र विकास की परियोजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल पत्र सूचना कार्यालय लखनऊ और भोपाल के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश के दौरे पर है।

दौरे का उद्देश्य राज्य की संस्कृति, स्वच्छता प्रयासों और विकास परियोजनाओं का अध्ययन करना है। मंडलायुक्त ने मीडिया दल को अयोध्या के महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, बुनियादी ढांचे के विस्तार, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास और स्वच्छता कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अयोध्या में रिंग रोड निर्माण, एयरपोर्ट विस्तार और रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण में केंद्र सरकार के रेल मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का सहयोग मिल रहा है। कहा कि जल्द ही अयोध्या के चारों ओर लगभग 62 किलोमीटर की लंबाई का रिंग रोड निर्माण कार्य शुरू होगा। कहा कि अयोध्या में होम स्टे सरकार की टूरिज्म को प्रमोट करने की पॉलिसी है। होम स्टे की संख्या एक हजार के पार हो चुकी है, जिसका फायदा अयोध्या में हर रोज आने वाले लगभग 70 हजार से एक लाख पर्यटकों को मिल रहा है।

पत्रकारों को बताया कि अयोध्या में एक सॉफ्टवेयर पार्क के निर्माण के लिए जमीन आवंटित की गई है। इससे स्थानीय लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में अयोध्या विजन -2047 विषय पर प्रोजेक्ट कंसल्टेंट विनीत पाठक ने प्रेजेंटेशन भी दिया। इस अवसर पर पीआईबी के संयुक्त निदेशक दिलीप शुक्ला भी मौजूद रहे।

## 564 एनसीसी कैडेट्स आज से लेंगे प्रशिक्षण

**कुमारगंज, अयोध्या, अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में 65 यूपी बटालियन एनसीसी का वार्षिक एनसीसी कैंप गुरुवार से शुरू हो रहा है। इसमें अयोध्या और अंबेडकरनगर से 564 एनसीसी के छात्र-छात्राएं सैन्य प्रशिक्षण लेंगे। कैंप में 65 यूपी बटालियन के लगभग 40 सैन्य अधिकारी एवं कर्मचारी एनसीसी के छात्रों को प्रशिक्षण देंगे। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने बुधवार को एनसीसी अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एनसीसी अधिकारी डॉ. नवीन कुमार सिंह ने बताया कि कैंप के लिए विश्वविद्यालय के मुख्य खेल मैदान को चिन्हित किया गया है। फायरिंग रेंज भी पूरी तरह से तैयार है।



## एक नजर

### व्यापार मंडल के अध्यक्ष बने अनिल

अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्र ने उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अनिल अग्रहरि को 2027 तक के लिए जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही महामंत्री पद पर एक बार फिर से नवनीत मद्धेशिया को नामित किया गया है। अरुण अग्रहरि, उमेश कसौधन, संजीव गुप्त, बाचा रामबचन यादव, जितेंद्र गुप्त आदि ने मनोनयन पर हर्ष जताया है।

### किसानों का उत्पीड़न बंद किया जाए

जलालपुर, अंबेडकरनगर। नव भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं की बैठक जलालपुर ब्लाक के निकट हुई। जिलाध्यक्ष चलाकू पाल ने कहा कि किसान समस्याओं से घिरे हुए हैं। उन्हें उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा। उस पर से उनका उत्पीड़न भी किया जा रहा है। बीते दिनों मरहरा स्थित तालाब का जाल खोल देने के मामले में फर्जी ढंग से किसानों पर मुकदमा दर्ज करा दिया गया। उन्होंने कहा कि किसानों पर दर्ज मुकदमा तत्काल वापस लिया जाए, यदि ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन छेड़ा जाएगा।

### सभी सीएचसी पर बनाया जाएं दिव्यांग शिविर

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। दिव्यांग कल्याण समिति की बैठक बरियावन में आयोजित की गई। जिसमें सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शिविर लगाकर दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाए जाने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष लालमन ने कहा कि प्रमाणपत्र के लिए दिव्यांगों को जिला अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ती है। दूरदराज से आने वाले दिव्यांगों को इसमें मुश्किल होती है।

### सेवानिवृत्त शिक्षक संगठन का करेंगे विस्तार

अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश सेवानिवृत्त शिक्षक कल्याण संगठन की बैठक बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में हुई। जिसमें 17 अक्टूबर को कार्यकारिणी विस्तार को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष रामआसरे विश्वकर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक समस्याओं से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उसे दूर करने की सुध जिम्मेदारों को नहीं है। उन्होंने कहा कि हम सभी को चाहिए कि ब्लॉक स्तर तक संगठन को मजबूत करें।

# कटेहरी उपचुनाव को लेकर कर्मचारियों को करें प्रशिक्षित : डीएम

## बीएसए और डीआईओएस आगामी उप निर्वाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रमों का संचालन कर मतदाताओं करें जागरूक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में समस्त नोडल अधिकारी, अपर नोडल अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 277-कटेहरी विधानसभा उप चुनाव की तैयारी के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता ने विस्तार पूर्वक आगामी विधानसभा उप चुनाव की तैयारी के बारे में बिंदुवार जानकारी दिया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारी, अपर नोडल अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया कि आगामी विधानसभा उप चुनाव में लगाए गए समस्त कार्मिक दिए गए दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें, जिससे आगामी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आयोग के निर्देशों का बेहतर अध्ययन कर लेने और निर्वाचन संबंधी समस्त प्रक्रियाओं में आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित कार्मिकों को प्रशिक्षण दिलाए, जिससे अधिकारियों, कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने में आसानी हो। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह, डीआईओएस गिरीश कुमार सिंह व अन्य संबंधित अधिकारियों को आगामी उप निर्वाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए बृहद स्तर पर स्वीप कार्यक्रमों का संचालन कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक और प्रेरित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।



कटेहरी उप चुनाव को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह। अमृत विचार



नामांकन कक्ष स्थापित करने के लिए निरीक्षण करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता। अमृत विचार

### राजनीतिक दलों की उतारी गई होर्डिंग

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही समूचे जनपद में राजनीतिक दलों से जुड़ी होर्डिंग और बैनर उतारने का काम शुरू कर दिया गया है। अलग-अलग क्षेत्रों में यह जिम्मा कहीं निकाय प्रशासन तो कहीं तहसील प्रशासन ने संभाला। कटेहरी से लेकर भीटी और अकबरपुर से लेकर टांडा, बसखारी व अन्य क्षेत्रों में टीमें सक्रिय हो गई। अलग-अलग क्षेत्रों से होडिंग, पोस्टर व बैनर उतारने का दौर शुरू हो गया। एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता ने बताया कि प्रभावी ढंग से आदर्श आचार संहिता का पालन शुरू करा दिया गया है।

### जिम्मेदार नामांकन की तैयारी करें पूर्ण

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कटेहरी उप चुनाव को सकुशल और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए विगत निर्वाचनों की भांति नामांकन कक्ष स्थापित करने के लिए निरीक्षण किया। बता दें कि विधानसभा उप चुनाव के लिए नामांकन स्थल न्यायालय बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी अकबरपुर को बनाया गया है। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मातहतों को निर्देशित किया कि नामांकन की पूरी तैयारी समय से पूर्व पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी और निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### कटेहरी उपचुनाव के लिए 18 अक्टूबर से होगा नामांकन

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। कटेहरी विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने तारीखों का ऐलान कर दिया है। जिला निर्वाचन आयोग ने जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी है। चुनावी कार्यक्रम के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया 18 अक्टूबर से शुरू होगी और मतदान 13 नवंबर को होगा। 18 से 25 अक्टूबर तक प्रत्याशी अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इसके बाद 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 30 अक्टूबर को प्रत्याशी अपने नामांकन पत्र वापस ले सकेंगे। मतदाता 13 नवंबर को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी। कटेहरी विधानसभा क्षेत्र में चार लाख से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 2 लाख 10 हजार 568 पुरुष, 1 लाख 90 हजार 306 महिला, 7 हजार 667 थर्ड जेंडर, 3 हजार 381 युवा मतदाता और 2 हजार 560 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। मतदान के लिए 425 मतदेय स्थल बनाए गए हैं, जहां मतदाता अपने वोट डाल सकेंगे।

# यातायात पुलिस कर्मियों को हेलमेट देकर किया सम्मानित

. जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

▶▶ सड़क सुरक्षा पखवाड़ा दिवस के तहत 2 से 16 अक्टूबर तक यातायात नियमों के तहत किया गया जागरूक

अमृत विचार। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा दिवस के समापन पर जिलाधिकारी ने यातायात पुलिस कर्मियों को सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत दुर्घटना में घायल लोगों की मदद करने के लिए हेलमेट देकर सम्मानित किया।

सहायक परिवहन अधिकारी सतेंद्र यादव ने बताया कि सड़क सुरक्षा के चलते 2 से 16 अक्टूबर तक प्रदेश में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाए जाने का निर्णय लिया गया। शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निम्नानुसार जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। उपरोक्त के क्रम में परिवहन विभाग सडक़ सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारम्भ 02 अक्टूबर को कराया गया। जिसमें यातायात रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलायी गई। परिवहन विभाग ने यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार और यातायात नियमों की शपथ दिलायी। वहीं हेलमेट व सीटबेल्ट, ओवरलोडिंग, गलत नम्बर प्लेट, बिना एचएसआरपी आदि मदों में प्रवर्तन चेकिंग की कार्यवाही की गई। परिवहन निगम पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा सडक़ सुरक्षा से संबन्धित यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार कराया गया। वहीं निगम की बसों की तकनीकी कमियों को दूर कराया गया और यातायात नियमों की शपथ दिलायी गई। पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार व यातायात नियमों की शपथ दिलायी गयी और हेलमेट व सीटबेल्ट आदि मद में प्रवर्तन चेकिंग की गई।



यातायात पुलिसकर्मियों को हेलमेट देकर सम्मानित करते डीएम अविनाश सिंह।

### यातायात नियमों के पालन की दिलाई गई शपथ

समस्त एजेंसियां ब्लैक स्पॉट के स्थानों पर सुधारात्मक कार्यवाही करायी गई और यातायात नियमों के पालन के लिए शपथ दिलायी गई। शिक्षा विभाग जनपद के सभी महाविद्यालयों, इण्टरमीडिएट कॉलेजों में यातायात नियमों के पालन के लिए जनपद के समस्त शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना के समय यातायात नियमों के पालन के लिए शपथ दिलायी गई और सडक़ सुरक्षा से सम्बन्धित विद्यार्थियों के मध्य भाषण, निबन्ध प्रतियोगिता कराई गई। स्वास्थ्य विभाग व्यवसायिक और गैर व्यवसायिक वाहन चालकों के नेत्र व स्वास्थ्य का परीक्षण कुशल चिकित्सकों द्वारा कराया गया और यातायात नियमों के पालन के लिए शपथ दिलाई गई।

## दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। दिव्यांग किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी की जमानत अर्जी विशेष न्यायाधीश पॉक्सो मोहन कुमार ने खारिज कर दी। भीटी थाने में बीते दिनों दर्ज कराए मुकदमें में वादी ने बताया था कि उसकी 13 वर्षीय पौत्री मूक बधिर है। वह शौच के लिए शाम को घर से बाहर निकली थी। इसी बीच गांव निवासी युवक कृष्णकांत ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घर पहुंचकर अपनी मां को मामले जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। इसी मामले में अब विशेष जज ने आरोपी की जमानत अर्जी नामंजूर कर दी।

# सचेत मोबाइल ऐप से मिलेगी आपदा की जानकारी : एडीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सदानंद गुप्ता ने बताया कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण के राष्ट्रीय मंच के तृतीय सम्मेलन मार्च 2023 में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा सचेत मोबाइल ऐप का विमोचन किया गया है।

भारत सरकार द्वारा सचेत मोबाइल ऐप के माध्यम से आप अपने स्थानीय मौसम, तापमान, वर्षा, प्रदूषण का स्तर, वज्रपात का एलर्ट तथा विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के समय क्या करें, क्या न करें आदि के बारे में पता लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त अधिकारी और कर्मचारी स्वयं व अपने संबंधित अन्य लोगों को भी इस मोबाइल एप के बारे में जानकारी दे और डाउनलोड करें। अपने मोबाइल ऐप को गूगल प्ले स्टोर के मध्यम से डाउनलोड कर पूर्व से ही आपदा संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस ऐप को अपने आसपास के आम जनमानस को डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करें। यह सचेत मोबाइल ऐप गूगल प्ले और ऐपल स्टोर पर पर उपलब्ध है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र के पलई रामनगर के पास बसखारी की ओर से आ रही हुंडई कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटर साइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई।

बता दें कि पलई राम नगर के पास बसखारी की ओर से आ रही हुंडई कार ने बसखारी की ओर जा रही मोटरसाइकिल जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमे मोटरसाइकिल सवार कृष्ण कुमार चौबे पुत्र रामप्यारे चौबे निवासी ग्राम फतेपुर थाना जहांगीरगंज और सकलदेव वर्मा पुत्र गुरबक्श वर्मा निवासी ग्राम गौर गूजर थाना टांडा गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर आस पास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और घटना की सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भेजवाया। जहां इलाज के दौरान कृष्ण कुमार चौबे की मौत हो गई। वहीं घायल युवक का इलाज चल रहा हैं। सम्मनपुर थानाध्यक्ष नें बताया कि दुर्घटना में एक की मौत हुई हैं। जिसका शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भ्झह्यज दिया गया है।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के एनटीपीसी कालोनी के पास टांडा अयोध्या मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल 26 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि भागीरथी पुत्र राम लौट निवासी ग्राम मखदूम नगर थाना अलीगंज ने बताया कि मेरा पुत्र प्रभात कुमार उर्फ सरोज उम्र 26 वर्ष बीते 12 अक्टूबर को एनटीपीसी में दशहरा मेला देखने गया था। लौटते समय किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। जिसे पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

## सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। महरुआ थाना क्षेत्र के महरुआ भीटी मार्ग पर दूबे पुरवा गांव के पास सडक़ के किनारे पानी भरे गड्ढे में एक 50 वर्षीय पुरुष का शव मिलने से हडक़ंप मच गया। सुबह स्थानीय लोगों ने शव देखा, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को मामले की सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को गड्ढे से बाहर निकालकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान न हो पाने के कारण पुलिस ने शव का पंचानामा बनाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पति-पत्नी ने सरयू नदी में लगाई छलांग, पति की मौत

टांडा, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। थाना हंसवर क्षेत्र के वर्गी निजामपुर में परिवारिक विवाद को लेकर पति-पत्नी ने सरयू नदी में छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों ने पत्नी को तो बचा लिया, लेकिन पति डूब गया। जिसका शव कड़ी मस्कत के बाद नदी से निकाला गया।

बस्ती जनपद के थाना लालगंज क्षेत्र के ग्राम बनकटी निवासी शिवनंदन पुत्र नेबुलाल अपनी ससुराल ग्राम नरकटा बैरागीपुर थाना हंसवर आया था। पति-पत्नी शाम को वर्गी निजामपुर में सरयू नदी के किनारे घूमने गए थे कि किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि पति-पत्नी दोनों ने नदी में छलांग लगा दी। छलांग लगते देख आस पास के ग्रामीण दौड़े और बचाव के लिए नदी में कूदे। मौके पर पत्नी रीता को तो बचा लिया गया, लेकिन शिवनंदन डूब गया। शिवनंदन के शव को स्थानीय लोगों ने नदी से ढूंढ कर बाहर निकाला। शिवनंदन की मौत को लेकर मायके और ससुराल दोनों के परिवार में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष हंसवर संजय कुमार पांडेय ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### छात्र-छात्राओं को दिया गया ताइक्वांडों का प्रशिक्षण

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। अकबरपुर नगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को ताइक्वांडों का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें कहा गया कि इस कला में निपुण होने से आत्मविश्वास बढ़ता है। हम सभी को चाहिए कि इसे लेकर खुद जागरूक हो और दूसरों को भी जागरूक करें। प्रशिक्षक संध्या राजभर ने कहा कि ताइक्वांडो एक ऐसी कला है जिससे कोई भी आत्मरक्षा कर सकता है। युवतियों को चाहिए कि वह ताइक्वांडो में पूरी तरह निपुण हों।

### आधा दर्जन लोगों ने युवक को जमकर पीटा, मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। सलाहुद्दीनपुर चौराहे पर खड़े दलित की पुरानी रंजिश को लेकर गांव के आधा दर्जन लोगों ने मिलकर पिटाई कर दी और मरणासन्न हालत में छोड़ कर फरार हो गए। पिटायी से युवक के शरीर की कई जगह हड्डियां टूट गई। पीडित के पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने दो ज्ञात और चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध एससी-एसटी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि मालीपुर थानाक्षेत्र के सलाहुद्दीनपुर निवासिनी चांदनी पत्नी संदीप ने पुलिस से शिकायत किया है कि उसका पति संदीप सोमवार को गांव के चौराहे पर खड़ा था। इसी बीच गांव के ही आयुष प्रजापति, भारत यादव समेत चार अज्ञात लोग पहुंचे और उसके पति पर टूट पड़े और मिलकर उसकी पिटाई कर दी। पिटायी से शरीर पर गम्भीर चोटें आई और शरीर की तीन जगह से हड्डी टूट गई। विपक्षी उसके पति को मरा समझकर जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मामलें में पत्नी की तहरीर पर मालीपुर पुलिस ने दो नामजद समेत आधा दर्जन के विरुद्ध एससी-एसटी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मालीपुर प्रभाकांत तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### दहेज हत्या के दोषियों को दस वर्षका कारावास

विधि संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। दहेज हत्या के दोषी पति, देवर और ससुर को कोर्ट ने 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। तीनों दोषियों पर अलग-अलग धाराओं में चार-चार हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। मामला पांच वर्ष पहले टांडा कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। जनार्दनपुर निवासी रामउजागिर ने तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन ज्योति का विवाह धौरहरा निवासी संजय के साथ 2016 में हुआ था। विवाह के बाद से ही उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताडि़त किया जाने लगा। बाद में दहेज के लिए उसकी हत्या कर दी गई। उसके गले पर चोट का निशान भी मिला था। मामले में गला दबाकर हत्या कर देने का मुकदमा दर्ज हुआ था। अब इसी मामले में अपर जनपद न्यायाधीश द्वितीय परविंद कुमार ने मृतक विविहिता के पति संजय, देवर मंजीत और ससुर ओमप्रकाश को दहेज हत्या का दोषी पाया। कोर्ट ने तीनों दोषियों को दस दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। सभी पर चार-चार हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

### एमडीएम और अस्पतालों के खाने की गुणवत्ता की करें जांच

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एडीएम ने परिषदीय विद्यालयों में एमडीएम योजना के तैयार भोजन, अस्पतालों में मरीजों को दिए जाने वाले खाने की गुणवत्ता की जांच के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय श्रवण कुमार त्रिपाठी ने एडीएम सदानंद गुप्त को बताया कि बीते तीन माह में 1206 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 172 नमूने प्रयोगशाला को भेजे गए। जिसमें 134 अधोमानक, 11 असुरक्षित तथा सात मिथ्याछाप निकले। अधोमानक के 63 परिवादों में 10 लाख 14 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। 48 विभिन्न स्थानों पर तथा 19 विद्यालयों में मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेट्री शिविर के माध्यम से जागरूक किया गया।

### हॉकी व एथलेटिक्स खिलाड़ियों का जिला स्तरीय ट्रायल आज

बलरामपुर अमृत विचार। प्रदेश स्तरीय सीनियर बालक/बालिका एथलेटिक्स व बालक हॉकी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। स्पोर्ट्स स्टेडियम में 17 अक्तूबर को जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। ट्रायल देने के लिए खिलाड़ियों का आधार कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य है। जिला खेल अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि 21 अक्तूबर को गोरखपुर में राज्य स्तरीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता तथा 23 अक्तूबर को झांसी में हॉकी प्रतियोगिता आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के आधार पर होगा। 17 अक्तूबर को दोपहर तीन बजे से ट्रायल लिया जाएगा।

# जिला और मंडल स्तर पर होगा खिलाड़ियों का चयन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। खेल निदेशालय के निर्देशानुसार विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए जिला और मण्डल स्तर पर चयन और ट्रायल निर्धारित किए गए हैं। उक्त प्रतियोगिताओं के लिए जिला चयन ट्रायल एकलव्य स्पोट्र्स स्टेडियम और मण्डलीय चयन ट्रायल डॉ. भीमराव अम्बेडकरनगर अंतर्राष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल डाभासेमर अयोध्या में किया जाएगा। जनपद के इच्छुक बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ी इस चयन और ट्रायल में भाग ले सकते हैं। सब-जूनियर आयु वर्ग में चयन व ट्रायल में भाग लेने वाले बालकों और बालिकाओं की जन्मतिथि 01 जनवरी 2010 या उसके बाद की हो। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बालकों और बालिकाओं को अपने साथ आधार कार्ड, जन्मतिथि प्रमाण-पत्र लाना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिए खिलाड़ी किसी भी कार्यालय दिवस में जिला खेल कार्यालय में आकर जानकारी ले सकते हैं।

## फांसी लगाकर युवक ने दी जान

जलालपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। आपसी विवाद के चलते 28 वर्षीय युवक ने गमछे से फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के अशरफपुर भुआ गांव का है। बता दें कि गांव निवासी कवि विश्वकर्मा उर्फ लकड़ू पुत्र राम जियावन 28 वर्ष का मंगलवार रात आपसी विवाद हो गया था। जिससे परेशान होकर बुधवार सुबह गांव के निकट जोखन वर्मा के बाग में गमछे से फांसी लगा लिया। ग्रामीण जब पेड़ से लटकते हुए उन्हें देखे तो क्षेत्र में खबर आग की तरह फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर कोतवाल संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक गुलाम रसूल, हेड कांस्टेबल रामकिशोर सिंह समेत तमाम लोग मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# एथलेटिक्स में अकबरपुर बना ओवरऑल चैंपियन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। माध्यमिक विद्यालयों की जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का बुधवार को रंगारंग समारोह के बीच समापन हो गया। मोतीलाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालीपुर में आयोजित प्रतियोगिता में जनपद में ओवरऑल चैंपियन का खिताब अकबरपुर जोन को मिला। जनपद में दूसरे स्थान पर नेवादा और तीसरे स्थान पर नाऊसांडा जोन रहा। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने विजेता और उपविजेता खिलाडियों को पुरस्कार वितरित किया।

इससे पहले सभी 10 जोन के खिलाडियों ने मार्च पास्ट निकालकर मुख्य अतिथि को सलामी दी और अगले वर्ष प्रतियोगिता में फिर मिलने का वादा किया। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद खिलाडियों को पुरस्कार का वितरण किया गया। जिला क्रीड़ा सचिव अजीत सिंह ने बताया कि अकबरपुर जोन में पूरे प्रतियोगिता के दौरान शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 217 अंक हासिल किया और ओवरआल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। नेवादा जोन को 120 अंक मिले जबकि नाऊ सांडा को केवल 91 अंक मिले। राजेसुल्तानपुर को 71, कटेहरी और किछौछा को 62 अंक प्राप्त हुए। अकबरपुर को व्यक्तिगत स्पर्धा में 26 जबकि टीम इवेंट में आठ गोल्ड मेडल के साथ 60 पदक मिले। नेवादा को आठ गोल्ड और नाऊसांडा को सात गोल्ड मेडल मिला। प्रतियोगिता के दौरान तीन इवेंट्स में गोल्ड हासिल करने वाले नौ खिलाडियों को व्यक्तिगत चैंपियनशिप का खिताब दिया गया। व्यक्तिगत चैंपियनशिप हासिल करने वालों में पवन कुमार, आजाद अंजलि, सीलम, मानस, शालिनी, अर्चना, ममता और सपना चौधरी शामिल हैं। व्यक्तिगत चैंपियनशिप का खिताब भी सबसे ज्यादा कर खिलाडियों ने अकबरपुर जोन से हासिल किया। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ने चैंपियनशिप पर हासिल करने वाले खिलाडियों को शील्ड प्रदान कर उनको बधाई दी।



अकबरपुर जोन के खिलाडि़यों को जनपद में ओवरऑल चैंपियन का खिताब देते जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह।

### रिले रेस में भी अकबरपुर रहा अव्वल

समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के समक्ष चार गुणा 100 मीटर की रिले रेस प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें सीनियर बालक और जूनियर बालक के अलावा सीनियर बालिका और जूनियर बालिका टीम ने हिस्सा लिया। सीनियर बालक और जूनियर बालक वर्ग में रिले रेस का खिताब भी अकबरपुर जोन के खिलाडि़यों को मिला। कटेहरी और नाऊसांडा जोन दूसरे स्थान पर रहे। रिले रेस प्रतियोगिता के दौरान काफी रोमांच देखने को मिला।

### ईमानदारी और अनुशासन जरूरी

प्रतियोगिता के समापन पर बोलते हुए मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी रेस में ईमानदारी और अनुशासन का होना जरूरी है। अगर आपको लंबी रेस का घोड़ा बनना है। उन्होंने खिलाडि़यों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मंडल स्तर और प्रदेश स्तर पर भी जनपद का नाम रोशन करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रधानाचार्य सुमित्रा देवी, डॉ. तारा वर्मा, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मंडलीय अध्यक्ष उदय राज मिश्रा, पुरुषोत्तम ओझा, डॉ. प्रियंका तिवारी, सुशील सिंह, अंकुर सिंह, व्यायाम शिक्षक वीरेश कुमार, ओमवीर वर्मा, जयप्रकाश मौर्य, आशीष यादव, विजयपाल गौड़, प्रबुद्ध सिंह, शशीमौल तिवारी, राघवेंद्र प्रजापति, जितेंद्र मौर्य समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### आज आएंगे राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष

**गोंडा, अमृत विचार** : राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय का आगमन गुरुवार को जिले मे हो रहा है। उक्त जानकारी देते हुए राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष सिद्धदेव सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पार्टी द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। उसके पश्चात पत्रकारों से भी मुखातिब होंगे। वह स्थानीय चौधरी चरण सिंह फील्ड हॉस्टल में पत्रकारों से बातचीत करेंगे।

### संपर्क मार्ग के निर्माण की रखी मांग

**रुपईडीह, गोंडा।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत नव्वागांव के गोमती पुरवा से आर्य नगर पृथ्वी नाथ मार्ग तक जाने वाली सड़क का निर्माण आज तक नहीं हुआ है। इससे क्षेत्रीय जनता को गमनागमन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। ग्राम प्रधान राकेश कुमार वर्मा उर्फ ननबच्चा ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से मिलकर उक्त सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग की है।

### सड़क और पुलिया क्षतिग्रस्त

**रुपईडीह।** ग्राम पंचायत पड़री पारासराय में मनवर उद्गम स्थल से गोंडा बलरामपुर मार्ग तक जाने वाली पक्की सड़क पर राम मूर्ति के खेत के निकट पुल का निर्माण कराये जाने की मांग प्रधान पूर्णिमा देवी ने मुख्य विकास अधिकारी से की है। उन्होंने बताया कि उक्त सड़क पर पुल का निर्माण न होने से क्षेत्रीय जनता को बारिश के दिनों में गमनागमन के लिए दिक्कते उठानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि उक्त स्थल पर जल निकासी के लिए पुलिया का निर्माण कराया गया था जो पानी के तेज बहाव के चलते क्षतिग्रस्त हो गई।

### स्कूल खोलवाने की मांग

**रुपईडीह।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत निबिहा परसपुर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुलवाए जाने की मांग प्रधान शिवनाथ तिवारी ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से की है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में प्राथमिक विद्यालय से कक्षा पाँच उत्तीर्ण करने के बाद छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

# पिकअप से भिड़ी बाइक, दो लोगों की मौत

## एक की हालत गंभीर, परसपुर भौरीगंज मार्ग पर हुआ भीषण हादसा

संवाददाता, परसपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** परसपुर के भौरीगंज मार्ग पर बुधवार को एक पिकअप व बाइक में आमने सामने की भिड़ंत हो गयी। इस हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कालेज भेजा गया है। पुलिस ने पिकअप व उसके चालक को हिरासत में लिया है और घटना की जांच कर रही है।

परसपुर थाना क्षेत्र के शिवगढ़ गांव के ठाकुर दीन पुरवा निवासी वीरेन्द्र यादव (22) रमेश यादव (28) व अमित यादव (26) बुधवार को एक बाइक से परसपुर बाजार की तरफ जा रहे थे। बाइक





रमेश यादव वीरेंद्र। (फाइल फोटो)

रमेश चला रहा था। वह तपस्वी धाम मंदिर बद्दू पुरवा के पास पहुंचे थे कि परसपुर की तरफ टेंट का सामान उठाने भौरीगंज बाजार जा रही एक पिकप से उनकी आमने-सामने भिड़न्त हो गयी। इस भिड़ंत में वीरेन्द्र व रमेश की मौत हो गयी। जबकि अमित यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अमित को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर ले जाया गया लेकिन उसकी हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उसे राजकीय मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

हादसे के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मचा है। पत्नी संजू पति की मौत की खबर से बदहवास है। परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि मृतकों के शवों पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पिकप व उसके चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

### कर रहे थे ट्रिपलिंग, नहीं पहन रखी थी हेलमेट

थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि बाइक सवार तीनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। सभी एक ही बाइक पर ट्रिपलिंग कर रहे थे। पिकअप को आता देख बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे पिकअप से जा टकराए। अगर बाइक सवार युवकों ने हेलमेट पहन रखी होती तो उनकी जान बच सकती थी। ट्रैफिक के नियमों का पालन न करना हादसे की वजह बना।

### बच्चों के सिर से उठ गया पिता का साया

हादसे में जान गंवाने वाला रमेश शादीशुदा था। घर पर मां बाप के अलावा पत्नी संजू व दो बच्चे हैं। बुधवार को बाजार जाने के लिए निकला था। साथ में वीरेंद्र व अमित भी हो लिए। बाजार से पहले ही रास्ते में यह भीषण हादसा हो गया और रमेश व वीरेंद्र की मौत हो गयी। रमेश की मौत ने परिवार का सहारा छीन लिया है। बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है।

### बाइकों की आमने-सामने टक्कर, दो युवक घायल

**खरगूपुर।** मोटरसाइकिल की आमने सामने भिड़ंत में दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। सीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बुधवार को लगभग 2 बजे खरगूपुर इटियाथोक मार्ग पर पिपरा भोदर गांव के पास दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई जिसमें चालक राजेश( 24) पुत्र विजय सोनकर निवासी फरेंदा कानूनगो थाना इटियाथोक और अनस( 23) पुत्र साबिर निवासी मुन्नन खां चौराहा कोतवाली गोंडा गंभीर रूप से घायल हो गये। अधीक्षक डॉ अजय यादव ने बताया कि दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### ब्लॉक संसाधन केंद्र पर विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



बीआरसी बेलसर पर क्विज प्रतियोगिता में उपस्थित बच्चे। अमृत विचार

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार** : खंड शिक्षा अधिकारी बेलसर राम खेलावन सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर विज्ञान प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें बेलसर के 134 बच्चों के मध्य विज्ञान की लिखित प्रतियोगिता संपन्न हुई। परीक्षा में 25 सर्वश्रेष्ठ बच्चों का चयन किया गया। इन पच्चीस बच्चों के बीच विज्ञान क्विज हुई और इसमें से पांच सर्वश्रेष्ठ बच्चों का चयन किया गया। सुनील कुमार कंपोजिट उमरी कोंडरी को प्रथम स्थान रणवीर सिंह कंपोजिट विद्यालय दोहरी जीत को द्वितीय स्थान, रेखा सिंह कंपोजिट विद्यालय सोनौली मोहम्मदपुर ने तृतीय स्थान, अनिल मौर्या कंपोजिट विद्यालय देवरदा ने चौथा एवं सपना कंपोजिट विद्यालय उमरी कोंडरी ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। इन सभी बच्चों को खण्ड शिक्षा अधिकारी बेलसर आर के सिंह ने प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का पर्यवेक्षण एसआरजी विनिता कुशवाहा ने किया। विजय कुमार चौहान मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ बेलसर, आनंद सिंह आदि शिक्षक शिक्षिकाएं कार्यक्रम में उपस्थिति रहे।

### ग्रामीण अंचल के महाविद्यालयों के उन्नयन पर हुई चर्चा

**गोंडा, अमृत विचार :** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज की प्रबंध समिति उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने केंद्रीय उच्च शिक्षा मंत्री और हरियाणा प्रदेश प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की। यह मुलाकात ग्रामीण अंचल के महाविद्यालयों की शिक्षा प्रणाली के उन्नयन और उनके समग्र विकास के मुद्दे पर केंद्रित थी। वर्षा सिंह ने मंत्री के सामने महाविद्यालयों की जरूरतों और चुनौतियों को स्पष्ट रूप से रखा और उनके विकास के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रस्तुत किए। ग्रामीण अंचल के महाविद्यालयों में बुनियादी ढांचे की कमी, तकनीकी संसाधनों की अनुपलब्धता और शिक्षकों की गुणवत्ता जैसे मुद्दे इस मुलाकात के दौरान चर्चा के मुख्य बिंदु रहे। वर्षा सिंह ने इन महाविद्यालयों में डिजिटल लर्निंग के प्रसार और आधुनिक तकनीकी सुविधाओं की उपलब्धता पर जोर दिया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र भी शहरी छात्रों के बराबर खड़े हो सकें और प्रतिस्पर्धा में पीछे न रहें। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वर्षा सिंह के इस प्रयास की सराहना की और उन्हें आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार ग्रामीण अंचल के महाविद्यालयों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे महाविद्यालयों को सशक्त बनाने के लिए केंद्र द्वारा नई योजनाओं और नीतियों पर विचार किया जा रहा है, जिससे छात्रों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं और अवसर प्रदान किए जा सकें। इस बैठक से यह स्पष्ट होता है कि भविष्य में ग्रामीण अंचल के महाविद्यालयों के विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। वर्षा सिंह का यह प्रयास निश्चित रूप से ग्रामीण छात्रों के लिए नई उम्मीदें लेकर आया है, जो शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहते हैं।



केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिलती एलबीएस कॉलेज की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह।

# मंदिर की भूमि पर कब्जे की शिकायत

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**▸▸ जिलाधिकारी ने मंदिर के पुजारी की शिकायत पर तत्काल प्रभाव से निर्माण रोकने के आदेश दिए लेकिन कार्रवाई नहीं हुई**

**अमृत विचार** : ठाकुर राम-जानकी मंदिर की विवादित भूमि पर प्रभावशाली लोगों द्वारा जबरन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शिकायत के बावजूद प्रशासन व पुलिस के अधिकारी खामोश हैं और मंदिर की बेशकीमती भूमि पर कब्जा हो रहा है।

करनैलगंज नगर के हुजूरपुर तिराहे के पास ठाकुर श्रीराम जानकी मंदिर बालकराम पुरवा की बेशकीमती भूमि गाटा संख्या 936 व 937 की भूमि है। जिसका कुछ हिस्सा एक खातेदार ने अपने नाम करा लिया। उस खातेदार ने कब्जा न कर पाने के कारण प्रभावशाली लोगों के हाथ जमीन की बिक्री कर दिया। जिस पर लगातार 6 वर्षों से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था मगर मंदिर के पैरोकारों की पैरोकारी से अब तक वे जमीन पर कब्जा नहीं कर सके। मगर मंगलवार को दबंग प्रवृति के लोगों ने उस प्लॉट पर निर्माण कार्य शुरू किया। तब इसकी शिकायत जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सहित पुलिस अधिकारियों से की गई मगर कोई सुनवाई नहीं हुई।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मंदिर के पुजारी संतोष तिवारी तथा मंदिर निगरानी समिति के अध्यक्ष की शिकायत पर तत्काल प्रभाव से निर्माण रोकने के निर्देश दिए मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। बुधवार को भी निर्माण कार्य बदस्तूर जारी रहा। जबकि उप जिलाधिकारी कार्यालय से उक्त भूमि पर किसी भी पक्ष के द्वारा कोई निर्माण न करने का स्थगन आदेश भी जारी है। बताया जाता है कि भूमि पर कब्जा करने वाले लोगों को जिले के एक बड़े राजनैतिक व्यक्ति की शह प्राप्त है इसलिए वे निर्भीक होकर कब्जा कर रहे हैं।

पुजारी संतोष तिवारी का कहना है कि इस मंदिर के ट्रस्टी का मुकदमा उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। जब तक न्यायालय से कोई ट्रस्टी घोषित नहीं होता है तब तक के लिए इसके प्रशासक जिलाधिकारी तथा कार्यवाहक प्रशासक उप जिलाधिकारी पदेन हैं। उसके बावजूद मंदिर की भूमि सुरक्षित नहीं है। उपजिलाधिकारी भारत भार्गव का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है। जांच होने तक निर्माण रोकने के लिए तहसीलदार व राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिए गए हैं।

# चुनाव में भाजपा का किनारा करना बना चर्चा का विषय

## करनैलगंज सहकारी गन्ना समिति चुनाव

**करनैलगंज, अमृत विचार** : पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सहकारी गन्ना समिति के अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों की सूची जारी कर उन्हें जिताने में अपना पूरा दम लगा रही है, लेकिन गोंडा के करनैलगंज में सहकारी गन्ना विकास समिति के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी को मैदान में न उतारना चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां पर समाजवादी पार्टी से पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह के भाई चंद्रेश प्रताप सिंह की पत्नी आरती सिंह का निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव व केंद्रीय सहकारी उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ तिवारी का कहना है कि यहां भाजपा और सपा का गठबंधन है।

सहकारी गन्ना विकास समिति करनैलगंज मुख्यालय भंभुआ प्रबंध कमेटी के 9 डायरेक्टर निर्विरोध घोषित किए गए। निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि सहकारी गन्ना विकास समिति करनैलगंज भंभुआ में कुल सदस्यों की संख्या 245 है जिसमें 185 सदस्य हुए हैं। 60 पद अभी भी रिक्त चल रहे हैं। डायरेक्ट पद का चुनाव होना था जो सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचित किए गए। जिसमें हीरापुर कमियार से सरजू प्रसाद, राजेपुर मलौली से राजेश कुमार, मौहर से राजेंद्र प्रसाद, नकहरा से रीतू सिंह, बेलहरी से राम रंग, पास्का से सुरेश सिंह, जहांगीरवा से आरती सिंह, आटा से बुधराम और रेक्सडिया से जगपाल सिंह का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। अध्यक्ष पद का चुनाव गुरुवार को है।

# देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी के मामले ने पकड़ा तूल



कोतवाली करनैलगंज गेट पर प्रदर्शन करते हिंदू संगठन के लोग। अमृत विचार

**▸▸ हिंदू संगठनों ने की प्रदर्शन कर कठोर कार्रवाई की मांग**

**करनैलगंज, अमृत विचार** : सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को हिंदू संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किया तथा एसडीएम व कोतवाल को पत्र देकर आरोपी युवक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। बहरहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त मोहम्मद अरशद को गिरफ्तार कर लिया है।

उक्त अभियुक्त ने सोशल मीडिया पर दशहरा पर्व के दौरान रामलीला मैदान में आयोजित मेले का वीडियो साझा कर हिंदू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणियां व दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के वीडियो में भी आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया था। जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। बुधवार को श्री रामलीला कमेटी, कैलाश बाग दुर्गा पूजा समिति, जय माँ दुर्गे शक्ति समिति मौर्य नगर, दुर्गा पूजा समिति सर्वामाई थान, वैष्णो देवी गुफा कमेटी, भैरव नाथ मंदिर सहित जागरण व अन्य हिंदू संगठन के लोगों ने तहसील तथा कोतवाली में प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी भारत भार्गव व प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक को ज्ञापन देकर दर्ज मुकदमे में संगीन धाराओं को बढ़ाने एवं कठोर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# 10 फीसदी श्रमिकों का ही बना राशन कार्ड

कार्यालय संवाददाता, गोंडा

## शासन खफा



**24500** श्रमिकों का जिले में बनाया जाना है राशन कार्ड

**अमृत विचार:** प्रवासी श्रमिकों का राशन कार्ड बनाने में पूर्ति विभाग फिसड्डी साबित हुआ है। अब तक सिर्फ 10 फीसदी श्रमिकों का ही राशन कार्ड बनाया जा सका है। शासन ने इस शिथिलता पर नाराजगी जताई है। शासन की नाराजगी के बाद जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी पूर्ति निरीक्षकों को चेतावनी दी है।

जिले में करीब 24500 श्रमिक राशन कार्ड बनाए जाने हैं लेकिन अभी तक मात्र 2400 ही राशन कार्ड बनाए जा सके हैं। जो कुल राशन कार्ड का 10 फीसदी ही है। श्रमिकों का राशन कार्ड जारी न होने से शासन भी खफा हो रहा है। न्यायालय के आदेश के क्रम में शासन द्वारा प्रवासी श्रमिकों का राशन कार्ड बनाया जा रहा है। इसकी सूची शासन की ओर से ही आई है। जिसका चयन कर पूर्ति विभाग के कर्मचारी कर रहे हैं। जो सूची श्रम विभाग की ओर से मिली है उनमें से कई का नाम अथवा मोबाइल नंबर गलत है जिसकी वजह से पूर्ति विभाग उनको खोज ही नहीं पा रहा है। अब तक जो सूची मिली है उसमें से 24500 के करीब लोगों का राशन कार्ड जारी करना है। लेकिन अभी तक मात्र 2400 लोगों का ही राशन कार्ड जारी हो सका है। पूर्ति निरीक्षक कोटेदारों के माध्यम से प्रवासी श्रमिकों को खोज रहे हैं लेकिन सब की डिटेल मिल नहीं पा रही है। श्रमिक राशन कार्ड की प्रगति धीमी होने से शासन भी नाराज चल रहा है।

जिला पूर्ति अधिकारी को श्रमिक राशन कार्ड जारी करने की गति में तेजी लाने का निर्देश मिला है। डीएसओ ने सभी पूर्ति निरीक्षकों को श्रमिक राशन कार्ड जारी करने में तेजी लाने को कहा है। जिला पूर्ति अधिकारी ने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रविंद्र सिंह, रामशरण, शिव प्रकाश तिवारी तथा पूर्ति निरीक्षक युगल किशोर, सुनील दिवाकर, रवि रंजन, दिनेश कुमार, अनुज कुमार, महेश प्रसाद, मनोज कुमार समेत सभी निरीक्षकों को श्रमिक राशन कार्ड में तेजी लाने को लेकर चेतावनी दी है ऐसा न होने पर कार्रवाई की बात कही गई है। बहुत से श्रमिक जिनका सूची में नाम है वह खोजने पर नहीं मिल रहे हैं। अब शासन ने इसको लेकर एक नई व्यवस्था भी बनाई है, जिसके तहत जिन श्रमिकों का नाम पता नहीं चल रहा है, तो उनका नाम राशन कार्ड सूची से बाहर कर दिया जाए। इस नई व्यवस्था के लागू होने से उम्मीदें बड़ी है कि श्रमिकों का राशन कार्ड जल्द ही बन जाएगा। सभी कोटेदारों को संबंधित क्षेत्र के पूर्ति निरीक्षक श्रमिक राशन कार्ड के लिए सूची उपलब्ध करवाते हुए पात्रों को खोज रहे हैं। सरकार के सख्त कदम को देखते हुए पूर्ति विभाग में हलचल बढ़ गई है।

जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि श्रमिक राशन कार्ड की जो सूची मिली है उनमें से करीब 24500 राशन कार्ड जारी होने थे, लेकिन अभी तक मात्र 2400 ही श्रमिकों के राशन कार्ड जारी हुए हैं। इस स्थिति को देखते हुए सभी पूर्ति निरीक्षक व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को श्रमिक राशन कार्ड बनाने को लेकर चेतावनी दी गई है।


## वर्ग पहेली-224

**बाएं से दाएं**

3. मानव के छह विकार
5. एक साथ रखना, लगाव या संपर्क स्थापन।
6. दृढ़ किया हुआ।
8. 1. वृक्ष की रेशेदार जड़ 2. कमल की जड़, भसींड 3. लता 4. कलगी, शिखा 5. हल्दी 6. नदी।
9. 1. आवेश, उत्साह, जोश, गरमजोशी 2. तेज़ी; वेग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सरपट आदि से छाकर बनाया गया स्थान 2. मंडप, शामियाना 3. किसी मंडप के अंदर होने वाला तमाशा या खेल।
2. 1. ढीला कराना 2. बंधन से छुड़ाना।
4. 1. कर्मकांड आदि जानने वाला व्यक्ति जो अपने यजमान के यहां मुंडन करता है
5. 1. उत्पन्न, दूसरे के साथ उत्पन्न 2. युक्त, सहित, संपन्न 3. योग्य, उपयुक्त 4. सदृश, समान, बराबर।
7. 1. प्यारा 2. हमदर्द 3. अनुग्रहकर्ता।



### वर्ग पहेली -223 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ने | ग | 2 चा | र | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | 3 मां | ■ |
| ■ | ■ | का | ■ | ड | ■ |
| ■ | 4 भा | र | 5 जी | वी | ■ |
| ■ | रि | ■ | वा | ■ | 6 पा |
| ■ | त | ■ | धा | ■ | व |
| ■ | ■ | 7 बी | र | बा | नी |

## सुडोकू -137

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | 9 | | 3 | | |
| 6 | 3 | | 2 | 5 | | | 4 | |
| 5 | | | | | 8 | | | |
| | 9 | | | | 3 | 5 | | |
| 8 | 7 | | 5 | | 9 | | 2 | 6 |
| | | 1 | 8 | | | | 7 | |
| | | | 4 | | | | | 7 |
| | 6 | | | 1 | 5 | | 9 | 8 |
| | | 2 | | 6 | 7 | | | |

### सुडोकू - 136 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 6 | 2 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 3 |
| 5 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 2 | 1 |
| 7 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 | 2 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 अक्टूबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 16 .55 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष** – आज पेपर वर्क को लेकर सावधानी रखनी चाहिए। आर्थिक मामलों को लेकर परेशानी होगी। शोध संबंधी कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। सड़क पर ट्रैफिक नियमों का सावधानी से पालन करें आर्थिक दंड भुगतना पड़ सकता है।

**वृष** – आज आपके मन में नए व्यापारिक आइडियाज आ सकते हैं। विश्वासघाती मित्रों की पहचान हो सकती है। नौकरी में आपको उच्च पद मिल सकता है। धर्म-कर्म के प्रति आपका मन लगेगा। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। अपने गुरु के प्रति निष्ठा भाव रखें।

**मिथुन** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। संतान की नौकरी संबंधी परेशानी का समाधान होगा। नव विवाहितों का विवाह तय हो सकता है। योजनाओं को अच्छी तरह से कार्यान्वित कर पाएंगे।

**कर्क** – आज बड़े सरकारी ऑर्डर आपको मिलने की संभावना है। विवादित मुद्दों का कूटनीतिक समाधान मिलेगा। घर का माहौल अच्छा रहेगा। अधिकारी आपके तर्कों से प्रभावित होंगे। पेट में वायु विकार उत्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह** – आज दुष्ट लोगों की संगत से बचें। प्रियजनों से विवाद करने से बचें। कार्यक्षेत्र में अपनी कार्यशैली को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बच्चों की पढ़ाई में ज्यादा ध्यान देना होगा।

**कन्या** – आज परिवार को लेकर आ रही समस्या दूर होगी। नई योजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। धैर्यपूर्वक आपको काम करना चाहिए। दैनिक दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रहेगी। व्यापार में बिक्री बढ़ने की संभावना है।

**तुला** – आज ऑफिस में आपका अपमान हो सकता है। स्वास्थ्य खराब हो तो मेडिकल चेकअप अवश्य कराएं। आपकी कोई योजना उजागर हो सकती है। अपनी उपलब्धियों को लोगों से साझा न करें। बातचीत और कौशल का परिचय देंगे।

**वृश्चिक** – आज धन को बचाने का प्रयास करेंगे। जीवन में आ रहे बदलावों को स्वीकारें। पति-पत्नी के बीच सहयोगात्मक और प्रेम व्यवहार बढ़ेगा। आपकी सफलताओं की सर्वत्र चर्चा होगी। धन-समृद्धि में वृद्धि होगी। लंबे समय से चला आ रहा तनाव दूर होगा।


**धनु** – आज योग और प्राणायाम को अपनी दिनचर्या को हिस्सा बना लें। आपकी प्रबंधन क्षमता की प्रशंसा होगी। शेयर मार्केट में अंधाधुंध निवेश न करें। आलस्य आपके ऊपर हावी हो सकता है। गलतफहमी के कारण संबंधों में कटुता आ सकती है।

**मकर** – आज व्यवसाय में नया प्रयोग लाभकारी सिद्ध होगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। अच्छी संगत के कारण आपके कार्य आसानी से बन जाएंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। ज्ञानवर्धक साहित्य का अध्ययन और चिंतन करेंगे।

**कुंभ** – आज नई स्किल्स सीखने के लिए बहुत अच्छा समय है। दिल की अपेक्षा दिमाग से निर्णय लें। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। आपको कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकार प्राप्त हो सकते हैं। अभिमान से आपको दूर रहना चाहिए।

**मीन** – आज मार्केटिंग संबंधी व्यवसाय में उच्च लाभ होने की संभावना है। बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। अधिकारों के साथ उत्तरदायित्व में वृद्धि होगी। कर्मचारियों के साथ विवाद की स्थिति दूर होगी। घरेलू समस्याओं का समाधान होगा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 16 .20 तक तत्पश्चात अश्विनी।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
प्लेटफॉर्म – सुबह : 09 .40
गॉड तुस्सी ग्रेट हो – रात : 07 .24

**&pictures**
सिंबा – सुबह : 10 .59
कोई... मिल गया – रात : 07 .30

**SONY PIX**
एज ऑफ टूमारो – सुबह : 11 .27
जर्नी 2 – रात : 09 .00

**ZEE CINEMA**
शिवम – सुबह : 09 .30
भीमा – रात : 08 .00

**ZEE ACTION**
थानेदार – सुबह : 10 .58
द हीरो – रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

देवर- आप बहुत सुंदर हो।
भाभी- देवर जी क्या कर रहे हो?
देवर- पढ़ रहा हूं भाभी
भाभी- बहुत अच्छे, क्या पढ़ रहे हो?
देवर- आपकी होने वाली देवरानी के मैसेज...
देवर की बात सुनकर भाभी हुई हैरान!

डॉक्टर- आपके तीन दांत कैसे टूट गए?
मरीज- पत्नी ने कड़क रोटी बनाई थी।
डॉक्टर- तो खाने से इंकार कर देते
मरीज- जी, वही तो किया था।

## एक नजर

### भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े, आठ पर केस

**परसपुर** : ग्राम पंचायत आंटा के बढ़ईन पुरवा निवासी प्रहलाद कश्यप ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर मंगलवार को उनके गांव निवासी मनोज, रामबाबू, रवि तथा सुरेश ने मिलकर गाली देते हुए मारने लगे जिससे गंभीर चोटें आयीं गांव के लोगों के बीच बचाव करने पर जान माल की धमकी देते हुए चले गये। वहीं दूसरे पक्ष के मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि उनके गांव निवासी प्रहलाद, सुन्दर, रामावती, तथा बलमस्थर निवासी छविलाल ने मारना शुरू किया तो भतीजा सुरेश बचाने आया तो उसे भी मारे पीटे तथा जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष दिनेश ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू की गयी है।

### युवती ने फंदे से लटककर दी जान, 4 पर एफआईआर

**गोंडा** : नगर कोतवाली अंतर्गत खैरा पाठक पुरवा गांव की रहने वाली एक युवती ने बुधवार की शाम फंदे से लटककर जान दे दी। दीपक मिश्रा की बेटी काजल (21) को गांव का रहने वाला युवक शुभम परेशान कर रहा था। इससे वह परेशान थी। बुधवार की शाम को काजल ने फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। परिजनों का आरोप है कि शुभम की प्रताड़ना से परेशान होकर काजल ने अपनी जान दी है। सेमरा चौकी इंचार्ज उदित वर्मा ने भी युवती को प्रताड़ित किए जाने की पुष्टि की है। नगर कोतवाल मनोज पाठक ने बताया कि तहरीर के अनुसार अनिल मिश्रा, संगीता, सतीश तथा शुभम पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

**नवाबगंज** : परिषदीय विद्यालयों में बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने वैज्ञानिक सोच जागृत करने के उद्देश्य से अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन तथा बलरामपुर शुगर मिल द्वारा क्षेत्र नगवा ब्लाक संसाधन केंद्र पर अध्यापकों का दो दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण का बुधवार को समापन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी हर्षित पांडेय मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षा क्षेत्र के 24 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विज्ञान शिक्षक मौजूद रहे। प्रशिक्षण शिविर में मास्टर ट्रेनर सौरभ कुमार सिंह तथा अरविंद कुमार ने सेल एंड माइक्रोस्कोप, फूड एंड न्यूट्रिशन विषय तथा गतिविधियों को प्रायोगिक माध्यम के साथ विज्ञान विषय से संबंधित मॉडल लो कास्ट साइंस माडल बनाने का अध्यापकों प्रशिक्षण दिया।

### झंझरी व रुपईडीह बीडीओ से स्पष्टीकरण तलब

**गोंडा** : डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा बैठक से गैरहाजिर रहने पर मुख्य निकास अधिकारी ने झंझरी व रुपईडीह बीडीओ से स्पष्टीकरण तलब किया है। बुधवार को सीडीओ अंकिता जैन ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान खंड विकास अधिकारी झंझरी, खंड विकास अधिकारी रूपईडीह अनुपस्थित रहे। इस पर सीडीओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों ब्लाकों के बीडीओ से जवाब मांगा है तथा अवशेष सर्वे कार्य को 17अक्टूबर तक शत –प्रतिशत पूरा कराए जाने का निर्देश दिया है।

### कल्पराम बने डायरेक्टर

**कटरा बाजार** : बुधवार को क्षेत्र के गन्ना विकास समिति मैजापुर में बनगांव डायरेक्टर क्षेत्र के लिए डायरेक्टर पद का चुनाव सकुशल संपन्न हुआ। मैजापुर समिति के कुल 11 डायरेक्टर पदों के लिए चुनाव होना था जिसमें से दस पदों पर एक ही नामांकन होने से निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। बनगांव डायरेक्टर क्षेत्र के लिए दो प्रत्याशी मैदान में थे जिनमें से कल्पराम को जीत हासिल हुई है। एआरओ पंकज तिवारी ने बताया कि बुधवार को समिति पर सकुशल मतदान हुआ।

# शहनुमा हत्याकांडः करीबियों पर टिकी पुलिस की नजर

▸▸ सोमवार की सुबह मड़हे में गड़ा मिला था बच्ची का शव

**करनैलगंज, अमृत विचारः** सकरौरा मोहल्ले की रहने वाली सात वर्ष की शहनुमा की मौत का राज खोलने के लिए पुलिस की नजर उसके करीबियों पर टिक गयी है।

सकरौरा पश्चिमी स्थित लोहिया पुल के पास रहने वाले रोशन अली की सात वर्ष की बेटी शहनुमा बीते बृहस्पतिवार को अपने घर के पास स्थित एक दुकान पर सामान लाने के लिए गयी थी लेकिन वापस नहीं लौटी थी। परिवार के लोग उसकी तलाश में जुटे थे। पुलिस भी लापता बच्चा की खोज कर रही थी। लापता होने के पांचवें दिन शहनुमा का शव मोहल्ले में ही एक मड़हे में गड़ा हुआ मिला था। अज्ञात हत्यारों ने मासूम बच्ची की हत्या कर उसका शव गड्ढे में दफना दिया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। हालांकि घटना की जांच में जुटी पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। यह सुराग मृतका के करीबियों की तरफ जा रहे हैं। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं है। बिसरा सुरक्षित किया गया था जिसे जांच के लिए भेजा जा रहा है। वहीं गहनता से छानबीन की जा रही है। वहीं सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह का कहना है कि जांच की जा रही है। जल्द ही अनावरण होने की उम्मीद है।

# भूमि विवाद में खूनी संघर्ष, एक महिला समेत 4 घायल

**करनैलगंज** : अल्लीपुर गोकुला में बुधवार को जमीन विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। मामला कोतवाली इलाके के अल्लीपुर गोकुला गांव का है। यहां के निवासी सम्मयदीन व खुशीराम के बीच गांव में ही स्थित एक जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार को सम्मयदीन उक्त जमीन पर साफ सफाई का काम कर रहे थे। जिस पर दूसरे पक्ष खुशीराम ने ऐतराज जताते हुए काम करने से मना किया। मामूली कहासुनी देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गयी। मौके पर मारपीट शुरू होते ही वहां तमाम भीड़ एकत्र हो गयी। लेकिन तब तक एक पक्ष से सम्मयदीन (55), रामपाल (30), माया (28) व दूसरे पक्ष से खुशीराम (60) घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस सबको लेकर कोतवाली आ गयी। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

# 3.47 लाख को मिलेगा मुफ्त गैस सिलेंडर

**सौगात**

▸▸ उज्ज्वला के लाभार्थियों को मिलेगी दिवाली पर निःशुल्क गैस



**गोंडा, अमृत विचारः** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दिवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर दिया जाएगा। जिले में करीब 347224 प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी हैं। शासन की ओर से जिला पूर्ति अधिकारी को इस आशय का आदेश आया है कि दीपावली पर हर हाल में सभी लाभार्थियों को निशुल्क गैस सिलेंडर के उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाय।

जिले में पेट्रोलियम की तीन कंपनियां प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर उपलब्ध कराई हैं। दीपावली पर उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को अपने गैस एजेंसी पर गैस बुक करा कर रिफिल करना होगा गैस सिलेंडर का पहले भुगतान लाभार्थी के द्वारा किया जाएगा उसके तीन-चार दिन बाद लाभार्थी के खाते में पैसा आ जाएगा। मुफ्त गैस सिलेंडर योजना का लाभ लेने के लिए सभी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को अपने खाते को आधार से लिंक करना होगा तथा आधार प्रमाणिकता की प्रक्रिया को भी पूरी करनी होगी तभी लाभार्थी के खाते में पैसा जाएगा। जनपद में आईओसी, बीपीसी एचपीसी तीन कंपनियां प्रमुखता से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर उपलब्ध करा रही हैं। इन सभी को दिवाली पर लाभार्थियों को निशुल्क गैस उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जा चुका है। वर्ष में सरकार की ओर से उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दो सिलेंडर निशुल्क दिया जाता है जिसमें एक सिलेंडर दीपावली पर तथा दूसरा सिलेंडर होली में दिया जाता है।

जिला आपूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि शासन की ओर से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दीपावली के मौके पर निशुल्क सिलेंडर दिए जाने के आशय का आदेश आया है। जिले में करीब 3 लाख 47224 लाभार्थी हैं । सभी गैस एजेंसी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ उन्ही उज्ज्वल लाभार्थियों को मिलेगा। जिन्होंने केवाईसी कर लिया है।

### सबसे अधिक बीपीसी कंपनी के हैं उपभोक्ता

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या जिले में लाखों में है। तीन पेट्रोलियम कंपनियों प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत कनेक्शन दिए हैं इनमें आईओसी के 105388, बीपीसी के 202456 तथा एचपीसी कंपनी के 39380 उज्ज्वला कनेक्शन है कुल मिलाकर जनपद में 347224 प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उपभोक्ता हैं।

# डेंगू रोगी शतक के पार, स्वास्थ्य महकमा लाचार

## गांव-मोहल्ले में फैला है बुखार, बचाव का इंतजाम नाकाफी

कार्यालय संवाददाता, गोंडा



अस्पताल में भर्ती मरीज। अमृत विचार

**अमृत विचार** : डेंगू और बुखार जिले में पांव पसार रहा है। गांव-मोहल्ले में लोग बीमारी की चपेट में हैं। जिले में डेंगू रोगियों की संख्या सौ से अधिक हो गई है। इस बीच झोलाछापों का मकड़जाल भी फैला है। छोटी-छोटी दुकानों में डेंगू के मरीजों का इलाज किया जा रहा है। सरकार की ओर से संचारी रोगों से निपटने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है।

सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ डेंगू के रोगी निजी अस्पताल में भी इलाज करा रहे हैं। जिले में डेंगू के मरीज बढ़ रहे हैं। रोगियों की संख्या 100 के पार पहुंच चुकी है। सरकारी अस्पतालों में व्यवस्था नाकाफी है। मेडिकल कॉलेज के बाल रोग व मेडिसिन विभाग की ओपीडी में बुखार, जुकाम, खांसी व सांस फूलने की समस्या के चार सौ से अधिक रोगियों को उपचार के लिए आये। वार्ड फुल हो गए हैं। सीएचसी के साथ ही प्राइवेट अस्पताल की ओपीडी बुखार रोगियों से भरी रहती है। बारिश के बाद मलेरिया और डेंगू का खतरा बढ़ गया है। जगह-जगह पानी जमा होने से मच्छर पनप रहे हैं। समय पर उपचार न मिलने पर बीमारी जानलेवा साबित हो सकती है। पिछले वर्ष मलेरिया के आठ और डेंगू के 432 रोगी मिले थे। इस वर्ष अभी तक मलेरिया के चार रोगी मिल चुके हैं। बुखार होने बाद हुई जांच में मलेरिया की पुष्टि हुई। डेंगू बीमारी के भी मरीज आ रहे हैं। जलभराव के कारण मच्छरों के पनपने से बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है।

मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक डा. राकेश तिवारी बताते हैं कि इस समय मच्छर से बचाव करना जरूरी है। मलेरिया से बचाव के लिए पानी न जमा होने दें, इसमें मादा मच्छर अंडे देती है। घर के आसपास सफाई रखें। कूलर, एसी, फ्रिज की ट्रे या किसी भी जल पात्र में पानी न जमा होने दें। मच्छरदानी का उपयोग करें। किसी प्रकार का बुखार होने पर तत्काल चिकित्सक को दिखाएं और जांच कराने में बिल्कुल भी संकोच न करें।

### बचाव को करें ये उपाय

मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से बचाव के लिए सफाई रखें और पानी जमा न होने दें, पानी उबाल कर ही पिएं। पूरी बाजू वाले कपड़े पहनें और सोते वक्त मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। बेडशीट को समय-समय पर धोते रहें और कपड़ों को भी धूप दिखाते रहें। दरवाजे, खिड़कियों पर नेट की व्यवस्था रहने से मच्छर, मक्खी और दूसरे बीमारी फैलाने वाले कीटाणुओं का प्रवेश नहीं हो पाता । मलेरिया, टाइफाइड और हेपेटाइटिस से बचे रहने के लिए टीका जरूर लगवाएं।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीके वर्मा ने बताया कि डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया के रोगी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग दवाओं का छिड़काव कराता है। चिह्नित स्थानों पर विशेष तौर पर निगरानी की जा रही है। रोगियों को निशुल्क उपचार मुहैया कराया जा रहा है। अधीक्षकों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बुखार आने पर मरीज तत्काल जांच कराये। जांच में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। समय से इलाज होने पर कोई समस्या नहीं होती है। उन्होंने बताया कि अब तक सौ से अधिक डेंगू के मरीज आ चुके हैं कई लोगों का डेंगू वार्ड में इलाज किया जा रहा है।

### परसपुर विकास मंच ने सीएमओ को भेजा पत्र

जिले में डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर परसपुर विकास मंच ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र भेजा है। मंच के अध्यक्ष अरुण सिंह ने सीएमओ को भेजे गए पत्र में कहा है कि परसपुर नगर पंचायत में डेंगू एवं वायरल जनित बीमारियां अपना पैर पसार रही है। जिससे स्थिति खराब हो रही है। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डेंगू किट उपलब्ध कराने, अलग से डेंगू वार्ड बनाने तथा अस्पताल की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### वनटांगिया परिवारों के साथ दिवाली मनाएंगी डीएम



वन टांगिया परिवारों से बात करतीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार** : बुधवार को टिकरी रेंज में वनटांगिया परिवारों से जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मुलाकात की। उन्हें सभी सुविधायें मुहैया करने के लिए मताहतों को निर्देश दिया। 27 अक्टूबर को वनटांगिया परिवारों के साथ दीपावली मनाने की बात कही। वन क्षेत्र टिकरी जंगल के हरदवा गांव के अन्तर्गत आने वाले राजस्व गांव रामगढ़ व महेशपुर में रहने वाले वनटांगिया परिवारों से जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बुधवार को मुलाकात कर गांव के परिवार को रहने खाने शौचालय साफ–सफाई सहित विभिन्न मुद्दों पर लोगों की राय ली। अपने मातहतों को इस गांव के परिवार को किसी समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। इस मौके पर नायब तहसीलदार रंजन वर्मा, विकासखंड अधिकारी विजयकांत मिश्रा, प्रधान धनीराम, सचिव एस के वर्मा अमित पटेल, कानूनगो जावेद, लेखपाल आर एन बिंद व वन विभाग के डिप्टी रेंजर प्रभात कुमार, वन दरोगा अग्यारम मौर्या, वनरक्षक योगेश मिश्रा, रामपाल रामकुमार, शिवमंगल, विश्राम व टिकरी रेंज के तमाम लोग मौजूद रहे।

### रामलीला में श्रीराम राजगद्दी पर हुए विराजमान



प्रभु श्रीराम का राजतिलक करते मुनि वशिष्ठ। अमृत विचार

**करनैलगंज** : नगर की ऐतिहासिक श्री रामलीला में रावण का वध एवं वनवास पूरा करके अयोध्या वापस पहुंचे भगवान श्रीराम का मंगलवार की रात राजतिलक व राजगद्दी के कार्यक्रम का मंचन अनूठे ढंग से रामलीला भवन गुड़ाही बाजार में किया गया। लीला में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र अयोध्या में आगमन कर प्रकांड विद्वान दशानन की आत्मा की शांति के लिए विधि विधान से हवन पूजन यज्ञ किया। तत्पश्चात श्रीराम का राज्याभिषेक वशिष्ठ मुनि द्वारा राज तिलक करके मंत्रोच्चारण के साथ राजगद्दी पर विराजमान कराया गया। हनुमान जी जय श्रीराम का उद्घोष करके अपना सीना चीर देते हैं, जिसमें प्रभु श्रीराम माता जानकी के साथ विराजमान दिखतें हैं। यह दृश्य देख लोग हतप्रभ रह जाते हैं। उसके बाद रघुपति राघव राजा राम के साथ राजगद्दी की लीला संपन्न हुई।

### कैलाश बाग मंदिर में भंडारे का आयोजन

**करनैलगंज** : नवरात्र व दशहरा के समापन पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा समिति कैलाश की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। नगर के कैलाश बाग मंदिर में मंगलवार की सायंकाल से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सरदार जोगिंदर सिंह जानी, शिव शंकर शिवा भट्ट, अरुण वैश्य, अशोक सिंघानिया, राजू सोनी, राजू मोदनवाल, गणेश वैश्य, विनीत पाण्डेय, अमित कौशल, अभिनव सिंह खालसा, चंद्र शेखर गोस्वामी, ओपी तिवारी सहित तमाम भक्त सेवा भाव में लगे रहे।

### रावण के अत्याचार से मुक्त कराने को राम ने लिया अवतार

**नवाबगंज** : कटरा शिवदयाल गंज में श्री अवध रामलीला समिति के बैनर तले चल रहे 12 दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को रावण अत्याचार और प्रभु श्रीराम जन्म की लीला का मनमोहन मंचन किया गया। मुख्य अतिथि राजबली यादव और राम बहाल यादव ने विष्णु भगवान की पूजा अर्चना कर रामलीला का शुभारंभ किया। उसके बाद मंचन के माध्यम से दर्शकों को संदेश दिया गया कि लंका में रावण का दरबार लगता है। और अपने ताकत के मद में चूर रावण चारों तरफ अत्याचार, अनाचार, पापाचार मचाता है। जिससे ऋषि मुनि यहां तक की देवता कर भी त्राहिमाम– त्राहिमाम करने लगते हैं। रावण के अत्याचार से मुक्ति पाने के लिए देवराज इंद्र, भोलेनाथ और ब्रह्मा जी के साथ सभी देवतागण, ऋषि – मुनि श्री हरि विष्णु का आह्वान करते हैं। इसके बाद आकाशवाणी से देवताओं को सूचना आती है कि अतिशीघ्र अयोध्या में राजा दशरथ के यहां राम के रूप में अवतार लेकर इस धरती से समूल पाप का नाश करूंगा। इधर राजा दशरथ पुत्र प्राप्ति के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ का अनुष्ठान श्रृंगी ऋषि के आचार्यत्व में मनोरमा के तट पर करते हैं। जिसके फलस्वरूप राजा दशरथ को चार–चार पुत्रों की प्राप्ति होती है। धीरे–धीरे चारों पुत्र बड़े होते हैं। एक दिन गुरु वशिष्ठ चारों पुत्रों का राम, लक्ष्मण और भरत, शत्रुघ्न के रूप में नामकरण करते हैं। कुछ समय बीतने के बाद विश्वामित्र राजमहल में आते हैं। निशाचारों से अपने यज्ञ, पूजा, जप– तप की रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण को मांग कर ले जाते हैं। उन्हें धनुष विद्या आदि सीखते हैं। राजा दशरथ का अभिनय परमानंद गुप्ता, ब्रह्मा का अभिनय बसंत लाल गुप्ता, भोलेनाथ का अभिनय अनूप कुमार गुप्ता पॉपुलर, विष्णु भगवान का अभिनय राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, विश्वामित्र का अभिनय ओमप्रकाश गुप्ता, रावण महेंद्र कसौधन, काल राज गुप्ता, शनिचर गणेश चंद्र गुप्ता अन्य कलाकारों में गौरी शंकर गुप्ता, रजनीश कमलापुरी,पुरुषोत्तम गुप्ता आदि की भूमिका को दर्शकों ने खूब सराहा।कार्यक्रम का संचालक मीडिया प्रभारी विनोद कुमार गुप्ता ने किया।

### गन्ना समिति बलरामपुर के डायरेक्टर बने राकेश



**खरगूपुर** : सहकारी गन्ना विकास समिति बलरामपुर के प्रबंध कमेटी सदस्य डायरेक्टर पद के चुनाव में चौथी बार राकेश तिवारी निर्वाचित घोषित किए गए। शिवगढ़ क्षेत्र से चौथी बार तेज बहादुर सिंह ने भी निर्वाचित हुए। बुधवार को सहकारी गन्ना विकास समिति बलरामपुर प्रबंध कमेटी सदस्य डायरेक्टर का चुनाव संपन्न हुआ । ताड़ी परसौईया क्षेत्र से उक्त चुनाव में राकेश तिवारी लगातार चौथी बार निर्वाचित घोषित किए गए । राकेश तिवारी को 50 मत तथा अमरीश मणि तिवारी को मात्र 45 मत प्राप्त हुए। निर्वाचन अधिकारी ने राकेश तिवारी को डायरेक्टर पद पर निर्वाचित घोषित किया 99 मतदाताओं में से 95 गन्ना किसानों ने मतदान किया वहीं दूसरी और शिवगढ़ क्षेत्र से गन्ना डायरेक्टर पद पर चौथी बार तेज बहादुर सिंह को जीत मिली।

# कटिंग या ओवरराइटिंग हुई तो निरस्त होगा आवेदन

**कस्तूरबा भर्ती**

**गोंडा, अमृत विचारः** जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। पूर्णकालिक शिक्षकों की भर्ती के लिए आवेदन पत्र मांगे गए हैं। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए गाइडलाइन भी जारी हो गयी है। गाइड लाइन के मुताबिक आवेदन पत्र में कटिंग या ओवरराइटिंग मान्य नहीं होगी। ऐसे आवेदन पत्रों को रद्द कर दिया जायेगा। कस्तूरबा स्कूलों में पहले काम कर चुके ऐसे शिक्षक जो किसी कारणवश संविदा नवीनीकरण से वंचित रह गए थे उन्हे इस भर्ती में प्राथमिकता मिलेगी। एक वर्ष की कार्य अवधि के लिए उन्हें 2 अंक का और अधिकतम 30 अंक भारांक दिया जायेगा।

गरीब परिवार की बालिकाओं को पढ़ाने के लिए जिले के प्रत्येक ब्लाक में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका स्कूलों का संचालन हो रहा है। इन स्कूलों में छात्राओं को 6 से 8 तक की शिक्षा दी जाती है। स्कूल में पढाई के साथ साथ इन छात्राओं के रहने व खाने पीने की भी पूरी व्यवस्था है। व्यवस्थाओं के बावजूद यह स्कूल शिक्षिकाओं की कमी से जूझ रहे हैं। स्कूल में पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के 14 व अंशकालिक शिक्षिकाओं के 8 पद रिक्त हैं। उर्दू विषय की शिक्षिका के लिए भी एक पद खाली है। इन पदों पर भर्ती के लिये बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से आवेदन पत्र मांगे गए हैं। शिक्षिकाओं के साथ ही एक लेखाकार, एक चौकीदार व 4 रसोइयां के पद पर भी भर्ती की जानी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी ने बताया कि इन पदों पर भर्ती के लिए आवेदन पत्र मांगा गया है। अभ्यर्थी 5 नवंबर तक पंजीकृत डाक से आवेदन कर सकते हैं। भर्ती से संबंधित शर्तों की जानकारी देते हुए बीएसए ने बताया कि आवेदन पत्र में कटिंग या ओवरराइटिंग मान्य नहीं होगी। ऐसे आवेदन पत्रों को रद्द कर दिया जायेगा।

# कोटेदार को नहीं मिला एमडीएम का खाद्यान्न, होगी जांच

**गोंडा** : खाद्यान्न की उपलब्धता न होने से एमडीएम नहीं बन रहा था। बच्चे भूखे जा रहे थे। स्कूल के प्रधानाध्यापक ने जिला पूर्ति अधिकारी से शिकायत की थी। अब इसकी जांच पूर्ति निरीक्षक व विपणन विभाग करेगा।

विकासखंड रूपईडीह के अंतर्गत चौरी परिहार गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय रनजीत नगर में एमडीएम नहीं बन रहा था। जिसकी शिकायत पूर्ति विभाग में की गई थी। शिकायती पत्र में गांव के कोटेदार राम रति का भी हस्ताक्षर है। बताया जाता है कि रुपई डीह विकासखंड में कुबेर कंस्ट्रक्शन को परिवहन का काम मिला हुआ है। 3 महीने का करीब 5 कुंतल से अधिक खाद्यान्न देने में गड़बड़ी की गई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने भी इसकी शिकायत की थी। 3 महीने से स्कूल के बच्चों को एमडीएम का भोजन नहीं मिल पा रहा था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएसओ ने संबंधित क्षेत्र के पूर्ति निरीक्षक तथा विपणन विभाग को जांच करने का निर्देश दिया है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि खाद्यान्न ना मिलने की वजह से एमडीएम न बनने की शिकायत मिली थी। संबंधित कोटेदार व ठेकेदार से जानकारी ली जा रही है। मामले की जांच संबंधित क्षेत्र के पूर्ति निरीक्षक व विपणन विभाग को दी गई है।

# सिविल बार चुनाव में दाखिल किए गए पर्चे



सिविल बार एसो. चुनाव के लिए विभिन्न पदों पर नामांकन दाखिल करते अधिवक्ता।

**गोंडा, अमृत विचारः** सिविल बार के वार्षिक चुनाव में दो दिवसीय नामांकन में अध्यक्ष महामंत्री सहित अन्य पदों के लिए पर्चे दाखिल किए गये। जिसमें वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों के सापेक्ष सिर्फ पांच पर्चे दाखिल हुए जो जांचोपरांत प्रमोद नंदन श्रीवास्तव, सुरेन्द्र शर्मा,जितेन्द्र तिवारी, अनिल कुमार पाण्डेय, सोमनाथ सिंह का निर्विरोध होना लगभग तय है। इसी प्रकार कनिष्ठ कार्यकारिणी पद पर सदस्यों का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है। अध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र कुमार मिश्र, महाराज कुमार श्रीवास्तव,सुरेश प्रसाद पाठक,राम लक्ष्मण तिवारी और विजय प्रकाश त्रिपाठी,महामंत्री पद पर मुजीब खान,उमाकांत श्रीवास्तव, मनोज मिश्र, अंजनी नंदन श्रीवास्तव, जितेन्द्र बहादुर सिंह,दया शंकर शुक्ल नामांकन दाखिल किये हैं जिन पर चुनाव होना है। इसी प्रकार कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के सापेक्ष अन्य पर्चे दाखिला न होने से शशिकांत शुक्ल का जांचोपरांत निर्विरोध होना लगभग तय है। प्रत्याशियों ने सिविल बार अध्यक्ष संगम लाल द्विवेदी और महामंत्री दिनेश नारायण पाण्डेय की कुशल देख- रेख में नामांकन पर्चा सौंपा।

## खेलकूद

**महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज में एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक समारोह का समापन**

# एथलेटिक्स में एमडीबी बेलसर ओवरऑल चैंपियन

संवाददाता, बेलसर, गोंडा



छात्र–छात्राओं को संबोधित करते पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर के क्रीड़ा प्रांगण में माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश जनपद गोंडा के तत्वावधान में संचालित तीन दिवसीय 70वें जनपदीय एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक समारोह का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह रहे। इसमें एमडीबी बेलसर की टीम ओवरऑल चैंपियन रही।

बृजभूषण शरण ने कहा कि सबसे प्रथम निरोगी काया हमें अपने स्वास्थ्य पर सबसे पहले ध्यान देना चाहिए। 70 में जनपदीय एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक समारोह 2024 में महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर 172 अंक के साथ बालक वर्ग में ओवरआल चैंपियन रहा, जबकि बालिका वर्ग में नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज नवाबगंज 130 अंक के साथ ओवरऑल चैंपियन रही।

# पूर्व सांसद ने 1300 छात्रों का किया सम्मान

**नवाबगंज, अमृत विचारः** क्षेत्र के नंदिनी नगर महाविद्यालय में बुधवार को सातवें चरण का छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण ने रूपईडीह ब्लाक के 16 विद्यालयों के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में मेधा का परचम लहराने वाले 1300 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पूर्व सांसद के हाथों से सम्मान पाकर सभी मेधावी छात्रों के चेहरे खिल उठे।इस मौके पर मौजूद मेधावी छात्र-छात्राओं के माता-पिता भी बेहद खुश नजर आए।इस दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि छात्रों के कड़ी मेहनत से यह मुकाम मिलता है।मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका मार्गदर्शन करना ही उनका उद्देश्य है। यह छात्र देश के भविष्य हैं। पूर्व सांसद ने छात्रों से कड़ी मेहनत करने और चुनौतियों का सामना करने की सलाह दी। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा तथा कटरा ब्लाक प्रमुख भवानी भीख शुक्ल मौजूद रहे। इस मौके पर रमाकांत मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य सरवन शुक्ला, अर्जुन तिवारी, चालू तिवारी, बृजराज सिंह, धर्मेंद्र समेत हजारों छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# महाराजगंज में स्थिति हुई सामान्य, 10 उपद्रवी और गिरफ्तार

## अब तक कुल 61 लोगों को पुलिस हिंसा मामले में कर चुकी गिरफ्तार



जिले के महाराजगंज बाजार में सुरक्षा में तैनात पीएसी जवान। अमृत विचार



डीआईजी के साथ मौजूद एटीएस जवान। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** महाराजगंज बाजार में रविवार को हुए उपद्रव के बाद स्थिति धीरे धीरे सामान्य हो रही है। आम लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस और पीएसी जवानों के साथ एसटीएफ और एटीएस की टीम कर रही है। डीएम और एसपी निरन्तर क्षेत्र में कैंप कर रहे हैं। उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। सोमवार के बाद कोई विवाद नहीं हुआ है। बुधवार को भी 10 उपद्रवियों पर कार्रवाई की गई। अब तक कुल 61 लोगों को पुलिस ने हिंसा मामले में गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान रेहुआ मंसूर गांव निवासी युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या के बाद जमकर बवाल हुआ था दो समुदाय के लोगों ने आगजनी करने के साथ तोड़फोड़ की थी। कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया था। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि पूरी तरह से शांति बनी हुई है। लोग सुरक्षित रहने के साथ मिलकर रहें। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस और पीएससी के जवान तैनात हैं। कोई डर और समस्या की बात नहीं है।

वृंदा शुक्ला ने बताया कि रविवार को हुए उपद्रव के मामले में मंगलवार रात को 10 और लोगों को गिरफ्तार किया गयाहै। उन्होंने बताया कि वीडियो देखकर सभी उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। पुलिस अधीक्षक गोविंद शुक्ला ने बताया कि महाराजगंज क्षेत्र में एटीएस एसटीएफ और पीएसी के चार सेनानायक लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि लखनऊ के डीआईजी भी ड्यूटी कर रहे हैं।

### पीड़ितों को प्रशासन दे रहा लंच पैकेट और लइया

**भगवानपुर।** महराजगंज बाजार के दंगा पीड़ित समुदाय विशेष के लोगों को तहसील प्रशासन की ओर से लांच पैकेट और लइया दिया जा रहा है। जबकि अन्य का कोई पुरसाहाल नहीं है। हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में रविवार को दो समुदायों के बीच उपद्रव हो गया था। जिसमें समुदाय विशेष के 11 घर के 52 लोग प्रभावित हुए थे। इन सभी को तहसील प्रशासन की ओर से लांच पैकेट और लइया दिया जा रहा है। तहसीलदार की अगुवाई में लंच पैकेट बन रहे हैं। एसडीएम अखिलेश सिंह के द्वारा इनकी सूची तैयार की गई है। जबकि बहुसंख्यक समाज के लोगों को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में इन लोगों में नाराजगी भी है।

### क्षेत्र के मस्जिद और ईदगाह की सुरक्षा कर रहे ग्राम प्रधान

**भगवानपुर।** हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान जमकर बवाल हुआ था। दंगाइयों ने कई वाहनों में तोड़फोड़ के बाद आग लगा दिया था। इतना ही समुदाय विशेष के लोगों ने गोली मारकर राम गोपाल मिश्रा की हत्या कर दी थी। इससे उग्र हुई भीड़ ने क्षेत्र के दो धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ की थी। इतना ही नहीं एक धार्मिक स्थल को आग के हवाले करने का प्रयास किया था। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने नया तरीका अपनाया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी और क्षेत्र के भाजपा विधायक ने सबको सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए। जिस पर तहसील क्षेत्र के ग्राम प्रधानों को धार्मिक स्थल की सुरक्षा को निर्देशित किया गया है। जिसके तहत सम्बन्धित गांव के प्रधान द्वारा धार्मिक स्थलों की सुरक्षा की जा रही है।

### इंटरनेट बंद होने से दैनिक कार्यों में समस्या

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** महराजगंज बाजार में रविवार को हुए दंगे के बाद शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी है। इंटरनेट बंद होने से जिले के साथ जरवल रोड क्षेत्र में आनलाइन लेन-देन, डिजिटल भुगतान और बैंकिंग कार्यों में ग्राहकों और व्यापारियों को कठिनाई हो रही है। शिक्षा स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं के संचालन में भी इंटरनेट की आवश्यकता होती है आन लाइन पढ़ाई लिखाई त्वरित जानकारी का आदान-प्रदान तथा अतिआवश्यक इंटरनेट संबंधित कामकाज पूरी तरह ठप है। भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक जरवल रोड ओम कार गुप्ता ने बताया कि इंटरनेट सेवा ठप होने के कारण लेन देन ठप है। श्री बलभद्र आटो सेल्स के मालिक मोहित पोरवाल ने बताया कि आनलाइन भुगतान करने की मंशा से आने वाले ग्राहकों को निराश होना पड़ा है। वहीं क्षेत्रों में संचालित लोकवाणी केंद्र ग्राहक सेवा केन्द्र, पर आने वाले उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है।

## एक नजर

### दो दिन और बंद रहेगा इंटरनेट

**बहराइच।** जिले के महाराजगंज बाजार में रविवार को मूर्ति विसर्जन में बवाल के बाद सोमवार दोपहर से जिला प्रशासन ने शासन के निर्देश पर इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी थी। हालात में सुधार है, लेकिन स्थितियों को देखते हुए इंटरनेट सेवाएं बंद का निर्णय और दो दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। ऐसे में अब लोगों को 18 अक्टूबर तक इंटरनेट सेवा से दूर रहना होगा।

### रामगोपाल मिश्रा हत्याकांड की हो मजिस्ट्रेट जांच

**बहराइच।** रामगोपाल मिश्रा मामले की मजिस्ट्रेट जांच करवाने और दोषियों के विरोध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र शुक्ला की अगुवाई में बुधवार को पदाधिकारी कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुए। सभी ने रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया। हत्या कांड की मजिस्ट्रेट जांच और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर महासंघ के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को दिया। इस दौरान अन्य लोग मौजूद रहे।

### रामगोपाल को मौत से पूर्व दी गयी थी थर्ड डिग्री

**बहराइच।** राम गोपाल मिश्रा (22) की पोस्टमार्टम रिपोर्ट बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार शर्मा ने सार्वजनिक की। सीएमओ ने बताया कि तीन डॉक्टरों के पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट जो प्राप्त हुआ है उसमें 25 से 30 छर्रे युवक के शरीर में मिले हैं। इसके अलावा अत्यधिक रक्त स्राव होने के चलते मौत हुई है मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि दोनों पर के अंगूठे के बीच में चोट है। छाती चेहरे पर भी हमला किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से लगता है कि राम गोपाल के साथ हैवानियत की गई थी।

# स्कूल खुले लेकिन कम आए बच्चे

**महसी, बहराइच, अमृत विचार, धनंजय शुक्ला।** दंगा प्रभावित क्षेत्र में जनजीवन धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही है। बुधवार को स्कूल भी खुले, लेकिन छात्रों की संख्या काफी कम दिखी। वहीं पुलिस लोगों को दुकान खोलने के लिए अपील कर रही है। दंगा के चलते लगभग डेढ़ हजार दुकानों में ताला लग गया है। जिससे अर्थ व्यवस्था भी कमजोर होती जा रही है। हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान जमकर बवाल हुआ। दंगाइयों ने गोली तक चला दी थी। इतना ही नहीं कई मकान और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। जिसके चलते कर्फ्यू जैसे हालात बन गए हैं। हालांकि सोमवार के बाद से कोई विवाद नहीं हुआ है। धीरे धीरे स्थिति सामान्य हो रही है। स्कूल भी उपद्रव प्रभावित क्षेत्र के आसपास खुले, लेकिन लोगों के मन में भय होने के चलते स्कूलों में बच्चों की संख्या कम है। लोग काफी परेशान हैं। शिक्षक छात्रों को स्कूलों में भेजने की बात कह रहे हैं, लेकिन भय सभी को स्कूल भेजने पर संकोच में डाल रही है। एसडीएम अखिलेश सिंह ने बताया कि स्थिति पूरी तरह सामान्य है। सभी लोग दुकान खोलें। अपनी दिनचर्या करें। कोई समस्या नहीं है।



महाराजगंज बाजार में पसरा सन्नाटा और आवागमन करते पुलिस के वाहन।

### डेढ़ हजार दुकानों पर ताला

महसी तहसील क्षेत्र के पंडितपुरवा, महेशपुरवा, महराजगंज, महसी और रमपुरवा बाजार में स्थिति सामान्य है। लेकिन बवाल के चलते लोग अपनी दुकान नहीं खोल रहे हैं। पुलिस लोगों को दुकान खोलने की अपील कर रही है।

### महसी सीओ हटे, रामपुर से आए दूसरे सीओ

**बहराइच, अमृत विचार।** हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज में हुए बवाल के मामले में थानाध्यक्ष और चौकी इंचार्ज के बाद अब सर्किल के सीओ को निलंबित करने के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। उनके स्थान पर दूसरे सीओ रामपुर जिले से आ गए हैं। हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में रविवार को प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान दो समुदाय में भिड़ंत हो गई थी। बहुसंख्यक समाज के विरोध पर लाठीचार्ज भी हुआ था। ग्रामीणों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र गौड़ पर लाठीचार्ज करवाने का आरोप लगाया था। इसको लेकर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की ओर से सीओ के निलंबन को लेकर शासन को पत्र लिखा गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रामपुर जिले के रवि पोखर पुलिस क्षेत्राधिकारी के लिए आए हैं। उन्होंने जिले में ड्यूटी ज्वाइन कर ली है। शासन की ओर से सीओ को निलंबित कर दिया जाएगा। मालूम हो कि घटना में संलिप्तता के लिए थानाध्यक्ष आर एस वर्मा और चौकी इंचार्ज अशोक कुमार पहले ही निलंबित हो चुके हैं।



सीओ रूपेंद्र गौड़।



### पुलिस ने बाजार में किया फ्लैग मार्च

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** महसी तहसील क्षेत्र में हुए बवाल के बाद जिला प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रही है। इसको देखते हुए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर सतर्कता बरती जा रही है। जिले में हुए बवाल के मद्देनजर स्थानीय बाजार में तहसीलदार कैसरगंज अभय राज पांडेय व थानाध्यक्ष जरवल रोड के नेतृत्व में थाना व पीएसी के जवानों के साथ जरवल मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, गल्ला मंडी, तुफानी चौराहा, लखनऊ गोंडा मार्ग आदि स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाल कर सुरक्षा का अहसास कराया। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।

# उप चुनाव : सीटें बचाने के साथ विपक्षी खेमे में सेंध लगाने उतरेगी भाजपा

## भाजपा को लगेगा झटका या होगी भरपाई, अधिसूचना जारी होते ही प्रचार में जुटे राजनीतिक दल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा के लिए 9 सीटों पर उप चुनाव में जीत की डगर आसान नहीं है। लोकसभा चुनाव परिणाम ने साबित किया है कि प्रदेश में सपा-कांग्रेस की प्रमुखता वाला इंडी गठबंधन और पीडीए फार्मूला सिर्फ जुबानी नहीं था। ऐसे में भाजपा को अपनी सभी सीटें बचाने के साथ विपक्षी खेमा की सीटों में सेंधमारी करके लोकसभा चुनाव की भरपाई करनी होगी।

भाजपा के लिए उपचुनाव अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। भाजपा उप चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर लोकसभा चुनाव का हिसाब चुकता करने के साथ ही विधानसभा चुनाव 2027 के लिए बड़ा संदेश देना चाहती है। साथ ही नेताओं का मानना है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जिस पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की रणनीति ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को चौंकाया था, उसका इस चुनाव में असर नहीं होगा। इसके अलावा कांग्रेस और सपा द्वारा पिछड़ों और दलितों में फैलाए गए आरक्षण के भ्रम को भी लोग समझ चुके हैं।

### प्रत्याशी की घोषणा न होने से प्रचार फीका

भाजपा से कहीं भी प्रत्याशी की घोषणा न होने से वोटरों के बीच धरातल पर चुनाव प्रचार फीका चल रहा है। हालांकि दिल्ली में पिछली बैठक के दौरान केंद्रीय नेतृत्व ने हर सीट पर प्रत्याशी के नाम तय कर लिए थे। देखना होगा कि इसकी घोषणा कब होती है। जबकि सपा 6 सीटों पर प्रत्याशी तय कर चुकी है बाकी की चार सीटों पर कांग्रेस के साथ गठबंधन पर समीकरण बन-बिगड़ रहे हैं। बसपा ने भी पांच सीटों पर प्रभारी तय करके प्रचार गरमा रखा है।

### चुनावी रण को अपने-अपने क्षेत्र में डटे मंत्री

उप चुनाव की तारीखें सामने आते ही कई मंत्री बुधवार से ही अपने-अपने निर्धारित मोर्चों के लिए रवाना हो गए। इनमें करहल में जयवीर सिंह, मिल्कीपुर में सूर्य प्रताप शाही व मयंकेश्वर शरण सिंह, कटेहरी में स्वतंत्र देव सिंह व आशीष पटेल पहुंच चुके हैं। इधर, सीसामऊ में सुरेश खन्ना व संजय निषाद, फूलपुर में दयाशंकर सिंह व राकेश सचान, मझवां में अनिल राजभर, ग़ाज़ियाबाद सदर में सुनील शर्मा, मीरापुर में अनिल कुमार व सोमेन्द्र तोमर भी बुधवार से डट गए। खैर में लक्ष्मी नारायण चौधरी, कुंदरकी में धर्मपाल सिंह व जेपीएस राठौर मोर्चा संभाल चुके हैं।

### आसान नहीं राह, छह सीटों पर कड़ी चुनौती

जिन 9 सीटों पर उप चुनाव घोषित हुआ है, वहां लड़ाई भाजपा-सपा गठबंधन की आमने-सामने है। 6 विधानसभा सीट ऐसी हैं, जहां भाजपा का कड़ा इम्तिहान होगा। पार्टी को यहां सपा से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सांसद बनने के बाद अपनी करहल सीट से परिवार के तेजप्रताप यादव, विधायकी रद होने से इरफान सोलंकी की सीसामऊ से उनकी पत्नी नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, अंबेडकरनगर के सांसद बनने पर लालजी वर्मा की खाली हुई कटेहरी सीट से उनकी पत्नी शोभावती वर्मा और मझवां से पूर्व विधायक और भदोही से पूर्व सांसद रमेश बिंद की पुत्री डॉ. ज्योति बिंद को मैदान में पहले ही उतार दिया है। इसमें दो सीटें फूलपुर और मझवां पर 2022 में भाजपा का कब्जा था। जबकि मीरापुर सीट सहयोगी रालोद के कब्जे में थी। सपा को अभी गठबंधन को साधते हुए कुंदरकी, खैर, मीरापुर और गाजियाबाद पर प्रत्याशी की घोषणा करनी है।

### पांच सीटों पर बसपा प्रत्याशी ठोक रहे ताल

बसपा सुप्रीमों मायावती अब तक पांच सीटों पर प्रत्याशी का ऐलान कर चुकी हैं। मीरापुर सीट से शाह नजर, मिल्कीपुर से राम गोपाल कोरी, कटेहरी से अमित वर्मा, मझवां से दीपू तिवारी, और फूलपुर से शिव वरन पासी को प्रभारी बनाकर मैदान में उतारा है।

# बैंक मित्र से हुई लूट का पुलिस ने किया खुलासा, चार गिरफ्तार

खैरीघाट, बहराइच

▸▸ 5.86 लाख रुपये नकद, लूट में प्रयुक्त दो बाइक भी सीज

**अमृत विचार।** क्षेत्र के लौकिहा गांव के पास 10 दिन पूर्व एक बैंक मित्र से 9:30 लाख रुपये की लूट हुई थी। जिसका खुलासा करते हुए पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बरामद दो बाइक और नकदी को सीज कर दिया है।

खैरीघाट थाना क्षेत्र के नरोत्तमपुर गांव निवासी अंकित कुमार मौर्या 9.51 लाख रूपये नकदी लेकर बाइक से 10 दिन पूर्व जा रहे थे। लौकिहा गांव के पास अज्ञात लोगों ने हमला कर नकदी लूट ली थी। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने पुलिस और एसओजी टीम को घटना के खुलासे का निर्देश दिया था। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को नानपारा बाईपास से दो बाइक पर सवार चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 5.86 लाख रूपये नकदी बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि दो बाइक और नकदी को सीज कर दिया गया है। जबकि गिरफ्तार बदमाश मोतीपुर थाना क्षेत्र के अडगोड़वा गांव निवासी कासिम, दिलसाराम, उमेर और हुजूरपुर निवासी सलमान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### बाइकों की टक्कर में पांच घायल, दो गंभीर

**खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के लौकिहा मंदिर के पास एक कार खड़ी थी। कार के लोग नीचे उतर गए थे। अंधेरा होने के चलते शिवपुर बाजार से जा रहे बाइक सवार भिड़ गए। इसके बाद सामने से आ रहा दूसरा बाइक सवार भी भिड़ गया। जिसमें पांच लोग घायल हो गए। हादसे में गड़रियनपुरवा गांव निवासी सुदीप पुत्र जगजीवन प्रसाद और राजा उर्फ सैफुद्दीन पुत्र खलील गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को सीएचसी शिवपुर में भर्ती कराया गया। यहां सुदीप की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। चौकी इंचार्ज राकेश पांडेय ने बताया कि दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है।

# अज्ञात कारणों से फर्नीचर की दुकान में लगी आग

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** शहर के हीरा सिंह बाजार में समुदाय विशेष के फर्नीचर की दुकान में आग लग गई। जिसमें बाइक भी जल गई। पड़ोस में स्थित मोबाइल की दुकान में चोरी हुई है। दुकान मालिक ने चोरी के बाद आग लगाए जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

दरगाह थाना क्षेत्र के छावनी चौराहा निवासी मोहम्मद शरीफ पुत्र मोहम्मद अशरफ की फर्नीचर और मोबाइल की दुकान कोतवाली नगर के हीरा सिंह मार्केट में स्थित है। दोनों दुकान आसपास संचालित है। मोहम्मद शरीफ ने बताया कि मंगलवार रात को वह दुकान बंद कर चले गए। देर रात को किसी ने मोबाइल की दुकान में पीछे से घुसकर चोरी की। इसके बाद फर्नीचर की दुकान में आग लगा दी। दुकान में खड़ी बाइक में भी आग लगा दी। इसकी जानकारी सुबह 4.30 बजे पड़ोस के लोगों ने दी। इस पर वह सभी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। दमकल कर्मियों ने आग बुझाया। लाखों का नुकसान हुआ है। दुकान मालिक ने आग लगाने और चोरी करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। कोतवाली नगर की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की है। इस मामले में कोतवाल दिनेश कुमार पांडेय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के मिलने के बाद केस दर्ज किया जायेगा। वहीं दुकान में आग लगने से एक बार माहौल फिर गर्म हो गया है। उधर सीएफओ कुमार विशाल गौड़ का कहना है कि आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच कर आग बुझा दिया है। कारण अभी पता नहीं चल सका है।



शहर के हीरा सिंह मार्केट में दुकान में लगी आग। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### अज्ञात लोगों ने विद्यालय में की तोड़फोड़

**विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार।** क्षेत्र के श्रीनगर तिराहे पर स्थित एक विद्यालय में अज्ञात लोगों ने रात में तोड़फोड़ कर दी। सुबह जानकारी मिलने पर प्रबंधक ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के श्रीनगर तिराहे पर जय गुरुदेव विद्या मंदिर लघु माध्यमिक विद्यालय संचालित है। इस विद्यालय के प्रबंधक केसरी लाल पांडे हैं उन्होंने बुधवार को थाने में शरीर देकर कहा है कि विद्यालय बंद था देर रात को कुछ अज्ञात लोगों ने खुश कर विद्यालय में तोड़फोड़ की। जिसमें रात 1:00 बजे के आसपास अज्ञात लोगों ने फर्नीचर को काफी नुकसान पहुंचाया है। हजारों का नुकसान हुआ है। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### युवती की हत्या कर बोरे में भरकर फेंका शव

**बहराइच, अमृत विचार।** कोतवाली देहात के यादवपुर गांव में नहर के निकट बोरे में एक युवती का शव बुधवार शाम को बरामद हुआ। फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवती की पहचान नहीं हो सकी है। कोतवाली देहात अंतर्गत यादवपुर गांव के निकट से नाला प्रवाहित होती है। नाले के पास बुधवार शाम को एक बोरा मिला। बोरे से सड़ांध आ रही थी। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान आलोक पाठक ने पुलिस को दी। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने बोरा खोलकर देखा तो उसमें युवती का शव मिला। जिस पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की पहचान करवाने का प्रयास किया, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। जिस पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवती की उम्र 25 वर्ष के आसपास है। उन्होंने बताया कि पहनावा से युवती के समुदाय विशेष से होने की संभावना जताई जा रही है।

### भाकियू युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष का निधन

**हुजूरपुर, बहराइच,अमृत विचार :** हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सहसलमपुर गांव निवासी धर्मदेव सिंह (50) पुत्र जय प्रकाश सिंह भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष थे। इसके अलावा वह कदरा गांव के ग्राम प्रधान भी रह चुके हैं। मंगलवार रात को उनकी तबियत खराब हुई। जिस पर उन्हें मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। जिस पर बुधवार को गांव के बाग में अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर भी कराया जाए उप चुनाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा से मुलाकात की और अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर भी उपचुनाव कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि मिल्कीपुर सीट को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित याचिका पर कोई स्थगन या अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, अनूप गुप्ता, संजय राय, राम प्रताप सिंह चौहान आदि नेता शामिल रहे।

### पूर्वांचल के खेल प्रेमियों को भव्य स्टेडियम देंगे पीएम

**अमृत विचार लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र में पूर्वांचल के खेल प्रेमियों को दीपावली से पहले पुनर्विकसित भव्य स्टेडियम देंगे। 20 अक्टूबर को उनके वाराणसी के दौरे में सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्टेडियम में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्टेडियम के फेज-2 व फेज-3 का उद्घाटन प्रस्तावित है। पीएम 2023 में फेज-1 का उद्घाटन कर चुके हैं। स्टेडियम निर्माण से 20 से अधिक खेलों के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्म पर प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। स्मार्ट सिटी के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. डी वासुदेवन ने बताया कि तीन फेज में डॉ. संपूर्णानंद सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम का पुनर्विकास 325 .65 करोड़ से अधिक की लागत से हुआ है। स्टेडियम में इनडोर और आउटडोर दोनों सुविधा रहेगी।

### बगैर अनुमति कनेक्शन के आदेश पर हो कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजली चोरी प्रकरण में चार किलोवाट तक का नया बिजली कनेक्शन जारी करने के आदेश के मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बुधवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से मुलाकात कर यह मांग उठाई। उन्होंने कहा कि नियामक आयोग एक अर्धन्यायिक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है। इसके समक्ष कोई प्रस्ताव प्रस्तुत करने के बाद पावर कॉरपोरेशन इस पर निर्णय नहीं ले सकता है।

### स्वास्थ्य सेवाएं धवस्त, भटक रहे हैं मरीज : अखिलेश

**अमृत विचार,लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवायें ध्वस्त हो गयीं हैं। सपा प्रमुख ने बुधवार को कहा कि उन्होंने कहा कि डेंगू के कारण सैकड़ों की संख्या में लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। प्लेटलेट्स और ब्लड की कमी को लेकर मारामारी है। मरीज और तीमारदार भटक रहे हैं। प्रदेश के अन्य जिलों में भी सेवाओं का यही हाल है।

व्यवस्था | गहमागहमी के बीच पुलिस सुरक्षा में हुआ चुनाव

# गन्ना समिति के डायरेक्टर पद के हुए चुनाव, परिणाम घोषित

संवाददाता, जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचार।** सहकारी गन्ना विकास समिति जरवल रोड के नौ संचालक पद के सापेक्ष चार सर्किलों के डायरेक्टर पद पर गहमागहमी के बीच शांतिपूर्ण चुनाव बुधवार को हुआ। जिसमें अमरीका सिंह डायरेक्टर बनी।

गन्ना विकास समिति जरवल रोड में धनसरी, रिठौढ़ा, आगापुर, रूकनापुर सर्किल के लिए डारेक्टर पद के सभी प्रत्याशी अपने अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए जुटे रहे। शाम 4 बजे निर्वाचन अधिकारी अभय राज पांडे तहसीलदार कैसरगंज द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार धनसरी सर्किल के कुल तीस मतदाताओं ने मतदान किया। विजयी प्रत्याशी अमरीका सिंह ने अपने प्रतिद्वंद्वी रामरानी को दस मत से पराजित किया। रिठौढ़ा सर्किल की प्रत्याशी गीता सिंह ने बीस वोट प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंद्वी सरोजनी सिंह को सात वोट से पराजित कर दिया। सर्किल आगापुर प्रत्याशी राजित राम ने बारह मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंद्वी राजेश कुमार यादव को आठ मत से पराजित कर दिया। रूकनापुर सर्किल से कुल 52 मत में प्रत्याशी अनिल कुमार सिंह ने 27 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्वी संतराम सिंह को पराजित कर दिया। परिणाम घोषित होते ही विजयी उम्मीदवारों के पक्ष के मतदाताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सहकारी गन्ना विकास समिति जरवलरोड के सचिव डा. प्रेमनाथ पाण्डेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविंद बहादुर सिंह के द्वारा विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र जारी किया मतदान प्रक्रिया के दौरान चुनाव अधिकारी तहसीलदार कैंसरगंज के अलावा थानाध्यक्ष जरवलरोड बृजराज प्रसाद मय पुलिस फोर्स मौजूद रहे।



चुनाव में जीत मिलने के बाद प्रमाण पत्र लेती प्रत्याशी। अमृत विचार

### संचालक के नौ पद हैं सृजित

सहकारी गन्ना विकास समिति जरवलरोड के संचालक मंडल के कुल 9 संचालक पद सृजित हैं। जिसमें से पांच पद के प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे। जिसमें सर्किल पारा रामनगर से मुन्नी देवी पत्नी रामपाल, सर्किल महमूदपुर से रणवीर सिंह पुत्र संतबक्स सिंह निवासी ग्राम अख्तियारपुर, सर्किल टेड़वा अल्पी मिश्र से राम राज वर्मा पुत्र रामेश्वर, सर्किल गजाधरपुर राम केवल पुत्र मनोहर, सर्किल कैसरगंज से राजेश्वरी सिंह पत्नी वेद प्रकाश सिंह निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। तथा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दो सदस्य नामित होंगे कुल 11 डायरेक्टर के द्वारा चेयरमैन का चुनाव संपन्न होगा। चेयरमैन पद के नामांकन सहित पूरी चुनाव प्रक्रिया व चुनाव संपन्न होगा।

### बाइक से गिरकर महिला की मौत

**फखरपुर, बहराइच, अमृत विचार।** पहिया धर्मापुर गांव निवासी एक महिला अपने भाई के साथ रिश्तेदारी से वापस गांव जा रही थी। रस्ते में गिरकर महिला की मौत हो गई। बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पहिया धर्मापुर निवासी लक्ष्मी जायसवाल (50) पत्नी बांकेलाल जायसवाल अपने भाई के साथ रिश्तेदारी में कोतवाली देहात के डोडायल गांव गई थी। बुधवार दोपहर में महिला भाई के साथ वापस अपने गांव आ रही थी रास्ते में सरैया गांव के पास महिला बाइक से नीचे गिर गई। सिर में अधिक चोट लगने के चलते महिला की मौत हो गई। थानाध्यक्ष सूरज राणा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बाइक से गिरकर महिला की मौत हुई है।

# राज्यमंत्री के आवास पर अपशब्द लिखे, नेमप्लेट पर कालिख पोती

## कांग्रेस के नेता पर आरोप, प्रियंका पर टिप्पणी से नाराज थे कांग्रेसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस के एक नेता ने बुधवार को राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के आवास पर अपशब्द लिखे। उनकी नेम प्लेट पर कालिख पोत दी। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी पर राज्यमंत्री की अमर्यादित टिप्पणी से नाराज थे। आनन-फानन में सरकारी कर्मियों ने आवास पर लिखी टिप्पणी व नेम प्लेट की कालिख साफ कराई।

कांग्रेस के प्रदेश संगठन महासचिव अनिल यादव दोपहर में राज्यमंत्री के आवास पर पहुंचे। उनके साथ कांग्रेस के कई नेता भी शामिल थे। नेताओं ने आवास के गेट पर लिखना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि उनकी नेता प्रियंका गांधी के विरुद्ध राज्यमंत्री ने अभद्र टिप्पणी की। वे कोई भी गलत बात बर्दाश्त नहीं करेंगे।


राज्यमंत्री के आवास पर अपशब्द लिखते कांग्रेस के नेता। अमृत विचार

प्रियंका गांधी के वायनाड लोकसभा सीट से उप चुनाव लड़ने की घोषणा होने के बाद राज्यमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये उन पर तंज किया था। उन्होंने प्रियंका गांधी के वायनाड से चुनाव लड़ने को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। इस पर कांग्रेस नेताओं ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की थी।

कांग्रेस नेताओं ने राज्यमंत्री की पोस्ट पर लिखा कि ये यूपी सरकार में मंत्री और बुरी तरह सांसदी का चुनाव हारे हुए भाजपा नेता हैं। उन्होंने राज्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा कि महिलाओं के बारे में इनकी भाषा और ख्याल देखिये। महिलाएं चुनाव लड़ने के लिए जब उतरती हैं, तो उन्हें सैकड़ों ऐसे किस्म के लोगों की अमर्यादित भाषा सुननी पड़ती है। मालूम हो कि कांग्रेस पार्टी ने प्रियंका को वायनाड लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाने की औपचारिक घोषणा कर दी है। इसको लेकर भाजपा व कांग्रेस के बीच 'सोशल मीडिया वार' शुरू हो गया है।

**महिलाओं का सम्मान करना नहीं जानती भाजपा : अजय राय**

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि भाजपा महिलाओं का सम्मान करना बिल्कुल नहीं जानती है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये टिप्पणी की कि मंत्री दिनेश कुमार सिंह ने भाजपा का असली चरित्र और चेहरा एक बार फिर जनता के समक्ष रख दिया है।

## विधायक व विधायिका का सम्मान बढ़ाने का जारी रहेगा प्रयास : महाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधायक व विधायिका का सम्मान बढ़ाने का प्रयास जारी रहेगा। वह बुधवार को विधानभवन के समिति कक्ष में आयोजित याचिका समिति और नियम समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। महाना ने कहा कि विधानसभा में जो मुद्दे उठते हैं, वे सरकार के विचार के लिए भेजे जाते हैं और समिति के सदस्यों की जिम्मेदारी है कि वे इन मुद्दों पर पूरी गंभीरता से कार्य करें।

# महाकुंभ : 12 घंटे इंतजार, फिर घर पहुंचाएगी सरकार

## डिजिटल खोया-पाया केंद्र बनेंगे, सोशल मीडिया मंचों पर प्रसारित होगी जानकारी

राज्य राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** महाकुंभ 2025 में तीर्थयात्रियों के लिए राज्य सरकार ने डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की स्थापना की मंजूरी दी है। इस नई सुरक्षा व्यवस्था से खोए हुए व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए तकनीक और सोशल मीडिया मंचों का सहारा लिया जाएगा।

इसमें हर खोए हुए व्यक्ति का पंजीकरण तुरंत किया जाएगा और उसकी जानकारी को अन्य केंद्रों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक और एक्स पर भी प्रसारित किया जाएगा। 12 घंटे के भीतर अगर कोई अपने खोए हुए सदस्य का दावा नहीं करता है, तो पुलिस उन्हें सुरक्षित ठिकाने तक पहुंचाएगी। यह व्यवस्था महाकुंभ मेले को न केवल सुरक्षित बनाएगी, बल्कि परिवारों को जल्दी और आसानी से अपने प्रियजनों से जोड़ने का काम करेगी।

**पहचान प्रमाणित करने पर ही प्रशासन सौंपेगा खोया व्यक्ति**

कोई व्यक्ति कुंभ मेले में खोता है तो उसे सुरक्षित, व्यवस्थित और जिम्मेदार प्रणाली के तहत उसका ख्याल रखा जाएगा। किसी भी वयस्क को बच्चे या महिला को ले जाने से पहले सुनिश्चित करना होगा कि वह उसे पहचानते हैं और उनकी पहचान प्रमाणित है।

**992 स्पेशल और 6580 प्रतिदिन ट्रेनें चलेंगी**

'महाकुम्भ-2025' भारत की ग्लोबल ब्रांडिंग का माध्यम बनने जा रहा है। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए देशभर से भारतीय रेल द्वारा 992 स्पेशल और 6580 रेगुलर ट्रेनें चलाएगा। इसके अलावा प्रयागराज क्षेत्र से भी प्रतिदिन 140 ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।

# गोला फेंक में काजल और चक्का फेंक में ललित अव्वल

**बलरामपुर, अमृत विचार।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में माध्यमिक विद्यालयों की 26वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता चल रही है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने खूब पसीना बहाया। गोंला फेंक में काजल राठौर व चक्का फेंक में ललिता प्रजापति ने बाजी मारी।दूसरे दिन माध्यमिक स्कूलों के खिलाड़ियों के बीच सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग में स्पर्धा हुई। चक्का फेंक सब जूनियर वर्ग बालिका में ललिता प्रजापति प्रथम व संध्या सोनी द्वितीय स्थान पर रही। गोला फेंक सीनियर बालिका वर्ग में काजल राठौर को पहला व लक्ष्मी वर्मा को दूसरा स्थान मिला। लंबी कूद सीनियर बालक में अरविंद यादव प्रथम व राकेश को द्वितीय स्थान मिला। 3000 मीटर दौड़ जूनियर बालक वर्ग में राहुल कुमार पहले व अमित यादव दूसरे स्थान पर रहे। 3000 मीटर दौड़ जूनियर बालिका वर्ग में मधु वर्मा प्रथम व संध्या देवी द्वितीय स्थान पर रहीं। जिला खेल सचिव मोहम्मद सुहेल ने बताया कि 17 अक्तूबर को रिले दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद पुरस्कार वितरण के साथ तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन होगा। प्रतियोगिता के आयोजन में अर्पण पांडेय, अभय शंकर, पंकज पांडेय, रश्मि सिंह, नवीन पाल, अंशु वर्मा, उमेश तिवारी, संजय यादव, दलजीत वर्मा, उमेश चौधरी, सईद अहमद, सुधाधर पांडेय, विनय कृष्ण मिश्र, नसीम अहमद व संजय यादव आदि का सहयोग रहा।

# नए शैक्षिक सत्र 2025-26 की समय सारिणी जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नए महाविद्यालयों और संस्थानों की स्थापना और मौजूदा कॉलेजों में नए स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की शुरुआत के लिए शैक्षिक सत्र 2025-26 की समय सारिणी जारी कर दी गयी है।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बुधवार को बताया कि 16 दिसंबर से 20 जनवरी 2025 तक भूमि अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाएगा। प्राप्त अनापत्ति प्रस्तावों को सात दिनों के भीतर जिलाधिकारी को सत्यापन के लिए भेजा जाएगा और एक महीने के भीतर सत्यापन रिपोर्ट संबंधित विश्वविद्यालय को ऑनलाइन भेज दी जायेगी। 31 जनवरी 2025 तक अनापत्ति आदेश ऑनलाइन जारी किया जाएगा। प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को भूमि संबंधी अभिलेखों के सत्यापन के निर्देश दिए हैं।

विश्वविद्यालयों को नए पाठ्यक्रमों के लिए अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2024 तक अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करना होगा। भूमि अभिलेखों के सत्यापन और निरीक्षण रिपोर्ट समेत अन्य प्रक्रियाओं के निर्धारण की भी समय सीमा निर्धारित है।


वार्ड में लगा कूड़े का अंबार। अमृत विचार

# वार्ड नंबर 24 में जगह-जगह कूड़े के ढेर, लोगों में आक्रोश

उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचार:** स्थानीय नगर के वार्ड संख्या 24 में सरकारी योजनाओं और सफाई व्यवस्था को लेकर स्थानीय निवासियों में काफी नाराजगी है। मतदाता सूची के अनुसार इस वार्ड में लगभग 1200 लोग रहते हैं, लेकिन वास्तविकता में घरो में रहने वालों की संख्या इससे कहीं अधिक है। अधिकांश वार्ड वासियों का कहना है कि उन्हें यह जानकारी नहीं मिल पाती कि वे कौन-कौन सी सरकारी योजनाओं के लाभार्थी हो सकते हैं। नगर पालिका के कर्मचारी कभी वार्ड में आकर यह जानकारी नहीं देते कि कौन सी योजनाएं लागू हैं या इन योजनाओं का लाभ कैसे उठाया जा सकता है। वार्ड की सफाई व्यवस्था भी बेहद खराब है। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे रहते हैं और गंदगी का आलम है। मनीष पांडे के घर से लेकर लल्लन लढीमान के घर तक सफाई का कोई अता-पता नहीं है।


सभासद, रिजवान। अमृत विचार

कैफ जाफरी, शबाना, कादिर, और आशा राम मौर्य ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान उन्होंने कई बार नगर पालिका के सफाई विभाग से शिकायत की, लेकिन कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नालियों की हालत बेहद खराब है, और जब कचरा निकाल दिया जाता है, तो उसे हफ्तों तक उठाया नहीं जाता, जिससे गलियों और मोहल्लों की स्थिति बदतर हो जाती है।वार्ड में हैंडपंप की कमी के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नालियों पर ढक्कन नहीं लगे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। वार्ड वासियों ने नालियों को ढंकवाने और सफाई व्यवस्था में सुधार की मांग की है। वार्ड संख्या 24 के सभासद रिजवान ने बताया है कि वार्ड से संबंधित सभी कार्यों की जानकारी नगर पालिका के संबंधित विभाग के अध्यक्ष को समय पर दी जाती है, लेकिन लापरवाही के कारण इन कार्यों पर ध्यान नहीं दिया जाता। इसका परिणाम यह होता है कि सफाई, कूड़ा-कचरा उठाने और छिड़काव जैसी समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। वार्ड में इन मुद्दों को समय पर हल न करने से जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# घर में लटकता मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचार:** देहात कोतवाली क्षेत्र के भोधरपुर गांव में एक युवक का शव घर में लटकता हुआ पाया गया। मृतक युवक की पहचान फतेह बहादुर सिंह (पीआरडी जवान) के रूप में हुई है। युवक की पत्नी एक वर्ष से अपने मायके लखनऊ में रह रही थी।

मामले की जानकारी देते हुए मृतक युवक के जीजा ने बताया कि वह सुबह मंदिर में पूजा करने गए थे और वहां से अपने साले के घर गए, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों को बुलाया और मृतक के भाई को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़कर अंदर जाकर देखा, तो युवक घर में लटकता हुआ पाया गया। युवक के जीजा का कहना है कि युवक ने रात 2 बजे तक अपने छोटे जीजा से बात की थी। इसके बाद क्या हुआ, किसी को पता नहीं है।देहात कोतवाली प्रभारी दुर्गेश सिंह ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में ले लिया है। पंचनामें की कार्रवाई के बाद युवक के शव को पीएम के लिए भेजा जा रहा है। युवक ने किस कारण फांसी लगाई है, इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। मृतक युवक के माता-पिता की पहले मृत्यु हो चुकी है। वहीं युवक का भाई बलरामपुर में परिवार के साथ रह रहा है।

# किसानों को दें सभी योजनाओं की जानकारी : डीएम

## किसान दिवस में डीएम और अन्य अधिकारियों ने सुनीं किसानों की समस्याएं

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** कृषि एवं कृषि संबंधित योजनाओं की जानकारी कृषक भाईयो को प्रदान किए जाने एवं कृषक भाईयो की समस्या एवं शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में विकास भवन में किसान दिवस संपन्न हुआ।

इस दौरान किसान दिवस में सभी विकास खंडों से आए कृषक बंधुओ से डीएम द्वारा कृषि एवं कृषि संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर गहन वार्ता की गई एवं उनके सुझाव एवं शिकायते सुनी गई। उन्होंने कृषक बंधुओ द्वारा दिए गए बेहतर सुझावों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को क्रियान्वयन एवं शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। इस दौरान कृषकों को सुपर यूरिया उर्वरक का प्रयोग किए जाने को जागरूक किया। डीएम ने कहा की जनपद में रबी फसलों की बुवाई हेतु समस्त प्रकार के खाद एवं उर्वरक की कोई भी कमी नहीं है। सभी कृषक भाईयो को मांग के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उर्वरक की निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर विक्री करने, घटतौली अथवा कालाबाजारी पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी एवं संबंधित अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जायेगी। इस दौरान डीएम ने किसान दिवस में अनुपस्थित अधिशासी अभियंता नलकूप को स्पष्टीकरण दिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के साथ-साथ कृषि संबंधी विभागों के अधिकारी विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए कृषक भाईयो को योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला विकास अधिकारी,परियोजना अधिकारी ग्राम्य विकास विभाग,उपनिदेशक कृषि ,लीड बैंक मैनेजर,डीडीएम नाबार्ड,जिला कृषि अधिकारी , जिला गन्ना अधिकारी सहायक निदेशक मत्स्य व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।


किसान दिवस में किसानों के साथ वार्ता करते डीएम पवन अग्रवाल। अमृत विचार

# 276864 लोगों के घरों में लगेंगे स्मार्ट मीटर

सुशील सिंह, बलरामपुर

**▸▸ विभागीय अधिकारियों ने शुरू किया जन जागरूकता अभियान**

**अमृत विचार:** जनपद में स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हो गया है। सभी उपभोक्ताओं के घरों और प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। यह काम पहली बार निःशुल्क होगा। स्मार्ट मीटर लगने से गलत बिजली बिल, हर माह रीडिंग, बिल पर लगने वाले ब्याज और लेट फीस जैसी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

बहुत दिनों से चल रही जनचर्चा अब हकीकत में बदलने वाली है। कार्यदायी संस्था द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिले में कुल 2,76,864 बिजली उपभोक्ता हैं। जिनके घरों और प्रतिष्ठानों पर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू हो गया है। स्मार्ट मीटर पहले सरकारी विभागों में लगने थे जिससे लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के लाभों के बारे में जानकारी देना शुरू कर दिया है। विभागीय लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी। उपभोक्ताओं को अपने बिजली खर्च की जानकारी रहेगी जिससे वह अपना विद्युत खपत को नियंत्रण में रख सकेंगे। बिल में की धांधली नहीं हो पाएगी और वह दलालों के चक्कर में नहीं पड़ेंगे। बिजली विभाग को बिजली चोरी की जानकारी मिलती रहेगी जिससे बिजली व्यवस्था में सुधार होगा और लाइन लास में कमी आएगी। अधिशासी अभियंता बालकृष्ण ने बताया कि जिले के सभी श्रेणी के कनेक्शन पर उनके भार के हिसाब से स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू है। इसके लिए उपभोक्ताओं को कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना है। उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगवाने में सहयोग करना चाहिए। इससे न केवल उनको बल्कि पूरे जिले को बिजली व्यवस्था में सुधार होगा। स्मार्ट मीटर लगाने का काम जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है, जिससे उपभोक्ताओं को इसके लाभ जल्द ही मिलने लगेगा।

# 236 महिलाओं का निःशुल्क अल्ट्रासाउंड

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** बुधवार को जनपद बलरामपुर के दो जिला स्तरीय चिकित्सालय सहित 12 स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मनाया गया। जनपद में आज आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में कुल 973 गर्भवती महिलाओं की जांच किया गया, 102 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क प्रिग्नेंसी के रूप में चिन्हित किया गया, कुल 236 महिलाओं का निः शुल्क अल्ट्रा साउंड करवाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का निरीक्षण किया। निरीक्षण में एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी राम कुमार अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित कर्मी वेतन रोकने हेतु अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीदत्तगंज डॉ सुमंत सिंह चौहान को दिया। सीएमओ ने बताया कि सभी गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व समस्त जांचें जरूर करें। निरीक्षण के समय डीएमओ राजेश पाण्डेय , जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, बीपीएम आशुतोष शुक्ला तथा सीएचसी श्रीदत्तगंज के स्टाफ आदि उपस्थित रहे।


सीएचसी श्रीदत्त गंज का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. मुकेश रस्तोगी। अमृत विचार


## सार-संक्षेप

### रोजगार मेले में 362 युवाओं को मिला ऑफर लेटर


विधायक कैलाश नाथ शुक्ला को सम्मानित करतीं जिला सेवायोजन अधिकारी।

**तुलसीपुर, बलरामपुर, अमृत विचार।** दीप नारायण डिग्री कॉलेज में बुधवार को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में कई राज्यों की 14 निजी कंपनियां शामिल हुई। जिला सेवायोजन विभाग की तरफ से आयोजित रोजगार मेले का शुभारंभ तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ल ने किया। उन्होंने कंपनी के प्रतिनिधियों को योग्यता के अनुसार युवाओं का चयनित करने की बात कही। तुलसीपुर में आयोजित रोजगार मेले में बलरामपुर सहित गोंडा जनपद से भी तमाम युवा शामिल हुए। जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता ने बताया कि जिला स्तरीय रोजगार मेले में 845 युवाओं ने पंजीकरण कराया था। साक्षात्कार के बाद योग्यता के अनुसार 362 युवाओं को नौकरी का ऑफर लेटर दिया गया है। इस अवसर पर सहायक सेवा योजन अधिकारी गुलाब राय, कॉलेज के प्राचार्य पवन कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे। रोजगार मेले में उद्योग विभाग व सशस्त्र सीमा बल की तरफ से स्टाल लगाकर युवाओं को आवश्यक जानकारी दी गई। उद्योग विभाग की तरफ से युवाओं को पीएम कौशल श्रम सम्मान योजना के बारे में जानकारी दी गई। युवाओं को ऋण लेकर स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया। इसी तरह एसएसबी के जवानों ने फौज की नौकरी में शामिल होने के लिए आवश्यक टिप्स दिए।

### ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में उतरीं एएनएम, प्रदर्शन


ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में प्रदर्शन करतीं एएनएम। अमृत विचार

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा के अन्तर्गत 38 उपकेन्द्र है जहाँ करीब 40 एएनएम कार्यरत हैं मौजूदा कार्यरत सभी एएनएम ने आनलाइन हाजिरी के विरोध में टीकाकरण कार्य बहिष्कार कर दिया है । विरोध प्रदर्शन मैं मौजूद एएनएम ने कहा कि शासन ऑनलाइन हाजिरी प्रथा लागू कर रही है जिससे सभी एनम आक्रोशित होकर सीएससी पचपेड़वा प्रांगण में एकत्र होकर कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर टीकाकरण कार्य बहिष्कार कर दिया है उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शासन व प्रशासन आनलाइन हाजिरी ब्यवस्था खत्म नही करती है तो आने वाले टीकाकरण दिवस के दिन पुन : बहिष्कार किया जाएगा अंत में चेतावनी देकर प्रदर्शन स्वता समाप्त कर दिया। इस मौके पर संगीता, धूपा,नेहा सिंह,नेहा वर्मा शर्मिला, अनामिका गौतम, नीलू, विनीता, सोहिला,अनीता राज सहित दर्जनों एएनएम मौजूद रही।

### चित्रकला प्रतियोगिता में ऋषि और सुरेंद्र ने मारी बाजी


चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर में बुधवार को पाठ्य सहगामी क्रियाओँ के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ऋषि कश्यप व सुरेन्द्र यादव ने पहला स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय की अध्यक्षता तथा प्रो रेखा विश्वकर्मा के संयोजकत्व में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता दो वर्गों रंग भरो व स्केच विधा में आयोजित हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए प्राचार्य ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रो रेखा विश्वकर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं सांस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह ने सभी का स्वागत किया। निर्णायक प्रो वीणा सिंह,डॉ विनीत कुमार, सीमा पाण्डेय व प्रतीची सिंह ने रंग भरो वर्ग में बीए पंचम सेमेस्टर के ऋषि कश्यप को प्रथम,शगुन पाठक को द्वितीय तथा गरिमा सिंह को तृतीय स्थान के लिए चुना। वहीं स्केच वर्ग में बीए तृतीय सेमेस्टर सुरेन्द्र यादव को पहला, बीए पंचम सेमेस्टर को द्वितीय तथा तृतीय सेमेस्टर तृप्ति पाठक को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो0 राघवेंद्र सिंह व प्रो0 एस पी मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम | एस एस बी 9वीं वाहिनी ने बच्चों को पढ़ाया साइबर जागरूकता का पाठ

# डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की जानकारी अहम

जरवा, बलरामपुर

**अमृत विचार :** बंसत लाल स्मारक इंटर कॉलेज बालापुर में एस एस बी 9 वीं वाहिनी कोयलाबास चौकी की ओर से एक साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक विवेक गोयल, प्रधानाचार्य हर स्वरूप सिंह और सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इस जागरूकता सत्र का नेतृत्व समवाय प्रभारी कोयलाबास उप-निरीक्षक रक्षा सोनी और मुख्य आरक्षी मुकेश कुमार ने किया । साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी देते हुए छात्रो को बताया कि कैसे इंटरनेट पर सुरक्षित रहा जा सकता है, व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए, और साइबर अपराध से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। समवाय प्रभारी कोयलाबास उप-निरीक्षक रक्षा सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल युग में, साइबर सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण है। हमें इंटरनेट का उपयोग करते समय सतर्क रहना चाहिए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देनी चाहिए। मुख्य आरक्षी मुकेश कुमार ने छात्रों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक और निजी जानकारी को अनजान वेबसाइट्स या लोगों के साथ साझा करने के खतरों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, और हमें सुरक्षित रहने के लिए जागरूकता बनाए रखनी होगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य हर स्वरूप सिंह ने एस एस बी टीम का धन्यवाद किया और कहा कि इस तरह के जागरूकता अभियान छात्रों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने में मदद करते है। संस्थापक प्रबंधक विवेक गोयल ने भी इस अभियान की सराहना की और छात्रों से कहा कि वे साइबर सुरक्षा के इन महत्वपूर्ण बिंदुओं को अपने दैनिक जीवन में लागू करें। जागरूकता अभियान में मुख्य आरक्षी श्रीकांत, आरक्षी दीपक , रिंकी , शिक्षक आरती ,पूजा , वैभव आदि मौजूद रहे।


विद्यालय के बच्चों के साथ मौजूद एस एस बी 9वीं वाहिनी की टीम। अमृत विचार

# 30 दुकानदारों को मिली ई-पाश मशीन


ई-पाश मशीन प्राप्त करने वाले उर्वरक विक्रेता। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार ।** उर्वरक व कीटनाशकों की बिक्री में पारदर्शिता लाने के लिए कृषि विभाग सख्त हो गया है। दुकानदारों को उर्वरक बेचने के लिए ई-पाश मशीन का वितरण किया गया। विकास भवन सभागार में जिला कृषि अधिकारी प्रकाश चंद्र विश्वकर्मा ने 30 दुकानदारों को ई-पाश मशीन प्रदान किया। कहा कि ई-पाश मशीन से ही ऑनलाइन उर्वरकों की बिक्री की जाए। स्टाक का संपूर्ण विवरण मशीन में फीड होना चाहिए। निरीक्षण के समय यदि कोई अनियमितता मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अपर जिला कृषि अधिकारी राकेश चंद्र पांडेय व इफको के क्षेत्रीय अधिकारी आशीष कुमार वर्मा ने बताया कि जिले के सभी उर्वरक विक्रेताओं को आवेदन करने पर ई-पाश मशीन उपलब्ध कराया जाएगा।

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम्।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव संपदः ॥

विवेक में न रहना सबसे बड़ा दुर्भाग्य है इसलिए बिना सोचे समझे कोई काम नहीं करना चाहिए। जो व्यक्ति सोच समझकर कार्य करता है मां लक्ष्मी स्वयं उसका चुनाव करती हैं।


## संपादकीय

# एससीओ में भारत

पाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन का समय ऐसा है जब दुनिया कठिनाई के दौर से गुजर रही है। दो बड़े संघर्ष जारी हैं, जिनका असर पूरे विश्व पर पड़ रहा है। ऐसे में आतंकवाद क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा है। क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत अभिसरण का एक मजबूत समर्थक है और उसने एससीओ में राज्य प्रायोजित आतंकवाद के मुद्दों को हमेशा उठाया है। भारत पहले ही एससीओ में चीन-पाकिस्तान धुरी के खिलाफ अपनी नाराजगी प्रकट कर चुका है। बुधवार को सम्मेलन में भारत की ओर से विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद से लड़ने और संयुक्त राष्ट्र जैसे विश्व निकायों को अधिक समावेशी, प्रतिनिधि और लोकतांत्रिक बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत ने एससीओ के मंच का इस्तेमाल चीन के अपने पड़ोसियों के प्रति आक्रामक दृष्टिकोण अपनाने के मुद्दे को उठाने के लिए किया। भारत एससीओ का एकमात्र देश है, जिसने चीन की विवादास्पद 'वन बेल्ट वन रोड' संपर्क परियोजना का समर्थन नहीं किया है। एससीओ राजनीति, व्यापार और अर्थव्यवस्था, अनुसंधान तथा प्रौद्योगिकी एवं संस्कृति में प्रभावी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। पिछले दो दशकों में एससीओ पूरे एशियाई क्षेत्र में शांति, समृद्धि और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनकर उभरा है। एससीओ का उद्देश्य आतंकवाद, उग्रवाद, अलगाववाद की 'तीन बुराइयों' से लड़ना रहा है। शुरुआती दिनों में और क्षेत्र की स्थिति के कारण, एससीओ ने सदस्य देशों के सामने आने वाली तत्काल चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें आतंकवाद, अलगाववाद, उग्रवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी का खतरा शामिल था।

विदेश मंत्री ने साफ कर दिया कि यदि सीमा पार गतिविधियां आतंकवाद, उग्रवाद और विभाजनवाद से प्रभावित हैं, तो वे संभवतः व्यापार, ऊर्जा प्रवाह, कनेक्टिविटी और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन नहीं देंगे। वास्तव में सहयोग आपसी सम्मान और संप्रभुता की समानता पर आधारित होना चाहिए। इसमें क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दी जानी चाहिए। विकास और वृद्धि को शांति व स्थिरता की आवश्यकता होती है। अगर वैश्विक व्यवस्थाओं, खासकर व्यापार और पारगमन के क्षेत्रों में अपने फायदे के हिसाब से चयन करेंगे तो सहयोग आगे नहीं बढ़ सकता। एससीओ के मंच से क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। चुनौतियों से निपटने के लिए सदस्य देशों के बीच सहयोग के महत्व पर जोर दिया। अंततः यह कहा जा सकता है कि सम्मेलन में भारत ने विचार-विमर्श में सकारात्मक और रचनात्मक योगदान दिया।

# बेमौसम बस्ती में क्यों आ रहा है तेंदुआ



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश में तो भेड़िये, सियार, कुछ जगह गुलदार और बाघ के कारण लोगों में दहशत है, लेकिन असम, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश से भी तेंदुए के गांवों तक आने की खबर को सामान्य नहीं माना जा सकता। यह सच है कि जंगलों में बाघ की संख्या बढ़ने से तेंदुओं को पलायन अकरना पड़ रहा है, लेकिन बरसात में पलायन का बड़ा कारण बदलता मौसम है।

ऐसा कहा जाता है कि बरसात के मौसम में जंगल में मंगल होता है। घने वन झूमते हैं और हर जानवर के लिए पर्याप्त भोजन होता है, लेकिन इस बार अकेले उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के अलग-अलग हिस्सों में तेंदुए ऐसे मौसम में बस्ती की तरफ आ रहे हैं और उनकी भिड़ंत इंसान से हो रही है। मुरादाबाद- अमरोहा के सैंकड़ों किसान तेंदुए के डर से खेत नहीं जा रहे तो लोगों ने दिन में भी जंगल या एकांत से गुजरना छोड़ दिया है। हापुड़ और मेरठ में भी घनी बस्ती में तेंदुआ पालतू जानवरों का शिकार कर चुका है। बिजनौर में तेंदुआ 25 से अधिक जान ले चुका है। पीलीभीत के आसपास एक हजार से अधिक तेंदुओं के घूमने की बात जंगल महकमा कह रहा है।

उत्तर प्रदेश में तो भेड़िये, सियार, कुछ जगह गुलदार और बाघ के कारण लोगों में दहशत है, लेकिन असम, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश से भी तेंदुए के गांवों तक आने की खबर को सामान्य नहीं माना जा सकता। यह सच है कि जंगलों में बाघ की संख्या बढ़ने से तेंदुओं को पलायन अकरना पड़ रहा है, लेकिन बरसात में पलायन का बड़ा कारण बदलता मौसम है। तेंदुए जैसे जानवर को क्या जलवायु अपरिवर्तन से जूझने में दिक्कत हो रही है? यह सच है कि जब जंगल का जानवर बस्ती में दिखता है तो इंसान में भी डर की भावना आती है। एक तो समझना होगा कि तेंदुआ बस्ती की तरफ आ क्यों रहा है, दूसरा यह स्वीकार करना होगा कि कोई भी जानवर इंसान पर हमला करने के लिए गांव-शहर में आता नहीं, फिर इस बात का ऐसा निदान खोजा जा सकता है कि प्रकृति की यह सुंदर देन अपने नैसर्गिक पर्यवास में निरापद रहे।

गत 9 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच, जिसमें जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे, ने दुर्लभ पक्षी ग्रेट इंडिया बस्टर्ड को संरक्षण वाले मामले में माना है कि लोगों को मौलिक अधिकारों के दायरे में जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त होने का अधिकार है। वहीं धरती के अन्य जीव भी उतने ही कीमती हैं जितना इंसान।



तेंदुआ अपना जंगल छोड़कर यदि लंबी यात्रा करता है तो उसका कारण भोजन के अलावा अपनी यौन क्रिया के लिए साथी तलाशना होता है। एक जंगल से दूसरे जंगल में जाने के लिए, तेंदुए प्राकृतिक गलियारों का उपयोग करते हैं, जो ज्यादातर नदियों और खेतों के माध्यम से होते हैं। चूंकि ये कॉरिडोर मानव बस्तियों के अंधाधुंध विस्तार के चलते टूट गए हैं, इसलिए तेंदुए मानव संपर्क की संभावना बन जाती है। हालांकि तेंदुए जितना हो सके मानव संपर्क से बचने की कोशिश करते हैं। तेंदुए को यदि एक बार इंसान के खून की लत लग जाए तो यह खतरनाक होता है। जंगल का अपने एक चक्र हुआ करते था।

चीता हमारे सामने उदाहरण है कि आजादी के बाद कैसे वह हमारे देश से लुप्त हुआ था। आज भले ही तेंदुए की संख्या पर्याप्त है, लेकिन जब उसका इंसान से टकराव बढ़ेगा तो जाहिर है कि उसके प्रजनन, भोजन, पर्यावास सभी पर कुप्रभाव पड़ेगा, खासकर जब जलवायु परिवर्तन की मार अब जानवरों पर बुरी तरह से पड़ रही है। यह बात गौर करने की है कि कुछ साल पहले तक तेंदुए के शावक जनवरी से मार्च तक दिखाई देते थे, लेकिन इस बार भारी बरसात में अर्थात जुलाई में जगह-जगह शावक दिख रहे हैं। जाहिर है कि बदलते मौसम ने तेंदुए के प्रजनन काल में बदलाव कर दिया है। हो यह रहा है कि बाघ के कारण तेंदुए गहन जंगल को छोड़ने पर जब मजबूर होते हैं तो वे बस्ती-शहर के पास डेरा डालते हैं, जहां तापमान बढ़ने का कुप्रभाव सबसे अधिक है और इसने उनके मूल स्वभाव में परिवर्तन ला दिया है। घने जंगल कम होने से तेंदुए के इलाके में बाघ का कब्जा हो गया और जब पानी और घास पर जीने वाले जीव, जोकि मांसाहारी जानवरों के भोजन होते हैं, उनकी पर्याप्त संख्या होने के बावजूद तेंदुए को अधिक गरम इलाके में आना पड़ रहा है। जान लें कि जंगल का जानवर इंसान से सर्वाधिक भयभीत रहता है और वह बस्ती में तभी घुसता है जब वह पानी या भोजन की तलाश में बेहाल हो जाए। चूंकि तेंदुआ कुत्ते से लेकर मुर्गी तक को खा सकता है, अतः जब एक बार लोगों की बस्ती की राह पकड़ लेता है तो सहजता से शिकार मिलने के लोभ में बार-बार यहां आता है। यदा-कदा जंगल महकमे के लोग इन्हे पिंजड़ा लगाकर पकड़ते हैं और फिर पकड़े गए स्थान के करीब ही किसी जंगल में छोड़ देते हैं। चूंकि तेंदुए की याददाश्त बेहतरीन है सो वह लौटकर वहीं आ जाता है। घने जंगल में बिल्ली मौसी के परिवार के बड़े सदस्य बाघ का कब्जा होता है और इसीलिए परिवार के छोटे सदस्य जैसे तेंदुए या गुलदार बस्ती की तरफ भागते हैं। विडंबना है कि जंगल के संरक्षक जानवर हों या फिर खेती-किसानी के सहयोगी मवेशी, उनके के लिए पानी या भोजन की कोई दूरगामी नीति नहीं है। तेंदुआ एक अच्छा शिकारी तो है ही, किसी इलाके के पारिस्थितिकी तंत्र की गुणवत्ता का मानक चिन्ह भी होता है। दुर्भाग्य है कि आज इसका अस्तित्व ही खतरे में है। जंगली बिल्लियों के कुनबे के मूलभूत गुणों से विपरीत इनका स्वभाव हालात के अनुसार खुद को ढाल लेने का होता है। जैसे कि ये चूहों और साही से लेकर बंदरों और कुत्तों तक किसी भी जानवर का शिकार कर सकते हैं। वे गहरे जंगलों और मानव बस्तियों के पास पनप सकते हैं। यह अनुकूलन क्षमता, इन्हें कही भी छिपने और इंसान के साथ जीने के काबिल बना देती है, लेकिन जब तेंदुए जंगलों के बाहर उच्च मानव घनत्व वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं तो हमें लगता है कि वे भटक गए हैं। हम भूल जाते हैं कि यह उनका भी उतना ही घर है, जितना हमारा है।

तेंदुआ अपना जंगल छोड़कर यदि लंबी यात्रा करता है तो उसका कारण भोजन के अलावा अपनी यौन क्रिया के लिए साथी तलाशना होता है। एक जंगल से दूसरे जंगल में जाने के लिए, तेंदुए प्राकृतिक गलियारों का उपयोग करते हैं, जो ज्यादातर नदियों और खेतों के माध्यम से होते हैं। चूंकि ये कॉरिडोर मानव बस्तियों के अंधाधुंध विस्तार के चलते टूट गए हैं, इसलिए तेंदुए मानव संपर्क की संभावना बन जाती है। हालांकि तेंदुए जितना हो सके मानव संपर्क से बचने की कोशिश करते हैं। तेंदुए को यदि एक बार इंसान के खून की लत लग जाए तो यह खतरनाक होता है। जंगल का अपने एक चक्र हुआ करते था। जंगलों की अंधाधुंध कटाई और उसमें बसने वाले जानवरों के प्राकृतिक पर्यावास के नष्ट होने से इंसानी दखल से दूर रहने वाले जानवर सीधे मानव के संपर्क में आ गए। यदि इंसान चाहता है कि वह तेंदुए जैसे जंगली जानवरों का निवाला न बने तो जरूरत है कि नैसर्गिक जंगलों को छेड़ा न जाए, जंगल में इंसानों की गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगे। खासकर जंगलों में नदी-नालों को खनिज या रेत उत्सर्जन के नाम पर नैसर्गिक संरचनाओं को उजाड़ा न जाए।

## प्रसंगवश

# शरद पूर्णिमा का वैज्ञानिक महत्व

श्रीमद्भागवत महापुराण के अनुसार चन्द्रमा को औषधि का देवता माना जाता है। इस दिन चांद अपनी 16 कलाओं से पूरा होकर अमृत की वर्षा करता है। मान्यताओं से अलग वैज्ञानिकों ने भी इस पूर्णिमा को खास बताया है, जिसके पीछे कई सैद्धांतिक और वैज्ञानिक तथ्य छिपे हुए हैं।

शरद पूर्णिमा स्वास्थ्य की दृष्टि से एक ऐसी रात्रि मानी जाती है जब क्षितिज से अमृत की रश्मियां संजीवनी बनकर बरसती हैं। तत्व दर्शन यह है कि शरद पूर्णिमा की रात को चूंकि चंद्रमा धरती के सर्वाधिक निकट होता है, इस कारण इसकी किरणें धरती पर छिटक कर अन्न-जल व वनस्पति को अपने औषधीय गुणों से अधिक सघनता से सिंचित करती हैं। इस पूर्णिमा पर चावल और दूध से बनी खीर को चांदनी रात में रखकर प्रातः 4 बजे सेवन किया जाता है। इससे रोग खत्म हो जाते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। एक अन्य वैज्ञानिक शोध के अनुसार इस दिन दूध से बने उत्पाद का चांदी के पात्र में सेवन करना चाहिए। चांदी में प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है। इससे विषाणु दूर रहते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 30 मिनट तक शरद पूर्णिमा का स्नान करना चाहिए। इस दिन बनने वाला वातावरण दमा के रोगियों के लिए विशेषकर लाभकारी माना गया है।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

एक अध्ययन के अनुसार शरद पूर्णिमा पर औषधियों की स्पंदन क्षमता अधिक होती है। यानी औषधियों का प्रभाव बढ़ जाता है रसाकर्षण के कारण जब अंदर का पदार्थ सांद्र होने लगता है, तब रिक्तिकाओं से विशेष प्रकार की ध्वनि उत्पन्न होती है। लंकाधिपति रावण शरद पूर्णिमा की रात किरणों को दर्पण के माध्यम से अपनी नाभि पर ग्रहण करता था। इस प्रक्रिया से उसे पुनर्योवन शक्ति प्राप्त होती थी। चांदनी रात में 10 से मध्यरात्रि 12 बजे के बीच कम वस्त्रों में घूमने वाले व्यक्ति को ऊर्जा प्राप्त होती है। सोमचक्र, नक्षत्रीय चक्र और आश्विन के त्रिकोण के कारण शरद ऋतु से ऊर्जा का संग्रह होता है और बसंत में निग्रह होता है। क्यों बनाई जाती है खीर?- वैज्ञानिकों के अनुसार दूध में लैक्टिक अम्ल और अमृत तत्व होता है। यह तत्व किरणों से अधिक मात्रा में शक्ति का शोषण करता है। चावल में स्टार्च होने के कारण यह प्रक्रिया और भी आसान हो जाती है। इसी कारण ऋषि-मुनियों ने शरद पूर्णिमा की रात्रि में खीर खुले आसमान में रखने का विधान किया है और इस खीर का सेवन सेहत के लिए महत्वपूर्ण बताया है। इससे पुनर्योवन शक्ति और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यह परंपरा विज्ञान पर आधारित है। इससे वनस्पतियों में नया प्राणतत्व आ जाता है। इसीलिए प्राचीनकाल में शरद पूर्णिमा की रात को आयुर्वेद के मनीषियों द्वारा विभिन्न जड़ी बूटियों से जीवनदायी औषधियों के निर्माण की परंपरा शुरू की गई थी,जो आज भी कायम है। भगवान श्रीकृष्ण भी गीता में कहते हैं-"पुष्णामि चौषधीः सर्वाः सोमो भूत्वा रसात्मकः।।" अर्थात मैं ही रसस्वरूप अमृतमय चन्द्रमा होकर संपूर्ण औषधियों को अर्थात वनस्पतियों को पुष्ट करता हूं। उनका यह कथन भी शरद पूर्णिमा की उपादेयता को पुष्ट करता है। ऋतु परिवर्तन स्वास्थ्य से जुड़ा है महत्व आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार इस पूर्णिमा के चंद्रमा से एक विशेष प्रकार का अमृत रस झरता है, जो अनेक रोगों में संजीवनी की तरह काम करता है। आयुर्वेद के मनीषियों ने शरद पूर्णिमा के इस चंद्र अमृत का लाभ जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए मिट्टी के बर्तन में खीर बनाकर उसे घरों की छतों पर खुले आकाश के नीचे रखने तथा अगले दिन प्रातः काल इस अमृतमय खीर का प्रसाद के रूप में सेवन करने की परंपरा बनाई थी।

शरद पूर्णिमा की रात को खुले आकाश तले रखी जाने वाली इस खीर की औषधीय महत्ता अब वैज्ञानिक प्रयोगों से भी परखी जा चुकी है। काशी के आयुर्वेदाचार्य शांतनु मिश्र बताते हैं कि शरद पूर्णिमा पर काशी के गढ़वाघाट मठ से अनेक वर्षों से अस्थमा पीड़ितों के लिए खास तरह औषधि का वितरण किया जाता है, जो चंद्रकिरणों से तैयार की जाती है। वे कहते हैं कि शरद पूर्णिमा को ब्रह्म मुहूर्त में चन्द्रमा की किरणों के बीच जब गंगा में स्नान किया जाता है तो मनुष्य के शरीर में अनूठी रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। रोग का कारण त्रुटिपूर्ण जीवनशैली हमारी वैदिक मनीषा द्वारा सदियों पूर्व बनाए गए स्वास्थ्य संरक्षण के नियम-उपनियम आज भी उतने ही कारगर हैं तथा समूची दुनिया इनकी वैज्ञानिकता को जान-परख कर चमत्कृत है। आज के समय में रोगों की भरमार का मूल कारण हमारी त्रुटिपूर्ण जीवन शैली है। इससे उबरने के लिए प्रयोगों पर कसौटी पर खरे उतरे। शरद पूर्णिमा के दिन किए जाने वाले स्वास्थ्य संरक्षण के उपचारों को हर भारतवासी को अपनाना चाहिए।

# आधुनिक समाज में वाल्मीकि के आदर्शों का क्षय



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

यह समय है कि हम इन विचारों को फिर से जीवन में उतारें और सही मायनों में 'रामायण' का सार समझें, ताकि हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें।

वाल्मीकि का महाकाव्य रामायण न केवल साहित्यिक, बल्कि नैतिक आदर्शों का भी प्रतीक है। उनके द्वारा स्थापित धर्म, सत्य, कर्तव्य और करुणा के सिद्धांत, जो कभी मानवता के लिए मार्गदर्शन का स्रोत थे, आज के समाज में कहीं खोए हुए प्रतीत होते हैं। वाल्मीकि ने कहा था, "धर्मो रक्षति रक्षितः" अर्थात धर्म की रक्षा करो, तो धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा, लेकिन आज धर्म की रक्षा नहीं, बल्कि उसका कुशल प्रबंधन किया जाता है, जैसे कि यह कोई व्यावसायिक प्रोडक्ट हो। आज लोग मंदिरों में लंबी कतारों में खड़े होते हैं, धक्का मुक्की के बीच ईष्ट के दर्शन करते हैं पर घर पहुंचते ही 'धर्म' और 'अधर्म' की परिभाषा अपनी सहूलियत के अनुसार बदल लेते हैं। धर्म और सत्य आज के युग में 'वैल्यू प्रोपोजिशन' बन गए हैं। सत्य तब तक सही है जब तक वह हमारे हित में हो और धर्म का पालन तब तक होता है जब तक वह हमारे लाभ में हो। वाल्मीकि अगर आज यह देखते, तो शायद सोचते, "धर्म की रक्षा की बात तो मैंने मानवता की भलाई के लिए की थी, न कि स्वार्थ सिद्धि के लिए।"

वाल्मीकि ने राम के चरित्र के माध्यम से कर्तव्य पालन का आदर्श प्रस्तुत किया था। आज के दौर में हर किसी के पास कर्तव्य के बारे में बात करने का समय है, लेकिन जब इसे निभाने की बात आती है तो लोग अचानक व्यस्त हो जाते हैं। आधुनिक कर्तव्य एक ऐसी 'टू-डू लिस्ट' बन गया है, जिसे हम रोज देखते हैं और फिर कहते हैं, "कल करेंगे।" कर्तव्य पालन अब केवल भाषणों की शोभा रह गया है। असल में इसे निभाने की फुर्सत नहीं है। वाल्मीकि का हृदय करुणा से भरा हुआ था। उन्होंने क्रौंच पक्षी के वध पर जो श्लोक रचा, वह उनकी करुणा और संवेदनशीलता का प्रतीक हैः "मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः, यत्क्रौंचमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्।" (हे निषाद, तुमको कभी शांति प्राप्त न हो, क्योंकि तुमने प्रेम में लगे हुए क्रौंच पक्षी के जोड़े में से एक को मार डाला)।

आज करुणा अब संवेदनशीलता का नहीं, बल्कि 'मौके' का प्रतीक बन गई है। लोगों को मदद करनी हो तो सबसे पहले यह देखा जाता है कि इससे उनका लाभ होगा या नहीं। असहाय की पुकार सुनने से पहले लोग ये सोचने लगते हैं कि इससे उनकी सामाजिक छवि पर क्या असर पड़ेगा। वाल्मीकि ने राम के जीवन को त्याग और संयम का आदर्श माना था। आदर्श जीवन अब माया और दिखावे से घिरा हुआ है। त्याग और संयम जैसी बातें अब केवल कहानियों तक सीमित हो गई हैं। वाल्मीकि ने रामराज्य का आदर्श प्रस्तुत किया था,जहां सत्य, न्याय और धर्म की प्रधानता थी। "रामो विग्रहवान धर्मः" अर्थात राम धर्म के साक्षात स्वरूप हैं, लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि सत्य, न्याय और धर्म की जगह केवल वादों और स्वार्थ ने ले ली है। चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं और चुनाव जीतने के बाद जनता सोचती रह जाती है कि यह वादे थे या सपने। वाल्मीकि के विचारों को जितनी गहराई से समझा जाए, उतने ही विविध पहलू उनके दर्शन में सामने आते हैं। उनके विचार सिर्फ नैतिकता, धर्म और कर्तव्य तक सीमित नहीं थे, बल्कि जीवन के हर पहलू में गहराई से जुड़े हुए थे। उनके आदर्श हमें यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि क्या हम वास्तव में उन सिद्धांतों का पालन कर रहे हैं या फिर वे बस हमारे आभासी जीवन का हिस्सा बन गए हैं।

यह समय है कि हम इन विचारों को फिर से जीवन में उतारें और सही मायनों में 'रामायण' का सार समझें, ताकि हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें। वाल्मीकि का साहित्यिक योगदान केवल उनकी रचनाओं तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने समाज में जो नैतिक और आध्यात्मिक आदर्श स्थापित किए, वे आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने न केवल रामायण के माध्यम से धर्म, सत्य, कर्तव्य और त्याग के मूल्यों को सजीव किया, बल्कि समाज में व्याप्त असमानताओं को भी चुनौती दी।

वाल्मीकि जयंती का यह अवसर हमें उनके आदर्शों और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का मौका देता है। उनका संदेश यह है कि चाहे जीवन कितना भी कठिन क्यों न हो, आत्मसुधार और सत्य का मार्ग अपनाकर हम न केवल स्वयं को, बल्कि समाज को भी एक बेहतर दिशा दे सकते हैं। उनके आदर्श और शिक्षाएं आज के समाज में उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी उनके समय में थीं। इस जयंती पर हम उनके महान साहित्यिक और समाज सुधारक योगदान को नमन करते हैं और उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प करते हैं।

## सोशल फोरम

# देवी लक्ष्मी और उल्लू

इन दिनों जिनके पास लक्ष्मी ज्यादा है, वे कितने अंधे हो चुके हैं और सामान्य संवेदना भी खो चुके हैं, यह अब आम अनुभव है।

हिंदू परिवारों में लक्ष्मी एक बड़ा प्रिय शब्द है, क्योंकि धन-संपत्ति आज के जमाने में किसे प्रिय नहीं है। पर क्या कभी सोचा है कि लक्ष्मी की सवारी उल्लू क्यों है? उल्लू एक अनोखा जीव है जिसे दिन में दिखता नहीं है। फिर जिसने भी लक्ष्मी के साथ उल्लू की कल्पना की, उसका अभिप्राय इसके अलावा क्या होगा कि धन-संपत्ति पाकर अंधे न हो जाओ, बुद्धि के देवता गणेश को थोड़ा याद कर लो।




शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इन दिनों जिनके पास लक्ष्मी ज्यादा है, वे कितने अंधे हो चुके हैं और सामान्य संवेदना भी खो चुके हैं, यह अब आम अनुभव है। किसी परिवार में लड़की पैदा होने पर कभी सांत्वना पाने के लिए और कभी उसके गोरे सौंदर्य पर खुश होकर कहा जाता है कि लक्ष्मी पैदा हुई है। हिंदू कल्पना में सरस्वती, लक्ष्मी, सीता, राधा, दुर्गा, अधिकांश देवियां गोरी हैं। सभी देवता सांवले या काले हैं। यह इस देश में एक वर्ण-पूर्वग्रह है कि लड़के भले काले हों, पर लड़की गोरी होनी चाहिए। अकसर कहा जाता है, रूप में लक्ष्मी और गुण में सरस्वती। लड़कों के बारे में कहा जाता है कि लड़कों का रूप क्या देखना, उनका गुण देखो। लड़की सुंदर चाहिए, पढ़ी-लिखी और गृहकार्य में निपुण। लक्ष्मी की एक लोकप्रिय छवि विष्णु के चरणों के पास बैठकर उनकी सेवा करने की है। ऐसी धार्मिक छवियों ने भी स्त्रियों का क्या कर्तव्य है, यह निर्धारित करने में एक बड़ी भूमिका निभाई है और उनके अधिकारों को हजारों साल से प्रभावित किया है। यदि नई बहू के आने के बाद कोई दुर्घटना हो गई तो उसे सुनना पड़ता है,'इसका पैर खराब है','तू अलक्ष्मी है, तेरी वजह से नुकसान हुआ'। फिर शिकायतों से लेकर मारने-जलाने तक का कर्मकांड चलता है। स्त्री को अपने रूप-रंग, शकुन-अपशकुन, सुनिर्धारित कर्तव्य-अकर्तव्य आदि के कारण जो दुख-कष्ट झेलने पड़ते हैं। उसके मूल में पुरानी धार्मिक कल्पनाओं की सीमा को समझना चाहिए।

- फेसबुक वॉल से

# सर सैय्यद के मिशन से भटक गया मुस्लिम समाज

अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी (एएमयू) के संस्थापक आधुनिक भारत के निर्माताओं में से एक, सर सैय्यद अहमद खान का जन्म 17 अक्टूबर 1817 को दिल्ली में हुआ था, उन्होंने अपना काम एक लोक सेवक के तौर पर शुरू किया था। सन 1857 की क्रांति सर सैय्यद अहमद के जीवन की अहम घटना थी। उन्होंने इसका अंदाजा लगा लिया था कि मुस्लिम समुदाय के लिए खासकर उत्तर भारत में सामाजिक और राजनीतिक वजूद बनाए रखने के लिए अंग्रेजी भाषा एवं आधुनिक विज्ञान में निपुणता और कौशल प्राप्त करना होगा। सर सैय्यद उन रहनुमाओं में से एक थे, जिन्होंने पिछड़े, निर्धन मुस्लिम समाज के शक्तिकरण में शिक्षा की क्रांतिकारी भूमिका को अहम माना। वे न केवल आधुनिक भारत के महान राष्ट्र निर्माता थे, बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे। विभिन्न स्कूलों की शुरुआत करके उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के निर्माण की भूमिका तैयार कर दी थी। मुसलमानों में वैज्ञानिक चेतना का निर्माण और पश्चिमी ज्ञान को भारतीयों को अपनी भाषा में उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने सन 1863 में 'साइंटिफिक सोसाइटी' की स्थापना की। मार्च 1866 में 'साइंटिफिक सोसाइटी' की मैगनीज 'अलीगढ़ इंस्टिट्यूट गज़ेट' की शुरुआत की, जिसके जरिए पारंपरिक मुस्लिम समाज की सोच बदलने में उन्हें कामयाबी मिली।



मुहम्मद ख़ालिद जीलानी
वरिष्ठ अधिवक्ता, बरेली

सर सैय्यद की महानता की खासियत ये थी कि वह पहले ऐसे भारतीय मुस्लिम थे, जिन्होंने इस्लाम को नए नजरिए से देखने की ज़रूरत को समझा और उसके लिए काम भी किया। सर सैय्यद ने भारतीय उपमहाद्वीप के आधुनिक समाज के विकास में मूलभूत योगदान दिया, उनका मकसद भारत के मुसलमानों को सभ्यता के एक उच्च मुकाम को अपनाने के लिए प्रेरित करना था, ताकि उन्हें नीची नजर से देखने वाला सभ्य समाज भी अपना नजरिया बदल दें और वे भी दुनिया में एक सम्मानित और सभ्य समाज कहलाने के हकदार बन सकें। वर्तमान में देश के मुस्लिम समुदाय की शैक्षिक स्थिति बेहद खराब है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक मुसलमान शिक्षा के कई मानदंडों पर एससी और एसटी से भी पिछड़े हैं। एक निश्चित उम्र वर्ग वाले बच्चों के स्कूलों में अटेंडेंस के मामले में भी मुस्लिम समुदाय अन्य धार्मिक समुदायों की तुलना में पिछड़ा है। प्राइमरी स्तर की बात करें तो हर सौ मुस्लिम का ग्रास अटेंडेंस रेश्यू (गैर) अन्य, एससी, एसटी, ओबीसी, सिख, ईसाई और हिन्दू समाज की तुलना में सबसे कम है। अपर प्राइमरी स्तर पर मुस्लिम समुदाय ही एकमात्र ऐसा समुदाय है, जिसका गैर 90 प्रतिशत से कम है। सेकेंडरी स्तर पर मुसलमानों का गैर 71.9 प्रतिशत है, लेकिन एसटी 79.8 प्रतिशत और ओबीसी की तुलना में यह कम है। हायर सेकेंडरी स्तर पर मुस्लिमों का गैर 48.3 प्रतिशत है, जो एससी (52.8 प्रतिशत) से भी कम है।

मुसलमानों में ड्रॉपआउट का स्तर भी ज्यादा है। हायर सेकेंडरी स्तर से ऊपर की बात करें तो मुसलमानों का गैर 14.5 प्रतिशत है, जो दलितों के 17.8 प्रतिशत आंकड़े से कम है। आदिवासियों की अधिकांश आबादी सुदूर इलाकों में रहती है, मुसलमान उच्च शिक्षा वाले संस्थानों के करीब रहते हैं। बावजूद इसके मुसलमानों में ड्रॉप आउट का स्तर आदिवासी समुदाय के बराबर ही है। मुसलमानों की तीन से पैंतीस आयु वर्ग की आबादी का बड़ा हिस्सा औपचारिक शिक्षा के लिए नामांकन ही नहीं कराता है। इस उम्र समूह के करीब 17 प्रतिशत मुस्लिम पुरुष तो कभी शिक्षा के लिए नामांकन ही नहीं करवाते हैं। इसी तरह इस वर्ग के मुस्लिम महिलाओं का आंकड़ा 21.9 प्रतिशत है जबकि एसटी महिलाओं का औसत 22.4 प्रतिशत है। शिक्षा के क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय की इस दयनीय स्थिति ने आर्थिक और समाज के दूसरे क्षेत्रों व देश की मुख्य धारा से पीछे छोड़ दिया है। मुस्लिम समुदाय की मौजूदा नस्ल का एक बड़ा हिस्सा शिक्षा और सभ्यता से दूर सुबह तड़के खिचड़ी-बिरयानी के खोमचों बात-बात मजहब के नाम पर सड़कों पर जुलूस, गली-दर-गली उर्स मनाते आसानी से देखा जा सकता है। सामाजिक बुराइयों के आडंबर और दहेज की लानत, अशिक्षा, गरीबी और बेरोजगारी ने मुस्लिम समाज की सामाजिक हैसियत को बरबाद करके रख दिया है, सर सैय्यद अहमद खान के मिशन को धूमिल कर दिया है।

## आपका पत्र

# मितव्ययिता जरूरी समझें

अभी कुछ दिन पूर्व लखनऊ से मुंबई की हवाई यात्रा करनी पड़ी। लखनऊ एयरपोर्ट पर पत्नी को चाय की तलब महसूस हुई जब चाय के दाम मालूम किए तो भौच्चका रह गया। यही हाल प्लेन के अंदर मिलने वाली चाय का था। हम दोनों ने हवाई यात्रा में चाय न पीना ही बेहतर समझा। यह स्थिति देश के किसी भी एयरपोर्ट पर मिलेगी। बच्चों की दूर-दूर नौकरी के सिलसिले में अब मां-बाप को उनके पास जाने का मोह तो रहता है, किंतु मिडिल क्लास खासकर समाजवादी सोच के लोगों के लिए सामान्य इंडियन रेस्तरां के मुकाबले 8 गुना महंगी चाय या काफी एयरपोर्ट पर या प्लेन में पीना समझदारी पूर्ण नहीं लगता।

अधिकांश लोग इन खाने-पीने की चीजों पर खर्च नहीं करते, क्योंकि वो न तो दिखावे में विश्वास रखते न अपने बटुए में रखे धन का प्रदर्शन ही करना चाहते हैं। वो मितव्ययिता में यकीन रखने वाले लोग हैं। मितव्ययी होने का मतलब है अपने पैसे और इसे खर्च करने के तरीके के बारे में सावधान रहना,खर्च करने से पहले दो बार सोचना, हालांकि आज की नई पीढ़ी को समझा पाना बड़ा मुश्किल हो रहा है। वो यह नहीं समझते कि छोटी-छोटी बचत एक बड़ी रकम बन सकती है। शायद एक नई कहावत जन्म ले रही है, जिसमें खान-पान में खर्च का तरीका यह तय करेगा कि आप अमीर बन रहे हैं, इनका लहजा बता रहा है कि इनकी दौलत नई-नई है।

-संजीव मेहरोत्रा, बरेली

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन अलर्ट

## 6 जोन व 19 सेक्टर में बांटा गया नगर क्षेत्र, अधिकारियों ने विसर्जन मार्ग का किया स्थलीय निरीक्षण

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बहराइच दंगे के बाद दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना है। आईजी प्रवीन कुमार मंगलवार की रात जिले में कैंप किया था तो शासन स्तर से मॉनिटरिंग भी की जा रही है। प्रशासन ने विसर्जन को लेकर पूरा खाका तैयार कर लिया है। विसर्जन के लिए बनाए गए मार्गों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए घाट पर एसडीआरएफ व मोटर वोट के साथ जल पुलिस तैनात कर दी गई है। करीब 72 घंटों तक चलने वाले विसर्जन शोभायात्रा को लेकर छह जोन और 19 सेक्टर में बांटकर अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव शुक्ला ने बताया कि सकुशल मूर्ति विसर्जन की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जिसके लिए नगर क्षेत्र को छह जोन व 19 सेक्टर में बाटा गया है। साथ ही छह जोनल मजिस्ट्रेट के 57 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने पाएगी। अधिकारियों के साथ पुलिस व पीएसी के जवान भी तैनात रहेंगे। विसर्जन के रास्तों का स्थलीय निरीक्षण किया गया है जो सड़के चाहे वह नगर पालिका की हो या फिर लोक निर्माण विभाग की सभी को ठीक करवा दिया गया है। वहीं, विसर्जन के दौरान उपद्रवियों पर नजर रखने के विशेष टीम का गठन किया गया है जो सिविल ड्रेस में विसर्जन के दौरान शोभा यात्रा में सम्मिलित रहेंगे। विसर्जन के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी मौजूद रहेंगे।

### गैर जनपद के जिलों के डीजे पर है प्रतिबंध

मूर्ति विसर्जन के दौरान गैर जिले के डीजे इस बार जिले में नहीं बज पाएंगे। जिसके लिए जिले के बॉर्डर पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिनके पास अनुमति है, उन्हें ही प्रवेश दिया जा रहा है।



विसर्जन स्थल सीताकुंड घाट का निरीक्षण करते ईओ लालचंद्र सरोज व अन्य।

### विसर्जन स्थल है तैयार

मूर्ति विसर्जन के लिए सीताकुंड घाट पर विसर्जन स्थल तैयार कर लिया गया है। साथ ही प्रकाश व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। घाट पर एसडीआरएफ व मोटर वोट के साथ प्रयागराज से आई जल पुलिस तैनात है। जिले के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में सात अक्टूबर से ही सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। जो लगातार क्षेत्र में रहकर अराजक तत्वों पर नजर बनाए हुए हैं।

# बिना बायोमेट्रिक के अग्रसारित नहीं होगा छात्रवृत्ति आवेदन

संवाददाता, सुलतानपुर

▸▸ **राज्य, जिला और कॉलेज बायोमेट्रिक के बाद ही छात्र का होगा वेरीफिकेशन**

**अमृत विचारः** बिना बायोमेट्रिक के छात्रवृत्ति आवेदन अग्रसारित नहीं होगा। यह नियम सरकार द्वारा छात्रवृत्ति वितरण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया है। इस नियम के तहत, छात्रों को अपने आवेदन के साथ बायोमैट्रिक जानकारी प्रदान करनी होगी, जिससे उनकी पहचान और पात्रता की पुष्टि हो सके।

शासन का यह कदम छात्रवृत्ति घोटालों को रोकने और सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि छात्रवृत्ति वास्तविक हकदार छात्रों तक ही पहुंचे। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुलतानपुर द्वारा दशमोत्तर व पूर्व दशम शिक्षण संस्थानों को पत्र भेजा गया है। जारी पत्र के मुताबिक आधार बेस पर छात्रों की ई - केवाईसी राज्य स्तर , जिला स्तर , कालेज के प्रधानाचार्य व नोडल अधिकारी के स्तर से भी वेरीफिकेशन किया जाना है। जिसमे राज्य व जिला स्तर पर ई - केवाईसी पूर्ण करा ली गई है। वही बच्चो का कालेज स्तर पर भी बायोमैट्रिक होना है। कालेज में छात्रवृत्ति पोर्टल पर कालेज के नोडल अधिकारी या फिर प्रधानाचार्य की लॉगिन आई डी से छात्रों का बायोमैट्रिक वेरीफिकेशन किया जाएगा। इसके बाद निर्धारित तिथि पर कालेज के नोडल अधिकारी या प्रधानाचार्य समाज कल्याण अधिकारी के यहां बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन करेंगे। कालेज के नोडल अधिकारी या प्रधानाचार्य को आधार पैन के साथ कालेज में नियुक्ति व अनुमोदन पत्र साथ लाना होगा।

> उन्हीं कालेजों की सूची पोर्टल पर प्रदर्शित होगी जिन कॉलेजों द्वारा ई –केवाईसी की कार्यवाही पूर्ण की गई है। छात्रवृत्ति में पारदर्शिता लाने के लिए शासन से गाइडलाइन जारी हुई है। –**अमित कुमार सिंह,** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुलतानपुर

## एक नजर

### वन दरोगा ने दर्ज कराया मुकदमा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कादीपुर रेंज के करौंदीकला ब्लॉक के बन दरोगा हेमंत कुमार ने थाने पर तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि शिकायत पर वह हमराही प्रवीण कुमार बीट प्रभारी आनन्द के साथ चतुर्भुजपुर गांव गए। स्थलीय निरीक्षण पर पता चला कि धर्म राज के आम के हरे पेड़ को गांव के ही अरविंद उर्फ भुक्खू अवैध कटान कर उठा ले गए। वन दरोगा ने आरोपी के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

### दहेज न मिलने पर शादी तोड़ी, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दहेज में कार की मांग करने, अभद्रता और शादी तोड़ने के मामले में कुड़वार पुलिस ने शिवम तिवारी पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता भोज तिवारी के वकील अब्बास अहमद खान ने बताया कि बन्धुआ कला थाना क्षेत्र के भोज तिवारी का विवाह पुरवा निवासी शिवम तिवारी से तय हुआ था। आरोप है कि शिवम और उसके परिवार ने शादी से पहले दहेज में कार की मांग की और असमर्थता जताने पर लड़की के परिवार से अभद्रता की।

### नकब लगा उठा ले गए मोबाइल व नकदी

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर विरतिहा निवासी ऋषि कपूर की दुर्गा नगर में कंप्यूटर व मोबाइल की दुकान है। मंगलवार को दुकान बंद कर घर चला गया। बुधवार की सुबह जब दुकान खोला तो सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि दुकान में रखा पचास हजार कीमत के ग्यारह फोन व 20 हजार की नकदी गायब थी। इसकी सूचना दुकानदार ने स्थानीय पुलिस को दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच–पड़ताल कर वापस लौट आई है।

## पूजा पंडालों में पूर्णाहुति हवन, आज उठ जाएंगी प्रतिमाएं, महोत्सव के अंतिम दिन मेले में उमड़े हजारों लोग

**जिला संवाददाता, सुलतानपुरः** जिले के ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव में हजारों मेलार्थी रतजगा कर रहे हैं। माता रानी सजे दरबार में लोग मत्था टेक रहे हैं। शहर भर में पूजा समितियों की ओर से जगह-जगह भंडारे चल रहे हैं। बुधवार को पूजा पंडालों में पूर्णाहुति हवन हुआ। गुरुवार को पंडालों से माता रानी की प्रतिमाएं उठ जाएगी और देर शाम विसर्जन शोभायात्रा शुरू हो जाएगी।

शहर भर में सजे तरह-तरह के आकर्षक पंडालों पर रात भर लोग उमड़ रहे हैं। बुधवार को शहर में स्थापित पूजा पंडालों में पूर्णाहुति हवन किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से हवन पूजन किया। मंगलवार की रात में मेले में बड़ी संख्या में मेलार्थी उमड़ी। वहीं, बुधवार को भी अंतिम दिन मेले में सबसे ज्यादा लोग मां के दर्शन को पहुंचे। गुरुवार को दोपहर बाद पूजा पंडालों से माता रानी की प्रतिमाएं उठने लगेंगी। इसके बाद पूजा समितियों के पदाधिकारी माता रानी का आकर्षण शोभायात्रा निकालेंगे। कई समितियों की ओर से चलायमान कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। शाम नौ बजे तक चौक में नंबरिंग की जाएगी। इसके बाद सबसे आगे बड़ी दुर्गा फिर एक-एक कर मूर्तियां नंबरिंग के हिसाब से खड़ी होंगी। डीएम एसपी और केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति की ओर से हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। करीब 72 घंटों तक निर्धारित मार्ग पर चलते हुए सीताकुंड घाट पर प्रतिमाएं विसर्जित की जाएंगी।




चौक इलाके में लगे मेले में उमड़ी भीड़। अमृत विचार

### बड़े पिता की विरासत को संभाल रहा है बेटा

**सुलतानपुर :** जिला मुख्यालय से करीब दस किलो मीटर दूर कोतवाली देहात के प्रतापगंज बाजार में भी दुर्गा पूजा महोत्सव की धूम है। सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच माता रानी के दर्शन व प्रसाद ले रहे हैं। करीब 35 साल पहले शुरु हुई दुर्गा पूजा महोत्सव को अब उनके परिवार के लोग आगे बढ़ा रहे हैं। करीब 35 साल पहले प्रतापगंज बाजार में स्व संजय उपाध्याय ने दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरुआत की थी। उनके मौत के बाद उनकी विरासत उनके छोटे भाई शिव प्रकाश उपाध्याय ने उठा ली। धीरे धीरे समय बीतता गया जब शिव प्रकाश उम्र के पड़ाव पर पहुंचे तो जिम्मेदारी भतीजे राजू उपाध्याय ने उठा ली। जो मौजूदा समय में समिति के अध्यक्ष भी हैं अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। अब बाजार में और दुर्गा पूजा पंडाल भी लगने लगे हैं। जिससे दो जनपदों के लोग दुर्गा पूजा महोत्सव का आनन्द लें रहे है।

## सार-संक्षेप

### सीएम योगी से मिले सदर विधायक, बताई क्षेत्र की समस्या

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय बुधवार को सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मिले। सीएम से मिलकर सदर विधायक ने क्षेत्र की समस्याओं को बताते हुए निराकरण की बात कही। साथ ही सीएम ने सदर विधायक को भरोसा दिलाया कि जो भी क्षेत्र की समस्या होगी उसका निदान कराया जाएगा। विधायक ने सीएम को बिजेथुआ महोत्सव के लिए भी आमंत्रित किया। सदर विधायक के साथ विधायक प्रतिनिधि गुड्डू उपाध्याय भी मौजूद रहे।



सीएम को क्षेत्र की समस्या बताते सदर विधायक। अमृत विचार

### हलियापुर के युवक की अमेठी में सड़क हादसे में मौत

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मंगलवार की शाम अमेठी जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई थी, इनमें से एक युवक हलियापुर का था। पीएम के बाद बुधवार को जब युवक का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। हलियापुर थाना क्षेत्र के हलियापुर निवासी राजकुमार अपने अमेठी जिले के रिश्तेदार के यहां शादी की तैयारी में सम्मिलित होने गया था। अमेठी जिले के मोहनगंज थाना क्षेत्र के शंकरगंज के अमित अपने चचेरे भाई आकाश हलियापुर निवासी रिश्तेदार राजकुमार को लेकर निमंत्रण देने जा रहे थे। गुरुवार को बारात जानी थी अचानक ट्रक की चपेट में आने से तीनों युवकों की मौत हो गई। घर सूचना पहुंचते ही खुशियों की जगह मातम पसरा हुआ है।

### एसपी से मिला अग्रहरि समाज, गिरफ्तारी की मांग

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अग्रहरि समाज उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष प्रयागराज निवासी रमेश चंद्र अग्रहरि पदाधिकारियों के साथ एसपी सोमेन बर्मा से मुलाकात की। अग्रहरि समाज ने पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा को बताया कि बीते आठ अक्टूबर को संतराम अग्रहरि को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। परिजनों व ग्रामीणों के दबाव पर पुलिस ने चार नामजद व कुछ अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। गुरुवार को दो नामजद व सात अज्ञात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वही मुख्य साजिशकर्ता नामजद अर्जुन पटेल व उसका भाई प्रदीप वर्मा अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। जो लगातार परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं जिससे परिवार भयभीत हैं। डर के कारण घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं जिससे जीविकोपार्जन मे दिक्कत आ रही है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दिलीप अग्रहरि, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार अग्रहरि, राम तीरथ, गया प्रसाद, पूनम व सुनीता अग्रहरि मौजूद रही।पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने सभी को आश्वस्त किया कि जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### शिकायत पर जांच करने पहुंचे उद्यान निरीक्षक, भेजी रिपोर्ट

**मोतिगरपुर , सुलतानपुर, अमृत विचार :** किसानों को उद्यान पार्क अमहट से आलू के बीज वितरित किए गए थे। किसानों ने आलू सड़े होने की बात कही थी जिसको अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। बुधवार को उद्यान निरीक्षक आलू सड़े होने के मामले की जांच करने गोरसरा गांव के किसान अजय वर्मा, पारसपट्टी गांव के किसान अशोक वर्मा व हांसापुर में कपिलदेव सिंह के यहां आलू बीज की जांच करने पहुंचे। उन्होंने किसानों के घर पर आलू बीज का बारीकी से निरीक्षण किया। मंगलवार को किसान अजय वर्मा व कपिलदेव सिंह ने सड़े हुए आलू बीज उद्यान विभाग द्वारा मिलने की शिकायत आईजीआरएस के माध्यम से डीएम से की थी। उद्यान निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच किया गया है रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा।

### टेढ़ुई से गोलाघाट तक ही बनेगा फोर लेन, दो हुए निरस्त

▸▸ **टेढ़ुई से कटका व टांटिया नगर का फोर लेन शासन से हुआ निरस्त**

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिला मुख्यालय पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए तीन फोर लेन प्रस्तावित थे। जिनमें से एक फोर लेन के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है वही दो फोर लेन शासन से निरस्त कर दिया गया है। जिला मुख्यालय पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए बीते दिनों तीन फोर लेन प्रस्तावित किया गया था। जिसका तत्कालीन सांसद मेनका संजय गांधी व शहर विधायक विनोद सिंह ने आधार शिला भी रखी थी। वही दो फोर लेन को शासन ने निरस्त कर दिया है। बताते चलें कि गोलाघाट से टेढ़ुई तक,टेढ़ुई से कटका व टेढ़ुई से टाटिया नगर तक फोर लेन का निर्माण प्रक्रिया चल रही थी। इसी बीच टेढ़ुई से कटका व टेढ़ुई से टाटिया नगर तक फोर लेन के निर्माण प्रक्रिया शासन ने निरस्त कर दी। गोलाघाट से टेढ़ुई तक करीब तीन किलोमीटर फोर लेन निर्माण प्रक्रिया चल रही है। वही अयोध्या की तरफ जाने के लिए कटका तक तो कादीपुर होते हुए आजमगढ़ बलिया जाने वाले टांटिया नगर तक के फोर लेन को शासन ने निरस्त कर दिया है। लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के अधिशाषी अभियंता अरुण कुमार ने बताया कि इन मार्गो के निर्माण की अवधि पांच साल पूरी नहीं हुई है। जिसके चलते शासन ने करीब 20 करोड़ के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया है।

### तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण का समापन

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर के कंपोजिट विद्यालय संगमलाल में तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ। जिला समन्वयक प्रशिक्षण अपेक्षा त्रिपाठी ने कहा कि सभी बच्चे स्कूल हर दिन आए। यही इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिले इसकी चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों को जब आनंददायी वातावरण में सीखने का अवसर मिलेगा तो वह निश्चित रूप से नियमित विद्यालय आयेंगे। उनके सीखने का स्तर भी बढ़ेगा। प्रशिक्षण में प्रत्येक ब्लाक से पांच– पांच संदर्भदाताओं को प्रशिक्षित किया गया। एसआरजी सत्यदेव पांडेय ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा, विशेष प्रशिक्षण, विज्ञान व सामाजिक विषय आदि में प्रयोग की जाने वाले शिक्षण विधाओं पर विस्तार से चर्चा की। एसआरजी सुनील कुमार सिंह ने शिक्षकों के प्रति उनकी जिम्मेदारियों और आधुनिक शिक्षा पद्धतियों के महत्व पर जोर दिया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डा संजीव द्विवेदी,विजय कुमार, दिव्या सिंह, मुनीश पाण्डेय, डॉ. संजीव और चन्द्रपाल राजभर एआरपी पंकज कुमार सिंह, गोपाल पांडेय, मनोज समेत कुल 75 मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

# सोनिया गांधी और स्मृति ईरानी के बीच हुए विवाद के मामले में सुनवाई टली

विधि संवाददाता, सुलतानपुर



## अदालत से

▸▸ **पीठासीन अधिकारी के अवकाश के कारण नहीं हो सकी सुनवाई**

▸▸ **हाईवे जाम करने पर अनूप संडा के खिलाफ भी टली सुनवाई**

**अमृत विचारः** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के बीच हुए विवाद के विरोध में प्रदर्शन करने और पुतला फूंकने के मामले में पूर्व एमएलसी दीपक सिंह समेत अन्य आरोपियों की सुनवाई बुधवार को पीठासीन अधिकारी के अवकाश के कारण नहीं हो सकी। कोर्ट ने अब सुनवाई के लिए 29 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की है। गौरतलब है कि 29 जुलाई 2022 को गौरीगंज थाने में कांग्रेस के 131 नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया था, जिसमें दीपक सिंह समेत 28 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी। इन पर रायबरेली-सुल्तानपुर मार्ग पर स्मृति ईरानी का पुतला फूंकने और सरकार विरोधी नारे लगाने का आरोप है।

इसी तरह, पूर्व विधायक अनूप संडा के खिलाफ 2008 में खराब विद्युत व्यवस्था के विरोध में ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने हाईवे जाम करने के मामले में सुनवाई भी टल गई। विशेष कोर्ट ने अभियोजन गवाह तत्कालीन दरोगा स्वयंबर सिंह को 22 अक्टूबर को तलब किया है। इस मामले में अनूप संडा के साथ राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव समेत 34 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी। इसके अलावा, 20 फरवरी 2022 को चुनाव आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े एक अन्य मामले में भी कोर्ट ने दरोगा मुकेश कुमार को 22 अक्टूबर को तलब किया है।

### गुंगवाछ हत्याकांड में चोटहिल का बयान दर्ज

**संवाददता, सुलतानपुर :** अमेठी के गुंगवाछ मौजा के राजापुर में दो साल पूर्व चार लोगों की सनसनीखेज हत्या के मामले में एडीजे एकता वर्मा की अदालत में चोटहिल अशोक यादव से बचाव पक्ष की जिरह पूरी हो गई। कोर्ट ने सुनवाई के 21 अक्टूबर की तारीख नियत की है। चार लोगों की सनसनीखेज हत्या के चर्चित केस में प्रधान आशा तिवारी, प्रधानपति रामशंकर तिवारी, उनके पुत्र नितिन तिवारी, बृजेश यादव, राम दुलारे यादव, अखिलेश और अभिषेक आरोपी हैं। प्रधान के वकील सन्तोष पांडेय ने बताया कि गवाह अमरजीत की बीमारी के कारण उसका साक्ष्य लम्बित कर कोर्ट ने दूसरे गवाह अशोक यादव का बयान दर्ज किया, जिससे जिरह पूरी की गई। संपत्ति विवाद में 15 मार्च 2022 को गुंगवाछ में सनसनीखेज घटना में संकठा यादव, हनुमान प्रसाद, अमरेश यादव और नइका देवी की हत्या और कई अन्य को घायल करने के आरोप में पूर्व प्रधान के पुत्र अमरजीत यादव ने केस दर्ज कराया था। हाईकोर्ट ने मुकदमे के शीघ्र निस्तारण का आदेश दिया है।

### लहूरी सिंह पर हमले के आरोपी की जमानत पर सुनवाई 19 को

**संवाददता, सुलतानपुर :** कुड़वार के पूर्व ब्लॉक वीरभद्र सिंह के पिता लहूरी पर जानलेवा हमला करने के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी हरिश्चंद्र शर्मा जमानत पर सुनवाई जिला जज जय प्रकाश पांडेय की अदालत में 19 अक्टूबर को होगी। गौरतलब हो कि आरोपी हरिश्चंद्र शर्मा ने एसीजेएम पंचम की अदालत में बीती 15 अक्टूबर को सरेंडर कर जेल की राह पकड़ ली थी । आरोपी ने जिला जज की अदालत में अंतरिम जमानत की अर्जी दी थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दी थी । आरोपी हरिश्चंद्र की नियमित जमानत पर सुनवाई 19 अक्टूबर को होगी। डीजीसी क्रिमिनल राम अचल मिश्र के मुताबिक कुड़वार थाने के उतमानपुर गांव के पूर्व ब्लॉक प्रमुख वीरभद्र सिंह के पिता श्याम सुंदर सिंह उर्फ लहूरी सिंह पर बीते 11 अगस्त बाइक से कुड़वार बाजार जाते समय चार पहिया वाहन पर सवार असलहाधारियों ने जानलेवा हमला कर दिया था। लहूरी सिंह ने कुड़वार थाने के भंडरा गांव निवासी अभय सिंह, नीरसहिया गांव के राजवंत सिंह और भगवानपुर गांव निवासी चंद्रभान शर्मा व हरिश्चंद्र शर्मा के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया था।

# गलती से दो थानों में दर्ज हो गया मोबाइल चोरी का केस

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** चोरी का मुकदमा दर्ज करवाने के लिए पीड़ितों को थाने पर भटकना पड़ता है, लेकिन एक ऐसा मामला संज्ञान में आया है जिसमें एक ही पीड़ित के मोबाइल चोरी का मुकदमा दो थानों पर दर्ज कर लिया गया।

बंधुआ कला थाना क्षेत्र के हसनपुर निवासी मुकेश कुमार ने नगर कोतवाली में तहरीर दी है। उसने बताया कि वह 13 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर दुर्गा पूजा महोत्सव देखने आया था। रात करीब साढ़े नौ बजे गल्ला मंडी स्थित मां अन्नपूर्णा पंडाल के समीप किसी ने उसके जेब से मोबाइल फोन चोरी कर लिया। नगर कोतवाली पुलिस ने 15 अक्टूबर की रात को अपराध संख्या 0732 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। वहीं मुकेश ने एक तहरीर बंधुआ कला थाने पर भी दी थी जिस पर बंधुआ कला पुलिस ने 16 अक्टूबर को अपराध संख्या 0133 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। बंधुआ कला थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि घटना नगर कोतवाली में हुई तो मुकदमा नगर कोतवाली में दर्ज होना चाहिए। बंधुआ कला थाने में गलत तरीके से मुकदमा दर्ज हो गया है। उसे डिलीट करवाया जा रहा है।

## आज चुन लिए जाएंगे सभापति व उप सभापति

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** गुरुवार को किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड सुलतानपुर, सहकारी गन्ना विकास समिति लि बेलवाई व सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड सुलतानपुर के लिए सभापति व उपसभापति चुन लिए जाएंगे। चुनाव अधिकारियों द्वारा सुबह साढ़े आठ बजे अंतिम सूची प्रकाशित होगी। आपत्ति नौ बजे से साढ़े नौ बजे तक निस्तारित कर दी जाएगी। अंतिम सूची प्रकाशित होने के बाद नामांकन होगा। जांच के बाद नामांकन वापस भी लिया जा सकता है। जरूरत पड़ी तो उसी दिन मतदान व मतगणना भी होगी। उक्त जानकारी निर्वाचन आयुक्त राजमणि पांडेय ने दी।

# मानदेय के लिए बीएसए से मिले शिक्षामित्र

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** आदर्श शिक्षामित्र संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल बीएसए उपेंद्र गुप्ता से मिलकर मानदेय समस्या से अवगत कराया। जिस पर बीएसए ने जल्द ही समस्या के निदान का आश्वासन दिया।

संगठन ने बताया कि नगर क्षेत्र के सभी शिक्षामित्रों का सितंबर माह का एक दिन का मानदेय नियम विरुद्ध तरीके से काट दिया गया है। सभी शिक्षामित्रों ने पोर्टल के माध्यम से नियमित तरीके से आकस्मिक अवकाश लिया था। फिर भी नगर शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी शिक्षामित्रों को एक दिन अनुपस्थिति करते हुए बिल बनाकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेजा गया। जिसके कारण मानदेय कट गया। मानदेय कटने से शिक्षामित्रों में भारी रोष है। यदि कटा हुआ मानदेय का भुगतान शीघ्र नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन करने के लिए विवश होगा। बीएसए ने आश्वासन दिया है कि कटा हुआ मानदेय का भुगतान जल्द ही हो जाएगा। बीएसए ने कहा कि बेसिक शिक्षामित्रों का ग्रांट आते ही भुगतान शीघ्र कर दिया जाएगा। इस प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्रा, जिला महामंत्री प्रदीप यादव, नगर अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, नगर मंत्री पुष्पा नगर उपाध्यक्ष राज कुमार सोनकर आदि शामिल रहे।



बेसिक शिक्षा अधिकारी को मांग पत्र देते शिक्षा मित्र संगठन के अध्यक्ष दिनेश चंद्रा। अमृत विचार

## आयोजन

### 68वीं प्रदेशीय विद्यालयीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता आयोजित, न्याय पंचायत स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता के प्रतिभाशाली छात्रों को किया गया सम्मानित

# जिले को मिला एक रजत व दो कांस्य

संवाददता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** वाराणसी में आयोजित 68वीं प्रदेशीय विद्यालयीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में अयोध्या मंडल की तरफ से खेलते हुए सुलतानपुर ने 1 रजत व 2 कांस्य पदक प्राप्त किए। 14 से 16 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता के अंडर 17 बालिका भार वर्ग 42 से 44 किलोग्राम में अर्चना निषाद ने कांस्य पदक प्राप्त किया, अंडर 19 बालिका भार वर्ग 45 से 48 किलोग्राम में अणिमा सिंह को रजत पदक से संतोष करना पड़ा, वहीं बालक संवर्ग में 56 से 60 किलोग्राम भार वर्ग में नितिन पाल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। टीम के साथ मैनेजर दिग्विजय यादव, टीम कोच रितु सिंह, बॉक्सिंग कोच विजय यादव मौजूद रहे। जिला क्रीडा सचिव दिलीप सिंह ने बताया की बाल मुकुंद सिंह, अखंड कुमार, शनि गौतम, आदर्श यादव ने भी संतोषजनक प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की इस सफलता पर जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर , खेल शिक्षक सुरेश यादव, राजेश कनौजिया, मुनेंद्र मिश्र, कौशलेंद्र सिंह, अनुपम वर्मा सहित जिले के शिक्षकों व खेल प्रेमियों ने बधाई दी।



मेडल व प्रमाण पत्र के साथ जिले के खिलाड़ी। अमृत विचार

### दौड़ प्रतियोगिता में शैलेष यादव ने जीता स्वर्ण पदक

**संवाददाता, सुलतानपुर :** परिषदीय विद्यालयों की न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता कुड़वार ब्लॉक के नरही और रवानिया पश्चिम में संकुल प्रभारी मोती खान और मुहम्मद अल्ताफ के संयोजन में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष निजाम खान ने किया। बीईओ सुधीर सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि परिषदीय छात्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और सही मार्गदर्शन से वे बड़े स्तर पर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। प्रतिभाशाली छात्रों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से सम्मानित किया गया, जिसमें शैलेश यादव ने 100 और 400 मीटर दौड़ में दो स्वर्ण पदक जीतकर अपनी छाप छोड़ी। सामूहिक खेलों में कबड्डी, खो–खो, लम्बी कूद, ऊंची कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी सभी को मंत्रमुग्ध किया।



विजयी खिलाड़ी को मेडल पहनाकर सम्मानित करते बीईओ। अमृत विचार

# किसानों की समस्याओं का शत-प्रतिशत हो निस्तारण

## किसान दिवस : जिलाधिकारी ने सुनीं किसानों की समस्याएं

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में अम्बेडकर सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम जिला कृषि अधिकारी द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्त को पढ़ा गया, जिसमें अधिकांश शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया है। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने किसान दिवस में उपस्थित किसानों की समस्याओं को सुना गया।

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि किसानों द्वारा की जा रही मांग को समय से पूर्ण कराये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभार्थियों के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि प्रेषित कराने का निर्देश दिया गया। कोई भी दुकानदार कालाबाजारी न करने पाये। सभी अधिकारी किसानों की समस्याओं का शत-प्रतिशत निस्तारण करायें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी किसान दिवस में अवश्य उपस्थित रहे। खरीफ के समय में डीएपी एवं यूरिया की उपलब्धता होना चाहिए तथा किसान सभी उर्वरक निर्धारित मूल्य पर किसानों को उपलब्ध कराया जाये। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को संबधित अधिकारियों को प्रेषित करके उनकी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराये। जिला कृषि अधिकारी द्वारा बैठक में आए हुए समस्त अधिकारियों व सम्मानित कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मुहम्मद मुजम्मिल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जीवन लाल, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला उद्यान अधिकारी नन्हे लाल वर्मा तथा किसान यूनियन के समस्त पदाधिकारी एवं किसान व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# 4 विभागों के एमओयू की डीएम-सीडीओ ने की समीक्षा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर





कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. और मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार।

**अमृत विचार:** उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में हुए 4 विभागों पशुपालन, एमएसएमई, उद्यान एवं पर्यटन विभाग के एमओयू की समीक्षा जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने उपस्थित सभी उद्यमियों को जानकारी देते हुए बताया कि आप सभी लोगों को जनपद में प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग प्रदान किया जायेगा। किसी भी उद्यमी की जो भी समस्याएं है वे अपने विभाग से सम्बन्धित अधिकारियों को अवगत कराये उसका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने सभी उद्यमियों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा शीघ्र ही शासनादेश जारी किया गया है इसमें जनपद में एमएसएमई के अन्तर्गत मल्टीप्लेक्स सिनेमा हाल स्थापित करने के लिए राज्य स्तर से सब्सिडी प्रदान की जायेगी। भारत सरकार द्वारा जीएसटी में विशेष छूट दिये जाने का प्राविधान है। सिनेमा हाल स्थापित करने के लिए 05 वर्षो तक विशेष छूट मिलेगी। जनपद में तहसील/जिला मुख्यालय स्तर पर भूमि जिसके पास उपलब्ध है वह अपना प्रस्ताव उपायुक्त उद्योग को उपलब्ध करा दे। इस योजना में प्रथम 3 वर्ष तक 100 प्रतिशत तथा 2 वर्षो तक 75 प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि लोगो को प्रेरित कर सिनेमा हाल स्थापित कराने के लिए 15 दिवस में प्रस्ताव प्रस्तुत करे जिससे शासन को उक्त प्रस्ताव को प्रेषित किया जाये। होटल की समस्याएं है उसको भी जिला प्रशासन द्वारा सहयोग प्रदान करते हुए समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। विकास खण्ड बढ़नी के अन्तर्गत औदही से मानपुर प्लान्ट तक जाने के लिए चकमार्ग है इस वाहनों को आने-जाने में समस्या हो रही है। इसके अलावा सभी उद्यमियों की समस्याओं को जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. द्वारा सुना गया तथा उसके निस्तारण हेतु सम्बधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता विद्युत सिद्धार्थनगर ज्ञान प्रकाश, क्षेत्राधिकारी सदर, उपायुक्त उद्योग उदय प्रताप पासवान, लीड बैंक अधिकारी आरके सिन्हा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जीवनलाल, जिला उद्यान अधिकारी नन्हे लाल वर्मा, जिला पर्यटक अधिकारी प्रिया सिंह, समस्त उद्यमी व अन्य सम्बधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# किसानों को गन्ने के बीज पर मिलेगा अनुदान

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** शरद कालीन गन्ने की बुवाई पर किसानों को विभाग की तरफ से गन्ने के बीज पर प्रति क्विंटल अनुदान दिया जाएगा। बुधवार को भनवापुर विकास क्षेत्र के ग्राम पेड़ारी मुस्तहकम में आयोजित गोष्ठी के दौरान उक्त जानकारी गन्ना विकास निरीक्षक धर्मेंद्र ने दी।

उन्होंने कहा कि शरद कालीन गन्ने के साथ सरसों, मटर आदि की मिश्रित खेती से किसान, दोगुनी आय प्राप्त कर सकते हैं। मिश्रित खेती से गन्ने के प्लाटों में उगे खर पतवार की निराई हो जाती है। विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि गन्ने की बुवाई के लिए बीज एक सप्ताह के भीतर किसानों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। इच्छुक गन्ना किसानों को बीज पर 25 से 50 रुपये प्रति कुंतल और 9 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान दिया जाएगा। गन्ना पर्वेयक्षक रवि प्रकाश चौधरी ने टपक विधि से गन्ने की सिंचाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान गोष्ठी में गिरीश चंद्र चौधरी, राजेश सिंह, गोपी मिश्रा, आदित्य नारायण, शेष नारायण, राम सुमिरन, हित लाल चौधरी, पुजारी, रामदेव, मुस्तकीम, भवानी आदि मौजूद रहे।

# पटाखों के भंडारण व अवैध बिक्री पर प्रतिबंध

**ककरहवा, अमृत विचार:** चौकी प्रभारी राकेश त्रिपाठी के नेतृत्व में बुधवार को ककरहवा कस्बे में दीवाली को देखते हुए अवैध पटाखा व विस्फोटक पदार्थ का भंडारण व कस्बे में बिक्री न करने के लिए कस्बा ककरहवा में माइक से प्रचार करके सभी व्यापारी बंधुओं व ग्रामीणों को हिदायत दिया गया। लोगों को पटाखा भंडारण एवं बिना अनुमित के पटाखा बेचने पर, बिक्री करने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा। उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। साथ ही साथ त्योहार को देखते जाम से बचने के लिए रोड के किनारे अतिक्रमण करने वाले दुकानदार व ठेला वालों को हटाने का भी हिदायत दिया गया।

# टॉपटेन छात्राओं को डीएम ने किया सम्मानित

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



बच्चों को सम्मानित करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

**अमृत विचार:** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत करने के लिए शैक्षिक सत्र 2023-24 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में टापटेन बालिकाओं को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने उपहार देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली छात्राओं में हाईस्कूल की खुशी पांडेय, शांभवी द्विवेदी, महिमा यादव, मानस्वी मिश्रा, अर्चिता, अंशिका रौनियार, फरहत जबी, दिव्या भरती, श्रेया श्रीवास्तव, इंटरमीडिएट की छात्रा चार्ली गुप्ता, पलक सिंह, निधि, अंशिका चौधरी, अपराजिता, अर्पिता द्विवेदी, श्रेजल, भव्या सिंह, महिमा चौधरी, शायकी पटेल शामिल थी।

कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के आयोजन के तहत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के संदेश के साथ जिलाधिकारी की तरफ से यह पहल की गई। शहर स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में 12वीं की छात्रा रही और अब नीट की तैयारी कर रही दीपिका मिश्रा का चयन इसके लिए किया गया। छात्रा 11 बजे कलेक्ट्रेट पहुंची। डीएम डॉ. राजागणपति आर ने छात्रा को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद अपने कुर्सी पर उन्होंने बैठाया। लगभग एक घंटे के लिए डीएम बनी छात्रा दीपिका ने जिलाधिकारी के कार्य एवं दायित्व को समझा। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेंद्र कुमार मौर्या, सीएमओ डॉ. रजत कुमार चौरसिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके झा, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, राजकीय इंटर कॉलेज नौगढ़ के प्रधानाचार्य दयाशंकर यादव, जीजीआईसी तेतरी बाजार की प्रधानाचार्य कल्पना पांडेय समेत तनवीर अहमद, विवेक कुमार मालवीय, उमाशंकर, अविनाश सिंह, विश्वजीत सिंह, उमर चन्द्र यादव, रोहित कुमार, विजय प्रजापति, मयूर यादव, सर्वेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# कई गाड़ियों के मार्ग में किया गया बदलाव

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार:** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुविधा में उन्नयन एवं संरक्षा के दृष्टिगत लखनऊ मंडल के मल्हौर-गोमतीनगर स्टेशनों के मध्य पुल सं. 448 पर स्लैब बदलने के लिए ब्लॉक दिये जाने के गाड़ियों का टर्मिनल परिवर्तन एवं मार्ग परिवर्तन किया जायेगा।

पटना से 22 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 22345 पटना-गोमतीनगर एक्सप्रेस, गोमतीनगर के स्थान पर उत्तर रेलवे के लखनऊ स्टेशन पर 14.45 बजे पहुंचेगी। टर्मिनल परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव गोमतीनगर स्टेशन पर नहीं दिया जायेगा। गोमतीनगर से 22 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 22346 गोमतीनगर-पटना एक्सप्रेस, गोमतीनगर के स्थान पर उत्तर रेलवे के लखनऊ स्टेशन से 15.20 बजे चलायी जायेगी। ओखा से 20 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मानकनगर-ऐशबाग-मल्हौर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानकनगर-लखनऊ-मल्हौर के रास्ते चलायी जायेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# योजनाओं से खिलवाड़ करने वाले जाएंगे जेल

## शोषित वंचित समाज जोड़ो महारैली में कार्यकर्ताओं को ओम प्रकाश राजभर ने किया संबोधित

संवाददाता, बांसी, सिद्धार्थनगर



कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर व पूर्व मंत्री डॉ. अरविंद राजभर।

**अमृत विचार:** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के तत्वावधान में बुधवार को बांसी माघ में शोषित वंचित समाज जोड़ो महारैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री (पंचायत राज) के ओम प्रकाश राजभर व विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. अरविंद राजभर रहे।

बड़ी संख्या में कई जिलों से आए कार्यकर्ताओं के बीच पदाधिकारियों द्वारा पार्टी के दिशा रीति व नीति के बारे में संबोधित किया गया। कार्यक्रम स्थल के मंच आए कैबिनेट मंत्री का स्वागत 72 किलो के फूल माला, गगनभेदी नारों व विरहा गीत से किया गया। ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि 22 साल से समझाते रहे आज आपके पास आए हैं। मैने जीरो पावर्टी का योजना लाया, जिसका घोषणा 2 अक्टूबर को मुख्यमंत्री ने किया है। सरकारी योजनाओं के साथ जो भी खिलवाड़ करेगा उसे जेल भेजने का कार्य ओम प्रकाश राजभर करेगा। 05 लाख रुपए बिना ब्याज कक्षा 05 पास को मिलने के लिए मैंने कैबिनेट से कानून पास कराया। 33 प्रतिशत राजनीतिक आरक्षण इस सरकार ने लाया है। आयुष्मान कार्ड सबका बने इसके लिए हाई कमान से कई बार बात कर चुका हूं। प्रत्येक विधायक को 25 लाख रुपए विवेकाधीन कोष के नाम से मिलता है। मगर कोई भी खर्च नहीं करता है। 75 प्रतिशत छूट के आधार पर सरकार सोलर पैनल लगा रही है। 45 हजार ग्राम पंचायत सहायक,15 हजार सचिव के अलावा अन्य कई नौकरियां हमारे विभाग से दी गई है। संबोधन में राजभर ने सरकार के विभिन्न योजनाओं की चर्चा करते हुए पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष राम नेवास राजभर विनोद राजभर, लवकुश प्रधान, सुरेश गुप्ता, अमजद खान, अमन राजभर, जितेन्द्र राजभर के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# इंटरलॉकिंग की वजह ट्रेनों के रूट डायवर्ट

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार:** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुविधा हेतु उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल के प्रयागराज जं. स्टेशन पर यार्ड रिमाडलिंग एवं रूट रिले इन्टरलॉकिंग से आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इण्टरलॉकिंग में परिवर्तन कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया गया था, जिसमें संशोधन किया जा रहा है।

उधना से 17 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 09067 उधना-बरौनी साप्ताहिक विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग इटावा-गोविन्दपुरी-प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-वाराणसी के स्थान पर अब परिवर्तित मार्ग इटावा-कानपुर सेण्ट्रल-लखनऊ-जंघई-वाराणसी के रास्ते चलाई जायेगी। बरौनी से 18 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 09068 बरौनी-उधना साप्ताहिक विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग वाराणसी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं.-गोविन्दपुरी-इटावा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाराणसी-जंघई-लखनऊ-कानपुर सेण्ट्रल-इटावा के रास्ते चलाई जायेगी। यह गाड़ी अस्थाई रूप से गोविन्दपुरी के स्थान पर कानपुर सेण्ट्रल 17.55 बजे पहुंचकर 18.00 बजे छूटेगी। जम्मूतवी से 20 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 03310 जम्मूतवी-धनबाद द्विसाप्ताहिक विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-वाराणसी-दीनदयाल उपाध्याय के स्थान पर परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं.-मिर्जापुर-दीनदयाल उपाध्याय के रास्ते चलाई जायेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 17 अक्टूबर,2024 को चलने वाली 15102 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस पूर्व में सूचित मार्ग गोविन्दपुरी-कानपुर सेण्ट्रल-उन्नाव-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.-अयोध्या कैण्ट के स्थान पर संशोधित मार्ग गोविन्दपुरी-कानपुर सेण्ट्रल-लखनऊ-बाराबंकी-अयोध्या कैण्ट के रास्ते चलाई जायेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# माल लदान में पूर्वोत्तर रेलवे का कीर्तिमान

**गोरखपुर, अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे प्रतिदिन नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस रेलवे पर माल लदान के क्षेत्र में वृद्धि का क्रम जारी है। माह सितम्बर, 2024 में पूर्वोत्तर रेलवे पर 0.3806 मीलियन टन माल लदान हुआ, जो सितम्बर, 2024 हेतु निर्धारित लक्ष्य 0.3500 मीलियन टन माल लदान की तुलना में 8.74 प्रतिशत अधिक है। 2023-24 में संचयी आधार पर, माह सितम्बर, 2024 तक पू. रेलवे पर कुल माल लदान 2.2080 मीलियन टन हुआ, जो गत वित्त में सितम्बर, 2023 तक हुये माल लदान 2.1616 मीलियन टन की तुलना में 2.14 प्रतिशत अधिक है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# कार्यों की गुणवत्ता में न हो कोई कमी: जिलाधिकारी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने साधन सहकारी समितियों के भवनों के छत एवं भवन की मरम्मत, मनरेगा मॉडल पार्क, एमडीएमशेड निर्माण, राशन की दुकान भवन की प्रगति एवं भूमि चयन की स्थिति, कम्युनिटी गेट शेड निर्माण, आईएचएचएल की स्थिति आदि के प्रगति की विकास खण्डवार समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नही होना चाहिए। सभी खण्ड विकास अधिकारी अपने विकास खण्ड के अन्तर्गत जो कार्य शुरू हो गये है या जो कार्य शुरू होने वाले है उसकी गुणवत्ता का निरीक्षण सप्ताह में दो बार अवश्य करेंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, एडीपीआरओ, समस्त खण्ड विकास अधिकारी व अन्य संबधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति पर ध्यान दें शिक्षक

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर। अमृत विचार :** भाषा एवं गणित में बच्चों को निपुण करने के लिए शिक्षक बहुस्तरीय टीएलएम एवं रोचक गतिविधियों का अधिकतम प्रयोग कर बाल केंद्रित शिक्षण करें। ब्लॉक संसाधन केंद्र नौगढ़ में एफ एल एन प्रशिक्षण के पांचवे एवं अंतिम चक्र के समापन पर उपरोक्त वकतव्य बीईओ धर्मेन्द्र कुमार पाल ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए दिया। खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति एवं फुल स्कूल यूनिफॉर्म धारण करना सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों से नियमित संपर्क एवं बैठकें करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण में नयी पाठ्य पुस्तकों तथा शिक्षक संदर्शिकाओं के बेहतर प्रयोग पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर एआरपी सुरेन्द्र भारती, मनोज पांडेय, सुभाष पांडेय, विक्रांत त्रिपाठी एवं विनयकांत मिश्र सहित जितेन्द्र मिश्रा, आलोक आनंद, विजय बहादुर यादव, साधना श्रीवास्तवा, आकांक्षा सिंह, आभा श्रीवास्तवा तथा प्रीति आदि शिक्षकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### महिला तस्कर के पास एक किग्रा चरस बरामद

**संवाददाता, शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** भारत–नेपाल सीमा बढ़नी में स्थित सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल की सुरक्षा में घेरे में आखिरकार महिला मादक पदार्थ तस्कर बुधवार को फंस गयीं। खबर के अनुसार बताया जाता है कि एसएसबी के जवानों ने महिला के हाथ में लिए प्लास्टिक के बैग में चाइनीज लहसुन के नीचे छिपाकर रखे हुए लगभग एक किग्रा. चरस बरामद करने में सफलता हासिल किया।

### यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे प्रतिबद्ध

**संवाददाता, गोरखपुर। अमृत विचार :** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर–पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में 15 अक्टूबर, 2024 को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को रेलवे स्टेशन पर 17 वर्ष की 01 लड़की तथा 09 एवं 11 वर्ष के 02 लड़के लावारिस हालत में मिले। पूछताछ के उपरान्त लड़की एवं लड़कों को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 15 अक्टूबर, 2024 को रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी को सूचना मिला कि गाड़ी संख्या–11123 में यात्रा कर रही एक महिला को प्रसव हुआ है, जिसने एक पुत्री को जन्म दिया है। प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी व डॉक्टर द्वारा मौके पर पहुंचकर उक्त महिला को स्ट्रेचर की मदद से रेलवे स्टेशन छपरा पर सकुशल उतार कर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराया गया। 15 अक्टूबर, 2024 को रेलवे सुरक्षा बल, रूद्रपुर सिटी द्वारा रेलवे स्टेशन रूद्रपुर सिटी से यात्री का छूटा एक सूटकेस बरामद किया गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर सूटकेस उन्हे सुपुर्द किया गया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल लगाने के निर्देश

**संवाददाता, गोरखपुर। अमृत विचार :** केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान 4.0 के तहत स्टेशनों एवं ट्रेनों में स्वच्छता के स्तर को और बेहतर करने के लिये जनभागीदारी बढ़ाये जाने के उद्देश्य से अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड सतीश कुमार ने स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल लगाने के निर्देश के अनुपालन में चौपाल में जन प्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत एवं शहरी निकाय के प्रतिनिधियों के साथ–साथ सम्बन्धित क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित कर स्टेशन की स्वच्छता में बेहतरी हेतु सुझाव लिये जा रहे हैं, जिससे स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी को सुनिश्चित किया जा सके। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल के माध्यम से समावेशिता को प्राथमिकता देते हुए कार्यस्थलों की स्वच्छता एवं 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा जैसे मुद्दों पर ध्यान देना है। साथ ही, चौपाल में यात्रियों एवं स्थानीय जनता से सम्बन्धित सुविधाओं एवं समस्याओं के सम्बन्ध में फीडबैक प्राप्त कर भारतीय रेल उनमें सुधार की ओर अग्रसर होगी। पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, ऐशबाग, लखनऊ जं., बनारस, देवरिया सदर, आजमगढ़, वाराणसी सिटी, भटनी, गाजीपुर सिटी, मऊ, सीवान, छपरा, प्रयागराज रामबाग एवं बलिया स्टेशनों पर रेल चैपाल का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा सफाई मित्रों को सफाई के मानकों एवं सुरक्षित तरीके से सफाई कार्य के निष्पादन हेतु चर्चा किया गया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक

**संवाददाता, शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर। अमृत विचार :** जिले के विकास खण्ड बढ़नी के तुलसियापुर चौराहे पर स्थित पं. बाबूराम शुक्ल विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में बुधवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया। इस दौरान निबन्ध, मेंहदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली में अंकिता मिश्रा, मेंहदी में सुनैना राजभर व निबन्ध प्रतियोगिता में राज साहनी ने पहला स्थान हासिल किया। विजेता छात्र–छात्राओं को मुख्य अतिथि पीएचसी बढ़नी की महिला चिकित्सक डॉ. तैयबा ने पुरस्कृत किया। पीएचसी बढ़नी की महिला चिकित्सक डा. तैयबा व परामर्शदाता शीला यादव ने छात्राओं को किशोरावस्था के दौरान आने वाली दिक्कतों और उनके समाधान के बारें में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि उम्र के साथ शरीर में कई तरह के बदलाव आते हैं। इन सबसे घबराने की जरूरत नहीं है। इस दौरान आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में कक्षा 11 के राज साहनी को पहला, कक्षा 12 के छात्र रक्षाराम यादव को दूसरा व कक्षा 12 के दिनेश गुप्ता को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा मेंहदी प्रतियोगिता में कक्षा 12 की सुनैना राजभर ने पहला, कक्षा 11 की आंचल त्रिपाठी ने दूसरा व कक्षा 10 की सेहर बानो ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 11 की अंकिता मिश्रा ने पहला, कक्षा 11 की खुशी कसौधन ने दूसरा व कक्षा 12 की कल्पना अग्रहरि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रधानाचार्य रवि शुक्ल, चिकित्सक डॉ. ओपी यादव, फार्मेसिस्ट गुरुचरण प्रसाद, आशाराम यादव, सुनैना सिंह, सीतू गुप्ता आदि मौजूद थे।

# खेल महोत्सव : छात्रों ने लगाई मैराथन दौड़

**संवाददाता, सिद्धार्थ नगर, अमृत विचार :** माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में चल रहे स्टूडेंट खेल महोत्सव के चौथे दिन मंगलवार को छात्रों ने मैराथन दौड़ भी लगाया। शिक्षकों ने भी छात्रों के साथ मैराथन दौड़ में प्रतिभा किया। क्रीड़ांगन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सीएमएस डॉ. एके झा ने छात्रों को मशाल सौंपी बाल रोग विशेषज्ञ सहायक आचार्य डॉ. नम्रता चौधरी ने मशाल क्रियांगन के मैदान में दौड़ लगाई राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में छात्रों ने गुब्बारे उड़ाए। 2021 बैच के छात्र–छात्राओं ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। सचिव डॉक्टर नौशाद आलम छात्रों के साथ नगर का भ्रमण किया। सहायक आचार्य डॉ. नम्रता चौधरी के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अफजल शांतनु, शिवानी श्रीवास्तव, अलीशा अकरम, डॉक्टर विष्णु अवस्थी आदि लोगों ने कार्यक्रम को खूब सराहा। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

# बार एसोसिएशन के चुनाव में वीरेंद्र सिंह अध्यक्ष चुने गए

संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर



- महामंत्री पद पर बराबर वोट मिलने से परिणाम विचाराधीन
- सुभाष श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नदीम कनिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए

**अमृत विचार:** पूर्व निर्धारित चुनावी प्रक्रिया के अनुसार बुधवार को सुबह 11 बजे मतदान का सिलसिला शुरू हुआ। तीन बजे मतगणना समाप्त होने के बाद परिणाम की घोषणा किया गया। चुनाव अधिकारी एडवोकेट देवेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि कुल 131 मतदाताओं में से बार काउंसिल द्वारा जारी सीओपी के अभाव ने कुल 75 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी में एडवोकेट वीरेन्द्र सिंह को 27 मत, ओम प्रकाश श्रीवास्तव को 25 मत, विनोद कुमार द्विवेदी को 22 मत प्राप्त हुए और एक मत अवैध रहा जिसमें वीरेन्द्र सिंह चुने गए। जबकि महामंत्री पद के 2 उम्मीदवारों में एडवोकेट शिवशंकर चतुर्वेदी को 37 मत प्राप्त हुए और राकेश श्रीवास्तव को 37 मत, एक मत अवैध रहा।

महामंत्री पद पर बराबर बराबर मत मिलने पर दोनों द्वारा छह-छह माह के कार्यकाल पर सहमति बनी, शिवशंकर चतुर्वेदी का वरिष्ठता क्रम में ऊपर होने की दशा में पहले छह माह महामंत्री बने रहने पर और राकेश श्रीवास्तव को छह माह बाद महामंत्री बनने पर सहमति बनी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर 2 उम्मीदवारों में एडवोकेट सुभाष श्रीवास्तव को 42 मत, शिव पूजन श्रीवास्तव को 33 मत प्राप्त हुए। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर 2 उम्मीदवारों में एडवोकेट नदीम अहमद को 53 मत व अखिलेश मिश्रा को 22 मत प्राप्त हुए। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट शैलेन्द्र रावत, विकास सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट जितेंद्र त्रिपाठी, संयुक्त सचिव पद पर एडवोकेट नौशाद हैदर रिज़वी, सदस्य कार्यकारिणी वरिष्ठ पद पर एडवोकेट मोनिश हैदर रिज़वी, हरेंद्र मौर्या, अवधेश राही और सदस्य कार्यकारिणी कनिष्ठ पद पर एडवोकेट मनोज मौर्या, संदीप श्रीवास्तव, महेश मौर्या, मो. आमिर, रविकांत पाण्डेय, दुर्गेश श्रीवास्तव के रूप में एक-एक प्रत्याशी होने के कारण निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। वही संयुक्त सचिव के दो पद व सदस्य कार्यकारिणी वरिष्ठ के तीन पद पर किसी के द्वारा अभ्यर्थन न किए जाने की दशा में रिक्त रहे। परिणाम घोषित होते ही विजेता उम्मीदवारों के साथ ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर व मिठाई खिलाकर बधाईयां दिया। इस दौरान एडवोकेट रमापति सिंह, इकबाल यूसुफ मलिक, भूपेंद्र मिश्रा, जुग्गी लाल, रामचंद्र सहाय, शक्ति प्रकाश, वशिष्ठ पाण्डेय, आशीष श्रीवास्तव, सरस श्रीवास्तव, रामपाल सिंह, रमन श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, अवध बिहारी सिंह, रामपाल सिंह, राजदीप सिंह, राजीव कुमार, पवन यादव, संजय श्रीवास्तव आदि सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# स्कार्पियो ने तीन दोस्तों को रौंदा, मौत

## राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर टहलने के दौरान हादसे के शिकार हुए युवक

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर कसया थाना क्षेत्र की पकवाइनार के पास बुधवार को तेज रफ्तार स्कार्पियों ने टहलने निकले तीन दोस्तों को रौंद दिया। इस दर्दनाक सड़क हादसे में दो की मौके पर मौत हो गई, वहीं तीसरे ने गोरखपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मौके से दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बिहार नंबर की स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई।

जानकारी के अनुसार कसया थाना क्षेत्र स्थित पकवाइनार गांव के तीन दोस्त सुबह घर से टहलने निकले थे। तीनों नेशनल हाईवे 28 के किनारे टहल रहे थे, इसी दौरान एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो तीनों युवकों को रौंदते हुए निकल गई।


साहिल पटेल।


अंशु गुप्ता।


अमन भारती।

सड़क हादसे में अंशु गुप्ता (17) पुत्र स्व. मुन्नर गुप्ता व अमन भारती (18) पुत्र सीताराम भारती निवासी पकवाइनार की मौके पर मौत हो गई। हादसे में तीसरा युवक साहिल पटेल (16) पुत्र विनोद पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की मदद से घायल साहिल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान साहिल की मौत हो गई। सड़क हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं चालक स्कार्पियो छोड़कर फरार हो गया। उक्त घटना के संबंध में पूछे जाने पर मामले थाना कसया प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बिहार नम्बर की स्कॉर्पियो को बरामद कर लिया गया है। संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम विधि कार्रवाई में जुटी है।

**बिहार के नंबर की स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी पुलिस**

### 9वीं क्लास के छात्र थे तीनों दोस्त

कुशीनगर के यश होटल के पास हुए दर्दनाक हादसे के बाद घटनास्थल से लेकर पीएम हाउस तक अफरा तफरी मची रही। तीनों दोस्तों की मौत से ग्रामीणों सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।मृतक साहिल अपने माता पिता का अकेला पुत्र था। वहीं अंशु के पिता मुन्नवर गुप्ता की भी दो वर्ष पूर्व इसी तरह सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी। हादसे के बाद गांव में मातम फैल गया वहीं घरों में चूल्हे नहीं जले।हादसे के बाद स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा है। लोगों का कहना है कि पकवाइनार चौराहे पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन चलते हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है।इस तरह की कई घटनाएं पूर्व में हो चुकी हैं।स्थानीय निवासियों ने इस घटना के बाद प्रशासन से सड़क सुरक्षा के कड़े उपायों की मांग की है।

# 144 बैग गेहूं और 61 बैग सरसों के बीज किए सील

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार यादव ने किसानों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचनाओं के आधार पर तहसील क्षेत्र के उमरिया बाजार, दौलतपुर स्थित बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण में रामदीन पुत्र राधेश्याम के मकान में गेहूं की आरबीएम 203 प्रजाति के 144 बैग (21.60 कुंतल) और आरबीएम 19 प्रजाति के सरसों के 61 पैकेट (30.5 किलोग्राम) पाया गया। उक्त बीज आरबीएम सीड कम्पनी हैदराबाद से मंगाए गए हैं। संबंधित कंपनी से बीज प्राधिकार पत्र की मांग की गई तो दुकानदार द्वारा कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया जा सका। जिसके चलते बीज का नमूना संग्रहीत कर बीज को रामदीन पुत्र राधेश्याम के मकान के एक कमरे में सील्ड कर दिया गया। उसकी रखवाली राधेश्याम को सौंपी गई है। कृषि अधिकारी ने बताया कि कार्रवाई के समय वहां कन्हैया यादव और आयुष यादव निवासी ग्राम नन्हिया समेत तमाम लोग उपस्थित थे। जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के किसानों से अपील किया है कि जनपद में गांव-गांव में घूम कर विभिन्न कंपनियों द्वारा सर्वे किया जा रहा है। सर्वे करके बीज की मांग बुक की जा रही है। ऐसी कंपनियों से सावधान रहें। बाहरी कंपनियों के प्रतिनिधियों के माध्यम से बीज की बुकिंग कदापि न करें और न ही उनसे कोई बीज का क्रय करें। इस प्रकार की किसी प्रकार की सूचना आपके संज्ञान में आती है तो जिला कृषि अधिकारी और कृषि विभाग के अधिकारियों को तत्काल सूचित करें।

## सार-संक्षेप

### जिला समन्वयक ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

**बस्ती, अमृत विचार।** राज्य परियोजना निदेशक माध्यमिक शिक्षा एवं डीआईओएस के निर्देश पर जिला समन्वयक समग्र शिक्षा माध्यमिक बागीश पाठक ने विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थी अर्ध वार्षिक परीक्षा देते हुए मिले। समग्र शिक्षा के डीसी सबसे पहले श्री कृष्ण पांडेय इंटर कॉलेज पहुंचे। यहां विद्यार्थी परीक्षा देते हुए मिले। श्रीमती कृष्णा कुमारी पांडेय गर्ल्स इंटर कॉलेज का भी उन्होंने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थी परीक्षा देते हुए पाए गए। माध्यमिक शिक्षा की गतिविधियों में पंख पोर्टल एवं स्विफ्ट चैट गतिविधियों में छात्र- छात्राओं को हिस्सा लेते हुए पाया गया। विद्यार्थियों को कॅरियर से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है। पठन-पाठन की व्यवस्था सुदृढ़ पाई गई। डीसी ने विद्यालय में उपचारात्मक शिक्षण व्यवस्था और टीएलएम के द्वारा पठन-पाठन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समय सारणी का भी अवलोकन किया। इस दौरान प्रयोगशाला कक्ष, पुस्तकालय कक्ष को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। विद्यालय में विज्ञान क्लब एवं इको क्लब गठित पाया गया। शिक्षकों के दीक्षा पोर्टल पर इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स में नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### ओवरटेक के प्रयास में ट्रक के पीछे घुसी पिकअप

**बस्ती, अमृत विचार।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बस्ती बांसी मार्ग के पैडा चौराहे के पास बीती रात साढे तीन बजे ओवरटेक के चक्कर में दुग्ध वाहन ट्रक के पीछे घुस गया। जिसमें पिकअप चालक बाल बाल वच गया। वहीं फंसे पिकअप को आगे पीछे से दो ट्रकों ने खींचकर बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप को लेकर थाने चली गई। सिद्धार्थनगर जिले के थाना जोगिया उदयपुर क्षेत्र के गांव चोरई निवासी चालक रामशंकर दूबे पुत्र प्रदीप दूवे जो सिद्धार्थ नगर से पिकअप लेकर पैकेट बंद दूध लेने बस्ती जा रहे थे। अभी वह पैड़ा चौराहे के पास पहुंचे ही थे कि ओवरटेक के चक्कर में एक ट्रक के पीछे जाकर घुस गये। जिसमें पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि पिकअप चालक रामशंकर दूबे बाल बाल गये। घटना स्थल पर जुटी भीड़ ने दो ट्रकों को आगे पीछे करके ट्रक में फंसे पिकअप को रात्रि में ही बाहर निकलवाया।

### छह नामजद सहित अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज

**कुशीनगर, अमृत विचार:** जिले के कसया थाना क्षेत्र के गोबरही चौराहे पर मंगलवार की देर शाम बाइक खड़ी करने को लेकर दो समुदायों के युवक आपस में भिड़ गए। इस दौरान ईंट-पत्थर व लाठी डंडे भी चलाए गए। जिसमें दो लोगों को हल्की चोटे आई हैं, जबकि एक ठेले पर अंडा बेचने वाले का भी नुकसान हुआ। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्रिधिकारीरी कुंदन सिंह प्रभारी निरीक्षक कसया गिरजेश उपाध्याय ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच दोनो पक्षों को समझा कर मामला शांत किया। मौके से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। मामले में राजेश राव पुत्र शारदा राव के प्रार्थना पत्र पर छह नामजद सहित अन्य अज्ञात लोगों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है

### डीएम ने रेलवे के अधिकारियों के साथ की बैठक

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** मुखलिसपुर रोड रेलवे अंडरपास प्रकरण में पिछले दिनों अंडर पास संघर्ष मोर्चा के बैनर तले वहां के स्थानीय नागरिकों ने निर्माण के तरीके पर सवाल उठाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा था। लोगों ने बताया था कि रेलवे द्वारा कराया जा रहा निर्माण कार्य मानक के विपरीत है। ऐसे में अण्डरपास निर्माण की उपयोगिता उन लोगो के विपरीत साबित होगी। जिसके संबंध में बुधवार को जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने पूर्वोत्तर रेलवे के दो उच्चाधिकारियों के साथ बैठक किया। जिलाधिकारी ने बताया कि शीघ्र ही रेलवे के अफ़सर और एसडीएम सदर शैलेश कुमार दूबे की टीम मौके पर पहुंच कर निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। रिपोर्ट मिलने पर जो भी जरूरी होगा किया जाएगा। अण्डरपास लोगों के लिए उपयोगी साबित हो इस बात का हर सम्भव प्रयास किया जाएगा।

### विद्युत विभाग व विजिलेंस की संयुक्त टीम ने मारा छापा

**मेंहदावल, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** बिजली विभाग और विजलेंस टीम ने बुधवार को ग्रामीण क्षेत्रों में छापेमारी किया। जिसमें अवैध बिजली कनेक्शन और बिजली चोरी के कई मामले उजागर हुए। विद्युत विभाग की टीम ने कई स्थानों पर जाकर बिजली के मीटरों की जांच किया और अवैध कनेक्शनों को हटाया। अधिशाषी अभियंता विद्युत पीके गुप्ता ने बताया कि मेंहदावल क्षेत्र के तुनियहवा, गनवरिया, सांडेखुर्द, जब्बार और बनकसिया गांव मे विजलेंस टीम और विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा छापेमारी की गई। जिसमे 4 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई और 7 लोगों के कनेक्शन का लोड बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि यह आभियान आगे भी चलता रहेगा। अवैध बिजली कनेक्शनों और बिजली चोरी करते हुए पकड़े जाने पर सम्बन्धित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


रेलवे स्टेशन खलीलाबाद पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते कलाकार।

## नुक्कड़ नाटक कर किया गया जागरूक

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** एक पहल अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में प्रभारी डायल 112 राहुल सिंह यादव के नेतृत्व में श्रीमंत शशिकला मंच बालू अड्डा जनपद लखनऊ द्वारा बुधवार को रेलवे स्टेशन परिसर खलीलाबाद और बघौली बाजार में एक चौपाल का आयोजन किया गया। श्रीमंत शशिकला मंच के कलाकारों से डायल 112 पुलिस द्वारा संपर्क कर वर्तमान में एक पहल अभियान के तहत 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक डायल 112 जागरुकता अभियान और उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं के जागरुकता अभियान के बारे में बताकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में जनता को जागरुक करने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में बुधवार को नाटक कम्पनी के कलाकारों ने अल्प समय में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित सैकड़ों पुरुषों, महिलाओं औ युवतियों को जागरुक किया। इस दौरान डायल 112, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न आदि के लिए जारी हेल्प लाइन नम्बर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के साथ ही थानों के सीयूजी नम्बरों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। फोन करने वाली महिलाओं और बच्चियों का नाम पता गोपनीय रखा जाता है। इस दौरान डायल 112 के उप निरीक्षक मेवालाल, हेड कांस्टेबल संतोष, राकेश साहनी, संदीप कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# पराली प्रबंधन की निगरानी करेंगी जनपद और तहसील स्तरीय टीमें : जिलाधिकारी

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। डीएम ने बताया कि पराली प्रबंधन की निगरानी के लिए जनपद और तहसील स्तरीय टीमें गठित की गई हैं।

किसान दिवस में कृषि और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने खरीफ फसल की कटाई और रबी फसलों की बुआई से संबंधित तैयारियों की जानकारी दी। उप निदेशक कृषि राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत यूपी एग्रीकल्चर पोर्टल पर कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग जारी है जो 23 अक्टूबर तक की जाएगी। किसान अपनी आवश्यकतानुसार टोकन राशि जमा कर कृषि यंत्रों की बुकिंग करा लें। बताया कि सोलर फोटोवोल्टिक इरिगेशन पंप की भी बुकिंग पोर्टल पर जारी है। पराली प्रबंधन के लिए जनपद और तहसील स्तरीय निगरानी कमेटियों का गठन कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सचल दस्ते धान की फसल कटाई शुरू होने के साथ ही नियमित रूप से निगरानी करेंगे। कहीं भी कोई कंबाइन मशीन बिना एसएमएस के संचालित नहीं की जाएगी। उद्यान अधिकारी ने रबी सीजन में प्याज, लहसुन और सब्जियां के गुणवत्ता युक्त बीजों की उपलब्धता समय से कराए जाने आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि मखाना की खेती के भी लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। पशुपालन विभाग ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अन्तर्गत 60 प्रतिशत अनुदान पर 2 लाख रुपए लागत की परियोजना के लिए किसान आवेदन कर सकते हैं। सहायक निबंधक सहायक आयुक्त सहकारिता ने जनपद में पर्याप्त मात्रा में फास्फेटिक उर्वरक और यूरिया की उपलब्धता के संबंध में बताया। बैठक में मौजूद किसानों ने वर्तमान समय में सब्जियों की खेती के लिए उर्वरक उपलब्ध कराए जाने की मांग किया। किसानों ने धान क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग किया। वर्तमान में जनपद में कुल 54 क्रय केंद्र स्थापित हैं। इस अवसर पर भूमि संरक्षण अधिकारी सीपी सिंह, जिला उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल, मंडी सचिव शिवनिवास यादव, अधिशाषी अभियंता विद्युत राजेश कुमार, एसएमआई अखिलेश कुमार सहित भारी संख्या में प्रगतिशील किसान और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


किसान दिवस पर बैठक करते जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर।

**कार्यक्रम**

- किसान दिवस का हुआ आयोजन, कृषि यंत्रों की आनलाइन बुकिंग जारी

## बेटियों की शिक्षा और स्वास्थ्य का रखें ध्यान

**कुशीनगर, अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी की अध्यक्षता में जनसुनवाई वह समीक्षा बैठक की गई।बैठक में अधिकारी व विभिन्न क्षेत्रों से महिलाए उपस्थित रही। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति पंचम चरण तथा महिलाओं के सुरक्षा एवं शिकायत दर्ज कराने हेतु टोल जारी नम्बरों की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान व के लिए पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने महिला एवं बाल विकास से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य चिकित्साधिकारी सुरेश पटारिया ने चिकित्सा विभाग के अन्तर्गत संचालित जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, परमानेंट नसबंदी पर मिलने वाले लाभ, महिलाओं के चिकित्सीय सुविधाए प्रदान करने हेतु विभिन्न योजनाओं और लाभ से रूबरू कराया। अपर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि स्कूलों व कॉलेजों में युवतियों को आत्मरक्षा के गुण सिखाए जा रहे हैं।

# खाद के अवैध भंडारण पर हो कार्रवाई

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार:** अक्टूबर माह के किसान दिवस का आयोजन बुधवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इसअवसर पर जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को खाद, बीज एवं रसायनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। खाद के संबंध में उन्होंने किसी भी प्रकार की अनुचित भंडारण की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। किसान दिवस का आरंभ उप कृषि निदेशक आशीष कुमार द्वारा पिछले माह प्राप्त शिकायतों पर विभागों से प्राप्त निस्तारण आख्या से किसानों को अवगत कराया। किसानों की शिकायत को जिलाधिकारी ने सुनते हुए संबंधित विभागों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। जनपद के चयनित कृषक उत्पादक संगठनों के द्वारा यूपी नेडा से अनुदान ना प्राप्त होने की शिकायत दर्ज कराई गई। इस पर जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को यूपी नेडा एवं इंडियन ऑयल के अधिकारियों से संपर्क करते हुए अनुदान दिलाने का निर्देश दिया।वर्तमान मौसम में पराली जलाने की घटना को रोकने एवं पराली के प्रबंधन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।ड्रेन तथा रजवाहों, नहरों की सफाई के संदर्भ में शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग तथा बाढ़ खंड के अधिकारियों को हेड से टेल तक सिल्ट सफाई का कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। कृषक मार्कंडेय राय द्वारा ग्राम देवकली विकास खण्ड सुकरौली में जल निगम द्वारा बनाई गई पानी की टंकी एवं उसके उसके आसपास के मार्ग पर जल निगम द्वारा किए गए कार्य के कारण हुए गहरें गढढों की शिकायत की गई जिनकी मरम्मत हेतु जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित सहायक अभियंता को निर्देशित किया। जिला कृषि अधिकारी ने जनपद में खाद एवं बीजों की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध होने के तथ्य से सभा को अवगत कराया। उद्यान विभाग के उद्यान निरीक्षक के द्वारा कृषकों को बीजों पालक , मेथी, आलू , प्याजों आदि फसलों के उपलब्ध बीजों के विषय में जानकारी प्रदान की। उप उप कृषि निदेशक ने किसानों को अनुदान को लेकर अवगत कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार करें एवं किसानों को लाभ पहुंचाए।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी कल्पना मिश्रा, उप कृषि निदेशक आशीष कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रविंद्र, जिला गन्ना अधिकारी डीके सैनी समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।


राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक तथा जनसुनवाई

# दीपावली से पहले शिक्षकों का वेतन दे सरकार: संजय द्विवेदी

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक बुधवार को मौलाना आजाद इंटर कालेज खलीलाबाद में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेश राम और संचालन जिला मंत्री गिरिजानंद यादव ने किया।

बैठक में 22 अक्तूबर को लखनऊ स्थित शिक्षा निदेशक माध्यमिक के कार्यालय पर आयोजित धरने की समीक्षा की गई। प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने सरकार से दीपावली से पहले शिक्षकों के वेतन भुगतान की मांग किया। दीपावली से पहले महंगाई भत्ते और बोनस की घोषणा नहीं किए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई है। मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री द्विवेदी ने कहा कि इस वर्ष दीपावली 31 अक्टूबर को पड़ रही है। लगातार अवकाश होने के चलते शिक्षक और कर्मचारियों को समय से वेतन नहीं मिल पाएगा। परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए पूर्व वर्षों की भांति सरकार शिक्षकों और कर्मचारियों को एडवांस में दीपावली से पहले वेतन का भुगतान करे। श्री द्विवेदी ने कहा कि महंगाई दिनों दिन बढ़ती जा रही है। हमेशा छमाही महंगाई भत्ते की घोषणा दीपावली से पूर्व हो जाया करती थी। लेकिन वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकार ने अभी तक कर्मचारियों के डीए बढ़ोतरी की घोषणा नहीं किया है। जिससे शिक्षकों में बेहद नाराजगी है। बेहद गम्भीर बात तो यह है कि अभी तक बोनस की भी घोषणा नहीं हुई है। बैठक में यूनुस अख्तर खान, मोहिबुल्लाह खान, पुनीत कुमार त्रिपाठी, अभिषेक तिवारी, गोपाल जी सिंह, जय प्रकाश गौतम, विजय यादव, अब्दुल मुद्दासिर, अफजल खान, जय गोविंद, विंध्याचल सिंह, अरशद जलाल, मुकेश शुक्ल, सलाहुद्दीन, अभय शंकर शुक्ल, विनोद चौरसिया, महेश्वर सिंह सहित शिक्षक संघ के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


शिक्षक संघ की बैठक को संबोधित करते प्रदेश मंत्री डॉ.संजय द्विवेदी।


बाइक चालकों को हेलमेट पहना कर माल्यार्पण करतीं एआरटीओ प्रियंबदा सिंह।

### एआरटीओ और टीएसआई ने वितरित किए हेलमेट

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** यातायात जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी यातायात अजीत चौहान के पर्यवेक्षण में आरटीओ प्रियंबदा सिंह व प्रभारी यातायात परमहंस ने बुधवार को दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किया। मोटरसाइकिल चालकों को माल्यार्पण कर टीएसआई परमहंस ने प्रदेश में चल रहे यातायात जागरुकता के नियमों के बारे में जागरुक किया। कहा कि लोग अपने परिवार वालों, रिश्तेदारों और आसपास के लोगों को भी वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने को प्रेरित करें। आम जनता के सहयोग और जागरुकता से मार्ग दुर्घटनाओं में आए दिन होने वाली जन हानि पर विराम लगाया जा सकता है।

### नगर पंचायत में बनाएंगे टैक्सी स्टैंड

**बस्ती, अमृत विचार।** नगर पंचायत गनेशपुर बोर्ड की बैठक मंगलवार को हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष और ईओ की मौजूदगी में महत्वपूर्ण बिंदुओं प्रस्ताव लाए गए। जिस पर सदस्यों ने सर्वसम्मति से मुहर लगाई। नगर पंचायत के आय और विकास दोनों मुद्दों पर निर्णायक चर्चा हुई। नगर पंचायत की आमदनी बढ़ाने को लेकर सदन में सुझाव मांगे गए। तय हुआ कि नगर पंचायत क्षेत्र टैक्सी स्टैंड स्थापित किया जाएगा। इससे आमदनी भी होगी और नागरिकों को आवागमन की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा मकान निर्माण के लिए मानचित्र स्वीकृति कराने का भी प्रावधान बनाया जाएगा। जिससे सुव्यवस्थित बसावट देखने को मिले। सभासदों की मांग पर कस्बे के जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ बनाई जाएगी। पुराने समय के नाली- नालों की मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। जहां जरूरत महसूस की जा रही है वहां नए नालों का भी निर्माण होगा। वार्डों की सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस देने का निर्णय लिया गया है।

# जिगिना ताल की बड़ी पुलिया बन चुकी है मनबढ़ों का अड्डा

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** धनघटा थानाक्षेत्र अंतर्गत जिगिना ताल में बनी बड़ी पुलिया को पार कर आवागमन करने वाले छात्र-छात्राएं आजकल भारी दहशत में हैं। आए दिन वहां बैठकर मनबढ़ छात्राओं के ऊपर छींटाकशी करते रहते हैं। क्षेत्र के बैरहा, बेलदारी टोला, डेबरी, अशरफपुर, नरचहां, सिसवा, दुघरा कला, सियरखुर्द, दुघरा तिवारी सहित लगभग दर्जनों गांवों के छात्र-छात्राएं जिगिना ताल स्थित इसी पुलिया के रास्ते संठी चौराहे की तरफ प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में पढ़ने जाते हैं। छात्र-छात्राओं को जिगिना ताल पार करना बड़ी चुनौती बन गया है। जिगिना ताल में स्थित बड़ी पुलिया पर क्षेत्र के मनबढ़ बैठे रहते हैं।आने-जाने वाली छात्राओं के ऊपर छींटाकशी करते रहते हैं। विरोध करने पर रास्ते में रोक कर धमकाते भी हैं। छात्रों के विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की जाती है। लोक लाजवश छात्राएं न तो अपने घर पर बताती हैं और न ही विद्यालय पर और न ही पुलिस प्रशासन को सूचना देती हैं। जिसके कारण मनबढ़ों का मनोबल बढ़ा हुआ है। स्थित यह हो चुकी है कि छात्राएं विद्यालय जाने से भी कतराने लगी हैं।

**आलोचना** सिख समुदाय के लोगों ने की कनाडा सरकार की निंदा, कहा

# सिख कभी अपने देश का विरोध नहीं सह सकता

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** कनाडा में बसे खालिस्तान समर्थक सिखों के समर्थन में कनाडा सरकार की बयानबाजी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिले के प्रबुद्ध सिखों ने कनाडा के खिलाफ भारत सरकार के स्टैंड का पुरजोर समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि जो सच्चा सिख होगा वह सपने में भी भारत का विरोध नहीं कर सकता।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह ने कहा कि सिख समुदाय हमेशा से राष्ट्र भक्त रहा है। यह समुदाय किसी भी परिस्थिति में देश के साथ गद्दारी नहीं कर सकता। दुश्मन देशों की शह पर तथाकथित खालिस्तान समर्थक कभी भारत माता के सपूत नहीं हो सकते। भाजपा के नगर अध्यक्ष और लोकप्रिय समाजसेवी सतविंदर पाल सिंह जज्जी ने कहा कि सिक्खों ने देश हित में तमाम कुर्बानियां दिया है। कनाडा सरकार चंद आतंकवादी ताकतों के इशारे पर अनर्गल बयानबाजी कर रही है। कनाडा के खिलाफ भारत सरकार का स्टैंड बिल्कुल सही है। उन्होंने कहा कि कनाडा में कारोबार कर रहे सिख समाज के लोगों को भारत में वापस आकर अपने रोजगार स्थापित करने की आवश्यकता है। प्रमुख व्यवसायी सरदार जसबीर सिंह, रतिंदर सिंह और जसबीर सिंह काजू ने कहा कि भारत माता की सेवा हमारी प्राथमिकता है। आजादी की जंग में भी सिख समुदाय ने निर्णायक संघर्ष करते हुए तमाम कुर्बानियां दी हैं। आज का भारत किसी के सामने झुकने वाला नहीं है। आंखों में आंखें डालकर बात करता है और जैसे को तैसा जवाब देना जानता है। भारत सरकार ने कनाडा सरकार को बिल्कुल सही और उपयुक्त जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय अपने सिर कटा सकता है लेकिन देश के साथ कभी गद्दारी नहीं कर सकता।


सतविंदर पाल सिंह जज्जी।


सरदार रतिंदर सिंह।


सरदार जसबीर सिंह।


सरदार जसबीर सिंह काजू।


सरदार अजीत सिंह, प्रबंधक गुरुद्वारा संतकबीरनगर

# औद्योगिक क्षेत्र खलीलाबाद के कायाकल्प की बढ़ी उम्मीद

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर औद्योगिक क्षेत्र खलीलाबाद का कायाकल्प होने की सम्भावनाएं प्रबल दिखने लगी हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर गोरखपुर और संतकबीरनगर समेत प्रदेश के 24 जिलों में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों का विकास कराया जाना है। सभी निर्माण कार्य यूपीसीडा द्वारा कराए जाएंगे। निर्माण कार्यों में एफडीआर तकनीक से बेहतरीन सड़कों का निर्माण, स्ट्रीट लाइटिंग, सीसीटीवी कैमरे, टेलीफोन स्टेशन, विद्युत सबस्टेशन, स्ट्रीट फर्नीचर, बाउंड्री वॉल, पैक्ड फुटपाथ, ट्रक पार्किंग, बस सेल्टर, फायर स्टेशन, पुलिस सहायता केंद्र, सीएफसी बिल्डिंग का विकास, यूरिनल्स, इलेक्ट्रिक व्हिकल चार्जिंग, स्मार्ट व्हिकल पार्किंग, इंटीग्रेटेड कमाण्ड सेंटर आदि का निर्माण कराया जाएगा। उप जिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश कुमार दूबे ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में सभी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के बाद जिले में औद्योगिक क्रांति पैदा होगी। देश की नामी गिरामी कम्पनियों की औद्योगिक इकाइयां जिले में स्थापित होंगी जिससे जिले के युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900 रवा 3000-3050

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 78,800 |
| सोना रवा | 78,650 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 94,100 |
| चांदी (999) | 94,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# दो महीने की गिरावट के बाद निर्यात में मामूली बढ़ोतरी

### 0.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ सितंबर में पहुंचा 34.58 अरब डॉलर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **आयात 1.6 प्रतिशत बढ़कर 55.36 अरब डॉलर हुआ**
- **व्यापार घाटा कम होकर 20.78 अरब डॉलर रह गया**

देश के वस्तु निर्यात में दो महीने की गिरावट के बाद सितंबर में मामूली बढ़त दर्ज की गई है। सितंबर में निर्यात 0.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 34.58 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं व्यापार घाटा कम होकर 20.78 अरब डॉलर रह गया।


बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में आयात 1.6% बढ़कर 55.36 अरब डॉलर हो गया, जो सितंबर, 2023 में 54.49 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन महीने में व्यापार घाटा (आयात तथा निर्यात के बीच का अंतर) 20.8 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। अगस्त में यह 10 महीने के उच्चतम स्तर 29.65 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंचा था। भारत के वस्तु निर्यात में अगस्त माह में सालाना आधार पर 9.3% और जुलाई में 1.2% की गिरावट आई थी। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में निर्यात 1% बढ़कर 213.22 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 6.16% बढ़कर 350.66 अरब डॉलर रहा। वित्त वर्ष की पहली छमाही में व्यापार घाटा 137.44 अरब डॉलर रहा।

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद हुई वृद्धि

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने बताया कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद सितंबर और इस वित्त वर्ष के पहले छह महीने में निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई है। निर्यात को बढ़ावा देने वाले महत्वपूर्ण कारकों में इंजीनियरिंग, रसायन, प्लास्टिक, औषधि, तैयार (रेडिमेड) वस्त्र और इलेक्ट्रॉनिक शामिल हैं। बर्थवाल ने कहा कि वैश्विक कठिनाइयों के बावजूद हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। सोने का आयात सितंबर में बढ़कर 4.39 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल यह 4.11 अरब डॉलर था।

# बुलिश पैटर्न : निवेशकों के लिए अवसरों की पहचान

बुलिश पैटर्न तकनीकी विश्लेषण का मुख्य उपकरण है, जो निवेशकों को यह संकेत देता है कि किसी संपत्ति की कीमत बढ़ने की संभावना है। ये पैटर्न विभिन्न कैंडलस्टिक फॉर्मेशंस जैसे हैमर, डोजी, गैप अप, और सपोर्ट बाउंस के रूप में सामने आते हैं। सही तरीके से पहचानने पर, ये निवेश के अवसर प्रदान कर सकते हैं। हालांकि, इनसे जुड़े जोखिमों को समझना भी जरूरी है, ताकि निवेशक अपनी रणनीतियों को मजबूत कर सकें और संभावित नुकसान से बच सकें। तकनीकी संकेतों के साथ सतर्क रहकर, निवेशक बेहतर निर्णय ले सकते हैं। आइये इसके बारे में जाने...




### बुलिश पैटर्न के प्रकार

- **हैमर :** यह पैटर्न तब बनता है जब कैंडल का निचला हिस्सा लंबा और ऊपर का छोटा होता है, यह संकेत है कि कीमत गिरने के बाद बढ़ने का प्रयास कर रही है।
- **डोजी :** जब कैंडल का खुलना और बंद होना समान होता है, तो यह अनिश्चितता दर्शाता है, यदि यह किसी डाउनट्रेंड के बाद बनता है, तो यह उलटाव का संकेत है।
- **गैप अप :** जब कीमत पिछले दिन के उच्च स्तर से ऊपर खुलती है, तो यह एक बुलिश संकेत है।
- **सपोर्ट लेवल पर बाउंस :** जब कीमत एक निश्चित स्तर पर गिरने के बाद फिर से ऊपर उठती है, तो यह एक बुलिश संकेत हो सकता है।

### इसे कैसे देखें

- **विश्लेषण :** तकनीकी चार्ट्स पर विभिन्न कैंडलस्टिक पैटर्न्स और अन्य संकेतकों का उपयोग करें।
- **वॉल्यूम :** यदि पैटर्न के साथ वॉल्यूम बढ़ता है, तो यह संकेत है कि बाजार में विश्वास है।
- **समर्थन-प्रतिरोध स्तर :** इन स्तरों का ध्यान रखें, क्योंकि कीमतें अक्सर इन स्तरों के आसपास बदलती हैं।

### निवेशकों को लाभ

- **संभावित अवसर :** बुलिश पैटर्न दिखाता है कि कीमतें बढ़ने की संभावना है, जिससे निवेशक लाभ कमा सकते हैं।
- **योजना बनाने में मदद :** निवेशक यह जान सकते हैं कि कब खरीदारी करनी है या स्टॉक से बाहर निकलना है।
- **भावनात्मक निर्णय से बचाव :** तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से सूचित निर्णय लेने में मदद मिलती है।

### जोखिम

**फॉल्स ब्रेकआउट :** बुलिश पैटर्न कभी-कभी गलत संकेत दे सकते हैं, जिससे निवेशक नुकसान उठा सकते हैं।

**आर्थिक बदलाव :** वैश्विक स्थिति या राजनीतिक घटनाएं बाजार को प्रभावित करती हैं, जिससे ये विफल हो सकता है।

## सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर चांदी 1,000 रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं की सतत लिवाली से बुधवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 250 रुपये की तेजी के साथ 78,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। मंगलवार को सोना 78,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की ताजा लिवाली से चांदी भी 1,000 रुपये उछलकर 93,500 रुपये प्रति किलो हो गई। 99.5% शुद्धता वाला सोना 250 रुपये उछलकर 78,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

## निर्यात प्रतिस्पर्धा सब्सिडी से नहीं आएगी, गुणवत्ता पर दें ध्यान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग जगत से कहा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को उद्योग जगत से कहा कि वह वैश्विक बाजारों का दोहन करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद पर ध्यान केंद्रित करें, क्योंकि निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता सरकारी सब्सिडी या समर्थन से नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि सरकार उद्योग जगत को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के विनिर्माण के लिए प्रेरित करने का प्रयास कर रही है, क्योंकि उद्योग जगत को यह स्वीकार कराना एक कठिन काम है कि उन्हें गुणवत्ता वाला सामान बनाना चाहिए। मंत्री ने कहा कि अगर हम आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, तो यह तभी हो सकता है जब भारत आत्मविश्वासी होगा और यह आत्मविश्वास तभी आएगा जब हम सभी यह तय करेंगे कि गुणवत्ता हमारा काम नहीं, बल्कि कर्तव्य है।

## अमेरिकी चुनाव तक अडाणी ग्रीन ने 1.2 अरब डॉलर की बॉन्ड बिक्री रोका

- **स्वच्छ-ऊर्जा कारोबार से जुड़ी इकाइयां 20 वर्ष की अवधि वाले बॉन्ड करने वाली थीं पेश**

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की कंपनी अडाणी ग्रीन ने बाजार की स्थिति को देखते हुए 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर के बॉन्ड की पेशकश को अमेरिकी चुनावों तक रोक दिया है। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की स्वच्छ-ऊर्जा कारोबार से जुड़ी इकाइयां मंगलवार को 20 वर्ष की अवधि वाले हरित बॉन्ड पेश करने वाली थीं। सूत्रों ने कहा कि अडाणी ग्रीन ने आईजी-रेटिंग वाले हाइब्रिड आरजी बॉन्ड पेश किए लेकिन सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद इसे अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों के बाद तक टाल दिया। कंपनी ने बॉन्ड से बेहतर मूल्य निर्धारण और समग्र परिणाम हासिल करने के लिए इसे चुनावों तक टालने का फैसला किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों से जुड़े कुछ अनिश्चित घटनाक्रमों को देखते हुए डॉलर बॉन्ड को टाल दिया गया है।

## 6जी से संबंधित नियम सभी के लिए सुनिश्चित करें : सिंधिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **इंडिया मोबाइल कांग्रेस में अंतर्राष्ट्रीय 6जी संगोष्ठी को संचार मंत्री ने किया संबोधित, बोले-भारत के पास जबरदस्त अवसर**

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि 6जी से संबंधित मानकों तथा नियमों से सभी के लिए समावेशिता और सामर्थ्य सुनिश्चित होना चाहिए। इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) में अंतर्राष्ट्रीय 6जी संगोष्ठी में सिंधिया ने कहा कि चूंकि 6जी के लिए मानक तय किए जा रहे हैं, इसलिए प्रौद्योगिकी तथा इंजीनियरिंग की क्षमताओं को देखते हुए भारत के पास जबरदस्त अवसर हैं।

मंत्री ने कहा कि हमारे 6जी मानक जो अभूतपूर्व गति, कम विलंबता और परिवर्तनकारी अनुप्रयोगों की विशेषता रखते हैं सभी के लिए समावेशी, सुलभ व किफायती होने चाहिए और केवल तभी यह समग्र मानवता के वास्तविक मूल्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। सिंधिया ने 6जी अवसर का लाभ उठाने वाले प्रत्येक नागरिक के लिए साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैसा कि हम विनियामक वातावरण तैयार करते हैं, भारत के पास विनियमनों के निर्माण में योगदान देने की जबरदस्त क्षमता है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### मुंबई में बहुमंजिला इमारत में आग लगने से तीन की मौत

**मुंबई।** मुंबई के लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स में 14 मंजिला आवासीय इमारत में बुधवार सुबह आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। नगर निकाय के अधिकारी ने बताया कि आग सुबह आठ बजे अंधेरी इलाके में लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स के फोर्थ क्रॉस रोड पर स्थित रिया पैलेस बिल्डिंग की 10वीं मंजिल पर फ्लैट में लगी। आग से घायल तीन लोगों को कूपर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत लाया हुआ घोषित कर दिया।

### शिमला में कार गहरी खाई में गिरी, तीन की मौत

**शिमला।** शिमला में बुधवार को कार के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों में परीक्षित भारती, विनोद और मुकेश है। यह दुर्घटना चौपाल में सराहन-पुलबहाल लिंक रोड पर रात दो बजे हुई। चालक के वाहन पर से नियंत्रण खो देने से वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। पुलिस ने बताया कि कार सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ स्थानीय लोगों ने सुबह शव देखे और पुलिस को सूचना दी। शिमला के एसपी संजीव कुमार गांधी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### महिला से 68 लाख की ठगी में चार पर मुकदमा

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** नवी मुंबई में पुलिस ने मुंबई की महिला इंटीरियर डिजाइनर को जमीन बेचने की आड़ में उससे 68 लाख से अधिक की ठगी के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि नेरुल पुलिस थाने में सोमवार को इस संबंध में मामला दर्ज किया गया। चार में से एक आरोपी की पहले ही मौत हो चुकी है।

### आदिवासी की बेल्ट से पिटाई में चार पर मुकदमा

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में आदिवासी व्यक्ति की बेल्ट से पिटाई करने के लिए चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। छतरपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि चार लोगों ने पुरानी रंजिश के कारण टपरियां गांव के रहने वाले व्यक्ति की मंगलवार को पिटाई की। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वीडियो में व्यक्ति को बेल्ट से पीटते हुए देखा जा सकता है।

# युवाओं को परंपराओं से जोड़ता है संगीत

### नाटक अकादमी के अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव में प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय संस्कृति को किया रेखांकित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने किया छह दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन**
- **मंत्रालय के पहले महोत्सव का उद्देश्य नृत्य शैलियों की विविधता का जश्न**

संगीत नाटक अकादमी ने भारतीय नृत्य पर बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव आयोजित किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महोत्सव के लिए एक विशेष संदेश साझा किया और भारतीय संस्कृति में नृत्य के महत्व रेखांकित करते हुए कहा कि यह युवा पीढ़ी को राष्ट्र की परंपराओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाता है।

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने छह दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन किया। यह मंत्रालय का भारतीय नृत्य पर पहला अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव है, जिसका उद्देश्य भारतीय नृत्य शैलियों की विविधता और समृद्धि का जश्न मनाया तथा उनका अन्वेषण करना है। उन्होंने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य कला में स्थायी करियर पर चर्चा को बढ़ावा देना और भारतीय नृत्य के लिए संस्थागत समर्थन को प्रोत्साहित करना है, जिससे सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मंच बने। संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव उमा नंदुरी, डॉ पद्मा सुब्रह्मण्यम पद्म विभूषण, डॉ सोनल मानसिंह पद्म विभूषण पद्म भूषण, संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष डॉ संध्या पुरेचा सहित विश्व भर के कलाकार और गणमान्य उपस्थित रहे। गौरतलब है कि संगीत नाटक अकादमी देश की राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाटक की अकादमी पहली राष्ट्रीय अकादमी है। इसे 31 मई 1952 को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के एक प्रस्ताव द्वारा स्थापति किया गया था।

### मोदी बने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य बने और साथ ही उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत भी की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर खुद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के हमारे प्रयास को गति प्रदान करना! भाजपा के एक कार्यकर्ता के रूप में पहला सक्रिय सदस्य बनने और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत करने पर गर्व है। मोदी ने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान एक ऐसा आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर भाजपा को और मजबूत करेगा तथा राष्ट्रीय प्रगति के लिए कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का सक्रिय सदस्य होने के लिए एक कार्यकर्ता को एक बूथ या विधानसभा सीट पर 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होता है। ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे।

## बंगाल में युवती का शव मिला, दुष्कर्म के बाद की गई थी हत्या

**कृष्णानगर (प. बंगाल)।** पश्चिम बंगाल में नदिया जिले के कृष्णानगर में बुधवार को एक युवती का शव मिला। पुलिस ने बताया कि युवती से कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया था। पुलिस ने बताया कि अज्ञात युवती का शव आश्रमपुरा इलाके में एसपी कार्यालय के पास मिला। युवती का चेहरा आंशिक रूप से झुलसा हुआ है। इस घटना से इलाके में तनाव है और कांग्रेस और माकपा ने कोतवाली पुलिस थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय एम कुमार मकवाना ने बताया कि पुलिस ने कृष्णानगर में युवती का शव मिला है, जिसकी उम्र 20-22 साल है। अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## मदरसे बंद करने के लिए कभी नहीं कहा : एनसीपीसीआर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **आयोग ने की थी संस्थानों को सरकार से मिलने वाली धनराशि पर रोक लगाने की सिफारिश**
- **प्रियांक कानूनगो ने कहा- मुस्लिम बच्चों को औपचारिक शिक्षा मिलनी चाहिए**

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने कहा कि उन्होंने मदरसों को बंद करने के लिए कभी नहीं कहा बल्कि उन्होंने इन को सरकार से मिलने वाली धनराशि पर रोक की सिफारिश की क्योंकि ये गरीब मुस्लिम बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रहे हैं। कानूनगो ने कहा कि गरीब बच्चों पर अक्सर धर्मनिरपेक्ष शिक्षा के बजाय धार्मिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए दबाव डाला जाता है।

उन्होंने कहा कि वह सभी बच्चों के लिए शिक्षा के समान अवसरों की वकालत करते हैं। एनसीपीसीआर ने हालिया रिपोर्ट में मदरसों की कार्यप्रणाली पर चिंता जताई थी तथा सरकार से मिलने वाली राशि तब तक रोकने का आह्वान किया था जब तक वे शिक्षा के अधिकार का अनुपालन नहीं करते। इस पर कई नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया दी थी। कानूनगो ने मदरसों की कार्यप्रणाली व्यक्त करते हुए कुछ समूहों की आलोचना की जो गरीब मुस्लिमों के सशक्तीकरण से डरते हैं।

# बंगाल सरकार कर्तव्य निभाने में विफल : बोस

## आरजी कर मामला

- **राज्यपाल बोले- आरजी कर गतिरोध में राजभवन का हस्तक्षेप संवैधानिक**

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बुधवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार नागरिकों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करने के मूल कर्तव्यों को निभाने में विफल रही है। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन आरजी कर अस्पताल में हुई घटना को लेकर पैदा हुए गतिरोध में संविधान के प्रावधानों के तहत पहले से ही हस्तक्षेप कर रहा है।

बोस ने कहा कि मामले में पुलिस अधिकारी और वरिष्ठ डॉक्टर की गिरफ्तारी एक बार फिर विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त संस्थागत अपराध की ओर इशारा करती है। बोस ने कहा कि नागरिकों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करना राज्य सरकार, खासकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कर्तव्य है। इसकी जिम्मेदारी किसे लेनी चाहिए? यदि मुख्यमंत्री ही प्रमुख हैं, तो इसका उत्तर स्वयं उनके पास है। चिकित्सकों के समूह ने राजभवन में बोस से मुलाकात की थी और ज्ञापन सौंपा था। बोस ने रेड रोड पर दुर्गा पूजा कार्निवल में मुख्यमंत्री के डांडिया नृत्य का संभवतः संदर्भ देते हुए रोमन सम्राट नीरो से उसकी तुलना की।

### चिकित्सक हमेशा से आसान निशाना रहे हैं : आईएमए प्रमुख

**नई दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रमुख डॉ. आरवी अशोकन ने कोलकाता में चिकित्सक से हुई दरिंदगी के मामले को लेकर युवा चिकित्सकों की भूख हड़ताल के बीच कहा कि चिकित्सकों को हमेशा से आसानी से निशाना बनाया जाता रहा है और चिकित्सक समुदाय के साथ घोर अन्याय हुआ है जिसकी किसी से तुलना नहीं की जा सकती है। आईएमए द्वारा एक्स पर पोस्ट किए बयान में डॉ. अशोकन ने कहा कि भारत में शुरुआत से ही एक चिकित्सक बॉण्ड प्रणाली से बंधा हुआ एक गुलाम होता है।

## दहेज की मांग से परेशान महिला चिकित्सक ने की खुदकुशी

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के परभणी जिले में ससुराल वालों की एक करोड़ रुपये की मांग से व्यथित चिकित्सक ने खुदकुशी कर ली। प्राथमिकी के अनुसार, डॉ. प्रियंका भुमरे ने 2022 में बीड निवासी नीलेश व्हारकाटे से शादी की थी। दो महीने बाद उसके ससुराल वाले अस्पताल खोलने के लिए एक करोड़ की मांग करने लगे और उसे मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देने लगे। महिला की शिकायत पर, पुलिस ने नीलेश, उसके माता-पिता, भाई और बहन पर मामला दर्ज किया था।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : यूट्यूब से हमलावरों ने सीखा था बंदूक चलाना

**मुंबई, एजेंसी**




- **संदिग्ध हमलावर शिवकुमार गौतम ने उत्तर प्रदेश में विवाह समारोहों में हर्ष फायरिंग के दौरान सीखा था बंदूक चलाना**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल हमलावरों ने कुर्ला इलाके में किराए के मकान में यूट्यूब से बंदूक और पिस्तौल चलाना सीखा था। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पूर्व कांग्रेस नेता बाबा सिद्दीकी इस साल राकांपा में शामिल हुए थे। शनिवार रात को मुंबई के निर्मल नगर इलाके में उनके विधायक पुत्र जीशान के कार्यालय के बाहर तीन लोगों ने गोली मार दी थी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने आरोपियों से पूछताछ के दौरान पाया कि संदिग्ध हमलावर शिवकुमार गौतम ने उत्तर प्रदेश में विवाह समारोहों में हर्ष फायरिंग के दौरान बंदूक चलाना सीखा था। गौतम फरार है। उन्होंने कहा कि गौतम ने कश्यप और सिंह को बंदूक चलाने का प्रशिक्षण दिया। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने चार सप्ताह तक यूट्यूब से वीडियो देखकर बंदूक में गोली भरना और गोली निकालना सीखा।

## कोर्ट ने पंजाब, हरियाणा सरकारों को फटकार लगाई, शीर्ष अधिकारियों को किया तलब

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाने पर मुख्य सचिवों को 23 अक्टूबर को पेश होकर स्पष्टीकरण देने को कहा**

उच्चतम न्यायालय ने पराली जलाने के मामले में उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाने को लेकर हरियाणा और पंजाब सरकारों को बुधवार को फटकार लगाई तथा दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों को 23 अक्टूबर को उसके समक्ष पेश होकर स्पष्टीकरण देने को कहा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उल्लंघनकर्ताओं पर कार्रवाई में विफल रहने पर हरियाणा और पंजाब सरकार के अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को निर्देश दिया। दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ते स्तर में पराली जलाया जाना एक प्रमुख कारण है। पंजाब और हरियाणा सरकारों द्वारा एनसीआर में पराली जलाने से रोकने के लिए सीएक्यूएम के निर्देशों पर कदम नहीं उठाए जाने से न्यायालय नाखुश था।

## सफाई के समय टैंक में दम घुटने से पांच की मौत

**भुज (गुजरात)।** गुजरात के कच्छ जिले में कृषि प्रौद्योगिकी कंपनी में अपशिष्ट उपचार टैंक की सफाई करते समय दम घुटने से पांच कामगारों की मौत हो गई। सभी की उम्र करीब 30 वर्ष थी। कच्छ (पूर्व)के पुलिस अधीक्षक सागर बगमार ने कहा कि बगमार ने कहा कि जब एक कामगार टैंक में सफाई के लिए उतरा तो वह बेहोश हो गया। दो अन्य कामगार उसे बचाने के लिए अंदर उतरे लेकिन वे भी बेहोश हो गए। दो और कामगार टैंक के अंदर गए लेकिन सभी पांच कामगारों की मौत हो गई।

## पेंशनभोगियों की शिकायतों का 21 दिन में करें समाधान : केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **सरकार ने कहा- शिकायतों के निदान में अधिक समय लगने पर अंतरिम जवाब दिया जा सकता है**

केंद्र ने सभी विभागों से पेंशनभोगियों की शिकायतों का 21 दिनों में निवारण करने को कहा है। बुधवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गयी। इसमें कहा गया है कि जिन मामलों में शिकायतों के निवारण में अधिक समय लगता है, वहां अंतरिम जवाब दिया जा सकता है।

केंद्र सरकार ने पेंशनभोगियों की शिकायत निवारण प्रणाली, यानी केंद्रीकृत पेंशन शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीईएनजी आरएएमएस), पोर्टल की समीक्षा के बाद दिशानिर्देश जारी किए हैं। कार्मिक मंत्रालय के निर्देशों में शिकायतों के कुशल निवारण की परिकल्पना है। केंद्र के दिशा-निर्देशों में से एक अंश के मुताबिक, मंत्रालयों/विभागों को पेंशनभोगियों की शिकायतों का 21 दिनों में निवारण करने का प्रयास करना चाहिए।

## बृज बिहारी हत्याकांड : आत्मसमर्पण के लिए समय देने की याचिका खारिज

- **सुप्रीम कोर्ट से पूर्व मंत्री की हत्या के दोषी पूर्व विधायक ने मांगा था समय**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1998 में हुई बिहार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता बृज बिहारी प्रसाद की हत्या के मामले में दोषी पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला की वह याचिका बुधवार को खारिज कर दी जिसमें उन्होंने आत्मसमर्पण के लिए समय दिए जाने का अनुरोध किया था। अपराधी से नेता बने शुक्ला की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ को बताया कि पत्नी की स्वास्थ्य समस्याओं और कामकाज के प्रबंधन के लिए उन्हें 30 दिनों का समय चाहिए। पीठ ने कहा कि उन्हें 15 दिन का पर्याप्त समय दिया गया था।

## एक नजर



**फैशन का है जलवा...:** न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में विक्टोरियाज सीक्रेट फैशन शो के दौरान रैंप पर एड्रियाना लीमा ने बिखेरा अपनी अदाओं का जलवा।

### तुर्किये में महसूस हुए भूकंप के झटके

**अंकारा।** पूर्वी तुर्किये में बुधवार को मध्यम तीव्रता के भूकंप महसूस किए गए। एएफएडी नाम की सरकारी आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी के अनुसार, 5.9 तीव्रता का भूकंप मालाट्या प्रांत के काले शहर में पूर्वाह्न 10 बजकर 46 मिनट पर आया। हेबरतर्क टेलीविजन के अनुसार, भूकंप का असर निकटवर्ती शहरों दियारबाकिर, एलाजिग, सनलीउर्फा और टुन्सेली में भी महसूस हुआ। मालाट्या और एलाजिग में स्कूलों को बंद करने का आदेश है। मेयर साहिन सेरीफोगुल्लारी ने बताया कि एलाजिग में 12 लोग खिड़कियों से कूदने से चोटिल हुए। मालाट्या में 20 ऐसी घटनाएं सामने आईं। मालाट्या उन 11 प्रांतों में से एक था जो पिछले साल तुर्किये और उत्तरी सीरिया में आए भूकंप से तबाह हो गया था।

### पाकिस्तान में बम विस्फोट पांच पुलिसकर्मी घायल

**पेशावर।** अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को पुलिस के वाहन को निशाना बनाकर रिमोट के जरिये किए गए विस्फोट में कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। आतंकियों ने पहाड़ी जिले बुनेर के कानकोई मंदनार इलाके में मोबाइल पुलिस वैन को निशाना बनाया। इस हमले में एक उप निरीक्षक समेत पांच पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। बड़ी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा और इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया।

### बेटी के हत्यारे की मौत की सजा कोर्ट ने की कम

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को उस व्यक्ति की मौत की सजा को कम करके 20 साल जेल में तब्दील कर दिया, जिसने परिवार की इच्छा के विरुद्ध अंतरजातीय विवाह करने वाली गर्भवती बेटी की हत्या कर दी थी। न्यायमूर्ति बीआर गवई, अरविंद कुमार और केवी विश्वनाथन की पीठ ने बेटी के गुनहगार महाराष्ट्र के नासिक जिले के निवासी एकनाथ किसान कुंभारकर की दोषसिद्धि को बरकरार रखा, लेकिन उसकी मौत की सजा को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि मौत की सजा को बिना किसी छूट के 20 साल के कठोर कारावास में तब्दील किया जाता है।

### कनाडाई सेना ने भारतीयों को पहुंचाया शिकागो

**नई दिल्ली।** कनाडाई वायु सेना का एक विमान एअर इंडिया की एक उड़ान के 191 यात्रियों को इकालुइट हवाई अड्डे से शिकागो लेकर जा रहा है। एअर इंडिया की इस उड़ान को, विमान में बम होने की धमकी मिलने के बाद उसका मार्ग परिवर्तित कर इकालुइट ले जाया गया था। विमान में चालक दल के 20 सदस्यों समेत 211 यात्री सवार थे। विमान को इकालुइट ले जाने के 18 घंटे से अधिक समय बाद यात्रियों को शिकागो ले जाया जा रहा है।

# ऑक्सफोर्ड के चांसलर की दौड़ में भारतीय मूल के उम्मीदवार

लंदन, एजेंसी

- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का नहीं है नाम
- अवैतनिक पद के लिए उम्मीदवारों को दिखानी होती है अपनी उत्कृष्ट उपलब्धियां

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने बुधवार को अपने नए चांसलर के चुनाव के लिए दौड़ में शामिल 38 प्रतिभागियों के नाम की घोषणा की जिनमें भारतीय मूल के उम्मीदवार भी हैं लेकिन पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का नाम नहीं है।

बर्कशायर में ब्रेकनेल फॉरेस्ट के भारतीय मूल के पहले मेयर अंकुर शिव भंडारी, अंतर्राष्ट्रीय उद्यमशीलता के प्रोफेसर निरपाल सिंह पॉल भंगल और चिकित्सा पेशे से जुड़े प्रतीक तरवाडी इस दौड़ में अन्य शिक्षाविदों, राजनेताओं और उद्यमियों से मुकाबला करेंगे। कंजरवेटिव पार्टी के पूर्व नेता लॉर्ड विलियम हेग और लेबर पार्टी के पूर्व नेता लॉर्ड पीटर मैंडेलसन अंतिम चयनित वरिष्ठ राजनेताओं में शामिल हैं। हालांकि चयन प्रक्रिया के बाद खान को अयोग्य घोषित कर दिया गया। विश्वविद्यालय के एक वक्तव्य में कहा गया चांसलर की चुनाव समिति द्वारा विश्वविद्यालय के नियमों में निर्धारित लोगों को चयनित नहीं करने के चार मानदंडों के आधार पर ही आवेदनों पर विचार किया गया। विश्वविद्यालय के कुछ घोषित मानदंडों के तहत इस अवैतनिक पद के लिए उम्मीदवारों को अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां दिखानी होती हैं।

## वैवाहिक दुष्कर्म मामले पर आज होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय गुरुवार को इस प्रश्न से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करेगा कि क्या किसी व्यक्ति को पत्नी, जो नाबालिग नहीं है, को उसके साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करने पर कानूनी संरक्षण मिलना रहना चाहिए।

- अपराध की श्रेणी में डालने का अनुरोध करने वाली याचिका पर केंद्र के विरोध के मद्देनजर यह सुनवाई महत्वपूर्ण

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला व मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को कहा कि वह गुरुवार को याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करेगी। वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध की श्रेणी में डालने का अनुरोध करने वाली याचिका पर केंद्र के विरोध के मद्देनजर यह सुनवाई महत्वपूर्ण है। केंद्र ने शीर्ष अदालत में दलील दी कि अगर किसी व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के साथ यौन संबंध को दुष्कर्म के रूप में दंडनीय बना दिया जाता है, तो इससे वैवाहिक संबंधों पर गंभीर असर पड़ सकता है।

# एससीओ सम्मेलन में चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का भारत ने फिर किया विरोध

इस्लामाबाद, एजेंसी



- रूस, बेलारूस, ईरान, पाकिस्तान कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान ने चीनी पहल का किया समर्थन

भारत ने बुधवार को एक बार फिर चीन की वन बेल्ट वन रोड (ओबीओआर) पहल का समर्थन करने से इनकार कर दिया। वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का एकमात्र देश बन गया है, जिसने इस विवादास्पद संपर्क परियोजना का समर्थन नहीं किया है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बैठक में अपने संबोधन के दौरान चीनी परियोजना का विरोध जताया है।

ओबीओआर परियोजना में तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) शामिल है जो कश्मीर के, पाकिस्तान के कब्जे वाले हिस्से से गुजरता है। इस्लामाबाद द्वारा आयोजित एससीओ के शासनाध्यक्ष परिषद के सम्मेलन के अंत में जारी संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया कि रूस, बेलारूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान ने चीनी संपर्क पहल के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की। इसमें कहा गया कि देशों ने परियोजना के कार्यान्वयन पर चल रहे कार्य पर ध्यान दिया, जिसमें यूरेशियाई आर्थिक संघ को ओबीओआर से जोड़ने के प्रयास भी शामिल हैं। भारत ओबीओआर, जिसे पहले बीआरआई के नाम से जाना जाता था, की कड़ी आलोचना करता रहा है, क्योंकि इस परियोजना में तथाकथित सीपीईसी शामिल है।

# लेबनान में फिर हवाई हमला, 21 की मौत

## प्रधानमंत्री मिकाती ने लगाया आरोप, इजराइल ने राहत सहायता समन्वय बैठक को बनाया निशाना

कना (लेबनान), एजेंसी

- लेबनान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री बोले- अंतर्राष्ट्रीय समुदाय हमलों के बारे में जानबूझकर रहा चुप
- लेबनान के दक्षिणी हिस्से में एक शहर के मेयर की भी हमले में मौत, इजराइली सेना ने बिना सबूत किए हमले



दक्षिण लेबनान के काना गांव में इजरायली हवाई हमले से नष्ट हुई इमारतों से उठता धुंआ। ● एजेंसी

लेबनान में किये गए इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 21 लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इन हमलों में, एक दक्षिणी शहर पर की गई बमबारी भी शामिल है जिसमें एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई। लेबनान के दक्षिणी हिस्से में एक अन्य स्थान पर, एक शहर के मेयर की भी हमले में मौत हो गई।

लेबनानी अधिकारियों ने बताया कि यह हमला राहत प्रयासों में समन्वय के लिए आयोजित बैठक स्थल को निशाना बनाकर किया गया। दक्षिणी शहर कना में मंगलवार देर रात किए गए हमलों पर इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई, जहां 15 लोग मारे गए हैं। लेबनान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने इजराइल पर, राहत प्रयासों पर चर्चा करने के लिए आयोजित नगर परिषद की बैठक को जानबूझकर निशाना बनाने का आरोप लगाया और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय उन इजराइली हमलों के बारे में जानबूझकर चुप रहा है, जिसमें नागरिक मारे गए हैं। उन्होंने एक बयान में कहा इस वास्तविकता के आलोक में किस समाधान की उम्मीद की जा सकती है? इजराइली सेना ने बिना कोई सबूत दिए कहा कि उसने बुधवार के हमलों में नबातियेह के नागरिक क्षेत्रों में स्थित हिज्बुल्ला के कमांड केंद्रों और हथियार भंडारों को निशाना बनाया।

इजराइल ने छह दिन के विराम के बाद बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर भी बमबारी शुरू कर दी और एक अपार्टमेंट भवन के नीचे स्थित हथियारों के गोदाम को निशाना बनाया। सेना ने हमले से पहले निवासियों को घर खाली करने की चेतावनी दी थी और किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। मंगलवार देर रात दक्षिणी शहर कना पर किए गए हमलों पर इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। घटनास्थल से एसोसिएटेड प्रेस की तस्वीरों और वीडियो में कई इमारतें जमींदोज नजर आ रही हैं तथा कुछ की ऊपरी मंजिलें ढही हुई दिख रही हैं।

### 1996 और 2006 के युद्ध के दौरान भी निशाने पर आईं रिहायशी इमारतें

वर्ष 1996 में, कना में सैकड़ों विस्थापित लोगों के आवास वाले संयुक्त राष्ट्र परिसर पर इजराइली गोलाबारी में कम से कम 100 नागरिक मारे गए थे और चार संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों सहित कई लोग घायल हुए थे। वर्ष 2006 के युद्ध के दौरान एक रिहायशी इमारत पर इजराइल के हमले में करीब 36 लोग मारे गए थे जिनमें से एक तिहाई बच्चे थे। इजराइल ने उस समय कहा था कि उसने हिजबुल्ला के एक रॉकेट लॉन्चर को निशाना बनाकर यह हमला किया था।

### ईरान के तेल क्षेत्रों पर हमला करे इजरायली सरकार : लैपिड

**यरुशलम।** इजरायल की संसद में विपक्षी नेता यायर लैपिड ने सरकार से जवाबी हमले में ईरान की अर्थव्यवस्था को तबाह करने के लिए उसके तेल क्षेत्रों को निशाना बनाने की अपील की है। द वाशिंगटन पोस्ट अखबार ने सोमवार को सूत्रों का हवाला से अपनी रिपोर्ट में बताया कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन से कहा कि वह तेल या परमाणु प्रतिष्ठानों के बजाय ईरान की सैन्य केंद्रों पर हमला करने के लिए तैयार हैं। लैपिड ने मंगलवार को द यरुशलम पोस्ट अखबार से कहा हमें तेल क्षेत्रों से शुरुआत करनी चाहिए। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका इसलिए चिंतित है कि इस तरह के हमले से वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें प्रभावित होने से डर रहा है, क्योंकि अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है और वह इससे पहले केअंतिम हफ्तों में अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान होने से डर रहा है। मैं अमेरिकी प्रशासन से असहमत हूं। मुझे नहीं लगता है कि चुनाव से कुछ समय पहले इसके कारण दुनिया में तेल की कीमतों में काफी वृद्धि होगी। सऊदी अरब जैसे अन्य तेल उत्पादक देशों के साथ तेल उत्पादन को बढ़ाने को लेकर बातचीत की जा सकती है।

# नाइजीरिया : पेट्रोल टैंकर में विस्फोट से 140 की मौत

अबुजा (नाइजीरिया), एजेंसी

- वाहन से गिर रहे ईंधन को निकालने की कोशिश कर रहे थे लोग तब हुआ हादसा
- टैंकर चालक के नियंत्रण खोने पर पलटा वाहन, जिगावा राज्य के माजिया नगर में हुआ विस्फोट

नाइजीरिया में पेट्रोल टैंकर के पलट जाने और उसमें विस्फोट होने से बच्चों सहित 140 से अधिक लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। आपातकालीन सेवाओं की तरफ से बुधवार को बताया गया कि यह घटना उस समय हुई जब लोग वाहन से गिर रहे ईंधन को निकालने की कोशिश कर रहे थे।

स्थानीय पुलिस प्रवक्ता लॉन एडम ने बताया कि यह विस्फोट मध्य रात्रि के बाद जिगावा राज्य के माजिया नगर में हुआ, जब राजमार्ग पर टैंकर चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और ईंधन इकट्ठा करने लगे, उसी समय भयंकर आग भड़क उठी। क्षेत्र में राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी की प्रमुख नूरा अब्दुल्लाही ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया अन्य स्थानों पर दफनाए गए लोगों के अलावा करीब 140 लोगों को सामूहिक कब्र में दफनाया गया। बुधवार की सुबह माजिया कस्बे के निवासी शोक में थे और स्थानीय लोगों ने पीड़ितों के लिए सामूहिक अंतिम संस्कार किया था। आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि ज्यादातर शव पहचानने लायक नहीं थे। अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश नाइजीरिया में घातक टैंकर दुर्घटनाएं आम बात हैं, जहां कई स्थानों पर यातायात नियमों का कड़ाई से पालन नहीं किया जाता और माल परिवहन के लिए कुशल रेलवे प्रणाली जैसे विकल्पों का अभाव है।

### ईंधन की बढ़ी कीमतें भी हैं हादसे की जिम्मेदार

ऐसी दुर्घटनाओं के बाद लोगों द्वारा ईंधन इकट्ठा करना भी आम बात है, विशेषकर नाइजीरिया में ईंधन की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर। सरकार ने ईंधन पर सब्सिडी खत्म कर दी है जिसके बाद पिछले साल की शुरुआत से ईंधन के दाम तीन गुना हो चुके हैं। पुलिस ने बताया कि नवीनतम दुर्घटना में शामिल चालक पड़ोसी राज्य कानो से लगभग 110 किलोमीटर की यात्रा करके आया था। जिगावा राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने शुरू में मृतकों की संख्या 105 बताई थी, जिनमें अस्पताल में इलाज के दौरान मरने वाले लोग भी शामिल थे। जिगावा आपातकालीन सेवाओं के प्रमुख डॉ. हारुना मैरिगा ने बताया कि अधिकांश पीड़ित दुर्घटना स्थल पर ही जलकर राख हो गए।

# पेड़ों की कटाई: दिल्ली के उपराज्यपाल को व्यक्तिगत हलफनामा देने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीडीए और अन्य के खिलाफ अवमानना मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के रिज इलाके में पेड़ों की कथित कटाई के मुद्दे पर बुधवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अध्यक्ष एवं उपराज्यपाल वीके सक्सेना को 22 अक्टूबर तक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने को कहा।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व मनोज मिश्रा की पीठ रिज क्षेत्र में पेड़ों की कथित कटाई के मुद्दे पर डीडीए और अन्य के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई कर रही है। न्यायालय ने उपराज्यपाल को दोषी अधिकारियों पर की कार्रवाई सहित अन्य का विवरण देने को कहा है। सीजेआई ने कहा कि पीठ ने डीडीए अध्यक्ष को निर्देश दिया कि क्या पेड़ों की कटाई की अनुमति पर चर्चा के बारे में कोई जानकारी थी। दूसरा, उपराज्यपाल को कब सूचित किया गया कि अनुमति की जरूरत है।

तीसरा, सुधारात्मक उपायों के रूप में क्या किया गया और चौथा, रिज की मूल प्रकृति को संरक्षित करने को कोर्ट के आदेश के बाद से दोषी अधिकारियों पर क्या कार्रवाई की गई। कोर्ट ने उपराज्यपाल को सुनवाई की अगली तारीख 22 अक्टूबर तक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। रिज क्षेत्र में पेड़ों की कथित कटाई को लेकर डीडीए के उपाध्यक्ष सुभाशीष पांडा और अन्य के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई अब सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ कर रही है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने पूर्व में इस विषय की सुनवाई की थी।

## कनाडाई सिख नेता ने की आरएसएस पर प्रतिबंध की मांग

**वाशिंगटन।** कनाडा के राष्ट्रीय पुलिस बल 'रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस' (आरसीएमपी) द्वारा भारतीय राजनयिकों पर एक सिख अलगाववादी की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को कनाडा के सिख नेता जगमीत सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय राजनयिकों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।

सिंह 'न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी' (एनडीपी) के नेता हैं, जिसने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सत्तारूढ़ सरकार का पूर्व में समर्थन किया था। भारत ने सिख अलगाववादी नेता की हत्या के मामले में कनाडा के आरोपों से इनकार किया है।

### भारत का सहयोग सही कदम : ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन ने भारत और कनाडा के बीच जारी राजनयिक विवाद के संदर्भ में बुधवार को कहा कि कनाडा की कानूनी प्रक्रिया के साथ भारत सरकार का सहयोग गंभीर घटनाक्रम पर अगला सही कदम है। एफसीडीओ ने कहा कि वह भारत सरकार से जुड़ी कनाडाई जांच को लेकर कनाडा के साझेदारों के संपर्क में है और उसने ओटावा की न्यायिक प्रणाली पर विश्वास जताया।

# मस्जिद में जय श्रीराम का नारा लगाना अपराध नहीं, धार्मिक भावना कैसे हुई आहत : हाईकोर्ट

बेंगलुरु, एजेंसी

- कोर्ट ने दो लोगों के खिलाफ दर्ज किए गए आपराधिक मामले को किया खारिज



कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बुधवार को मस्जिद के अंदर जय श्रीराम के नारे लगाने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि यह समझ से परे है कि जय श्री राम के नारे लगाने से किसी की धार्मिक भावनाएं कैसे आहत होंगी।

न्यायालय ने फैसले में कहा कि मस्जिद में जय श्रीराम का नारा लगाना धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने या सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना नहीं है। कोर्ट ने यह फैसला सुनाते हुए धार्मिक मान्यताओं का अपमान करने के दो आरोपियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने दक्षिण कन्नड़ के कीर्तन और सचिन के खिलाफ आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह समझ से परे है कि जय श्रीराम का नारा लगाना किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को कैसे ठेस पहुँचाएगा, जबकि शिकायतकर्ता खुद कहता है कि इलाके में हिन्दू और मुसलमान सद्भाव से रह रहे हैं। न्यायालय ने कहा कि धारा 295ए धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्यों से संबंधित है। इस धारा के तहत कोई भी कार्य तब तक अपराध नहीं माना जाएगा जब तक कि वह शांति या सार्वजनिक व्यवस्था को भंग न करता हो। सार्वजनिक व्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़ने और घटना में किसी भी तरह की वास्तविक संलिप्तता न होने के कारण, न्यायालय ने निष्कर्ष निकाला कि इन याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आगे की कार्रवाई की अनुमति देना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

# जन औषधि नाम के गलत प्रयोग पर 10 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

- रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने कहा- नई दिल्ली की अदालत ने मप्र में नाम का उपयोग करने से संगठन को रोक दिया

दिल्ली की अदालत ने मध्य प्रदेश की कंपनी को जन औषधि से मिलते-जुलते नाम के प्रयोग पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) को 10 लाख का हर्जाना देने का आदेश दिया है।

रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने बयान में कहा कि नई दिल्ली जिला अदालत ने मध्य प्रदेश के भोपाल में जन औषधि संघ के नाम से संचालित संगठन के नाम में साम्यता को लेकर उसे इस नाम का इस्तेमाल करने पर स्थायी रूप से रोक दिया है। यह कंपनी इरादतन पीएमबीजेपी के पंजीकृत ट्रेडमार्क जन औषधि से मिलते-जुलते नाम का भ्रामक रूप से इस्तेमाल कर रही थी। इसका मकसद आम जनता के मन में भ्रम पैदा करना और जन औषधि की साख को नुकसान पहुंचाना था। दिल्ली की अदालत ने उल्लंघनकर्ता और उसके मालिकों, साझेदारों को किसी भी तरह से उक्त चिह्न जन औषधि का उपयोग करने से रोकने का आदेश दिया है।


बयान में कहा गया कि अदालत का यह फैसला जन औषधि ब्रांड की अखंडता को संरक्षण देता है और यह सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ताओं को जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती दरों पर प्रामाणिक उत्पाद मिलें। पीएमबीजेपी योजना सभी लोगों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।

अदालत ने आरोपी कंपनी को पीएमबीआई के पक्ष में 10 लाख रुपये का हर्जाना देने का भी आदेश दिया है। वर्तमान में देश के लगभग सभी जिलों में 13,800 जन औषधि केंद्र संचालित हो रहे हैं।

**खगोल विज्ञान** पीने का पानी, हवा व रॉकेट ईंधन बनाने के लिए होगा बर्फ का उपयोग

# चांद की सतह में दबे हैं बर्फ के विशाल भंडार

अमृत विचार, नैनीताल



चंद्रमा के काले हिस्सों में बर्फ का मानचित्र।

चांद की सतह नीरस नही, बल्कि बर्फ के अकूत भंडारों के साथ गिली है। नासा के लूनर रिकोनिसेंस ऑर्बिटर से इसका पता चला है। चंद्रमा पर बर्फ होना होना तरल जल की समस्या का हल है। इसका उपयोग पीने का पानी, हवा और यहां तक कि रॉकेट ईंधन बनाने के लिए भी किया जा सकता है।

चंद्रमा अंतरिक्ष के सफर का केंद्र बिंदु है। इस उपग्रह पर बुनियादी सुविधाओं का होना नितांत जरूरी है। इस कड़ी में पानी का बर्फ के रूप में मौजूद होना , खगोलविदों के किये अत्यंत खुशी की खबर है। पानी जीवन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण जरूरत है। इस खोज के बाद चुनौती भोजन के साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं को जुटाना है। बहरहाल चांद पर बर्फ का मिलना वैज्ञानिकों के हौसलों को बुलंद करना है। खोजकर्ता नासा के वैज्ञानिक कहते हैं कि विभिन्न देशों के चंद्रमा की परिक्रमा करने वाले अंतरिक्ष यानों ने 2000 के दशक की शुरुआत में चंद्रमा के ध्रुवों पर पानी की बर्फ की उपस्थिति की पुष्टि कर दी थी।

पानी की बर्फ का भंडार गहरे छाया वाले चंद्रमा क्रेटर में मौजूद हैं। नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एलआरओ) के नए डेटा से बर्फ के पुख्ता सबूत हाथ लगे हैं। सूर्य की रोशनी की कमी व अत्यधिक ठंड के कारण बर्फ जमी रहती है। चंद्रमा पर बर्फ भविष्य के चंद्रमा खोजकर्ताओं के लिए अत्यधिक रुचि का विषय है। इसका उपयोग पीने का पानी के अलावा हवा और रॉकेट ईंधन बनाने के लिए भी किया जा सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी की तुलना में चंद्रमा अत्यंत शुष्क स्थान है। वहाँ नदियाँ या झीलें नहीं हैं, यहाँ तक कि पोखर भी नहीं। मगर मिट्टी में पानी के अणु मौजूद हैं। बर्फ के भंडार मुख्य रूप से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि अभी तक ठीक से पता नहीं है कि वहां कितनी अधिक बर्फ है या कितनी गहराई तक दबी हुई है। इसका पता भी जल्द लगाने की कोशिश की जाएगी।

### चांद पर बर्फ कैसे पहुंची

**नैनीताल :** चंद्रमा पर न तो तरल पानी है और न ही बर्फ के लायक कोई वातावरण है, फिर वहां बर्फ कैसे पहुंची। यह बेहद रोचक विषय है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि इसकी तीन मुख्य संभावनाएँ हैं। संभवत: धूमकेतु के जरिए आयी होगी है। दूसरी संभावना चंद्रमा के आंतरिक भाग से ही गैस के रूप में निकलती है जो सतह पर जम जाती है। तीसरी संभावना सौर वायु में हाइड्रोजन और चंद्र रेजोलिथ में ऑक्सीजन के बीच रासायनिक प्रतिक्रिया से भी बर्फ उत्पन्न हो सकती है।

# तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में मॉरिटानिया पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू



मॉरिटानिया में प्रतिनिधियों द्वारा किया गया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत।

नुआकशोत (मॉरिटानिया), एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अफ्रीका के तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत यहां पहुंचीं। इस दौरान वह मॉरिटानिया के अपने समकक्ष मोहम्मद औलद गजौनी के साथ वार्ता करेंगी। मुर्मू के कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा राष्ट्रपति मुर्मू मॉरिटानिया पहुंचीं। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की मॉरिटानिया की पहली यात्रा है।

राष्ट्रपति के नुआकशोत-ओमटौन्सी हवाई अड्डे पर पहुंचने पर राष्ट्रपति गजौनी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मुर्मू दोनों पक्ष संस्कृति, विदेश कार्यालय संस्थानों, विदेश कार्यालय परामर्श और राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा छूट समझौतों के क्षेत्रों में चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करेंगे।